

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 4 अंकः 198 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 28 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए 'ऐतिहासिक', व्यापार और रोजगार को मिलेगी नई रफ्तार: एस. जयशंकर

समाज जागरण

नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2026: भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने "ऐतिहासिक" बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरूआत करेगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस समझौते के दूरगामी प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि यह केवल व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने वाला कदम है।



जयशंकर ने कहा कि इस एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाएं कम होंगी और बाजार तक पहुंच आसान बनेगी। इससे भारतीय निर्यातकों, उद्योगों और सेवा क्षेत्र को अभूतपूर्व अवसर मिलेंगे। विशेष रूप से कृषि, टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स और आईटी सेवाओं को न्यूजीलैंड के बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलने की उम्मीद है। वहीं न्यूजीलैंड के डेयरी, कृषि और शिक्षा क्षेत्र को भी भारत में नए अवसर प्राप्त होंगे।

इस समझौते की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके लागू होते ही भारत के 100 प्रतिशत वस्तु निर्यात पर शून्य शुल्क (जीरो ड्यूटी) लागू होगा। इसका अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अब बिना किसी टैरिफ बाधा के न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश कर सकेंगे। सभी टैरिफ लाइनों पर शुल्क समाप्त होने से व्यापारिक प्रक्रियाएं अधिक सरल और पारदर्शी होंगी। साथ ही, विदेशी व्यापार नीति के तहत फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म लागू होने से सप्लाई चेन को मजबूती मिलेगी और निर्यात में तेजी आएगी।

यह एफटीए किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), कारीगरों, महिलाओं और युवाओं के लिए भी गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, तेज आंधी से मिली गर्मी से राहत; एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी

समाज जागरण

नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2026: दिल्ली-एनसीआर में सोमवार शाम मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। दिनभर की झुलसाने वाली गर्मी और उमस के बाद तेज धूल भरी आंधी और हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

मौसम विभाग के अनुसार, इससे पहले दिन में दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ के कई इलाकों में तापमान सामान्य से करीब 5 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया। उत्तर भारत में गर्मी का प्रकोप इतना तेज रहा कि उत्तर प्रदेश के बांदा में देश का सर्वाधिक तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई हिस्से भी भीषण गर्मी की चपेट में रहे।



मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश में अगले कुछ घंटों के लिए आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। कई राज्यों में मौसम के मिजाज में बदलाव की संभावना जताई गई है।

इस बीच, दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि खराब मौसम के चलते कुछ उड़ानों के समय पर असर पड़ सकता है, हालांकि संचालन फिलहाल सामान्य रूप से जारी है।

एयरपोर्ट की ऑन-ग्राउंड टीमें यात्रियों को सुविधा देने के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय कर काम कर रही हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि संभावित देरी और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए वे मेट्रो सेवाओं का उपयोग करें। टर्मिनल-1 के लिए मैजेंटा लाइन तथा टर्मिनल-2 और 3 के लिए एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

साथ ही, यात्रियों से कहा गया है कि वे अपनी उड़ानों से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस के संपर्क में रहें।

विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम में यह बदलाव अस्थायी राहत जरूर दे रहा है, लेकिन हीट वेव की स्थिति अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## महाराष्ट्र राज्यपाल ने 'AI गवर्नेंस रिपोर्ट 2026' जारी की, जिम्मेदार तकनीक उपयोग पर जोर

समाज जागरण

मुंबई, 27 अप्रैल 2026: महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने मुंबई में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा




तैयार "AI गवर्नेंस रिपोर्ट 2026" का विमोचन किया। यह सेमिनार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), कानून और समाज के बीच संबंधों पर केंद्रित रहा।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान दौर में एआई शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बना सकता है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि तकनीक का उपयोग मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके।

उन्होंने "विकसित भारत" की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की प्रगति केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के साथ संतुलित विकास जरूरी है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति सी. राज कुमार ने कहा कि यह रिपोर्ट इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर केंद्रित है कि एआई का उपयोग शिक्षा, शोध और प्रशासन में किस प्रकार किया जाए, जिससे मानव निर्णय क्षमता और रचनात्मकता बनी रहे।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने उच्च शिक्षा में एआई के उपयोग, बेहतर लर्निंग सिस्टम, पारदर्शिता और निर्णय प्रक्रिया को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

# पुतिन से मुलाकात के बाद ईरान के तेवर सख्त, अराघची का दावा—ट्रंप बातचीत को मजबूर

समाज जागरण

सेंट पीटर्सबर्ग/तेहरान, 27 अप्रैल 2026: रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हालिया मुलाकात के बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बयान ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई बहस छेड़ दी है। अराघची के बदले तेवर इस बात का संकेत माने जा रहे हैं कि रूस के समर्थन से ईरान अब पहले की तुलना में अधिक आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर अपनी बात रख रहा है।

सेंट पीटर्सबर्ग में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद अराघची ने कहा कि ईरान अब एक "स्थिर, मजबूत और अडिग राष्ट्र" के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों के दबाव के बावजूद ईरान ने अपनी स्थिति को कमजोर नहीं होने दिया। अराघची ने सीधे तौर पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि अब वही बातचीत के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें पहले ईरान पर दबाव बनाने की कोशिश करते देखा गया था।

ईरानी विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि अमेरिका इस पूरे संघर्ष में अपने किसी भी रणनीतिक लक्ष्य को हासिल करने में सफल नहीं हो पाया है। उनके अनुसार, यह स्थिति अमेरिका की कूटनीतिक असफलता को दर्शाती है। अराघची ने तंज कसते हुए कहा कि अब अमेरिका बातचीत के जरिए रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा है, जबकि ईरान अपने हितों से समझौता किए बिना ही आगे बढ़ रहा है।

रूस की भूमिका पर बोलते हुए अराघची ने कहा कि कठिन समय में मॉस्को ने तेहरान का पूरा साथ दिया है। उन्होंने इस सहयोग को रणनीतिक साझेदारी का नया चरण बताते हुए कहा कि दोनों देश भविष्य में अपने संबंधों को और मजबूत करेंगे। इस बयान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि रूस और ईरान के बीच सहयोग केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक स्तर पर भी गहराता जा रहा है।



यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी टकराव के बीच दोनों पक्षों के बयान लगातार बदलते नजर आ रहे हैं। जहां एक ओर ट्रंप पहले यह कह चुके हैं कि ईरान बातचीत के लिए इच्छुक है, वहीं ईरान अब इस पूरी स्थिति को उलटते हुए अमेरिका की कमजोरी के रूप में पेश कर रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि रूस और ईरान की बढ़ती नजदीकियों का असर खाड़ी देशों पर भी पड़ रहा है। कई अरब देश इस बदलते समीकरण को लेकर सतर्क हो गए हैं और खुलकर किसी पक्ष का समर्थन करने से बच रहे हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने भी क्षेत्रीय देशों के रुख को कमजोर बताते हुए चिंता जताई है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, रूस-ईरान संबंधों की मजबूती वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकती है। यह न केवल अमेरिका के लिए चुनौती बन सकता है, बल्कि पश्चिम एशिया की राजनीति में भी नए समीकरण पैदा कर सकता है। आने वाले समय में यह देखना अहम होगा कि क्या यह कूटनीतिक बयानबाजी वास्तविक नीतिगत बदलावों में तब्दील होती है या केवल दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा बनी रहती है।

## शेयर बाजार में जोरदार वापसी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

समाज जागरण

मुंबई, 27 अप्रैल 2026: लगातार तीन दिनों की गिरावट के बाद सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में जोरदार वापसी देखने को मिली। वैश्विक बाजारों में मजबूती, पश्चिम एशिया के तनाव में कुछ नरमी और भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के सकारात्मक असर से बाजार में तेजी लौटी।



कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 639.42 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,303.63 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 194.75 अंक (0.81 प्रतिशत) चढ़कर 24,092.70 के स्तर पर पहुंच गया।

दिन के दौरान भी बाजार में मजबूत रुख देखने को मिला। सेंसेक्स 76,856.05 पर खुलकर 77,420.04 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा, जबकि निफ्टी 23,945.45 से शुरू होकर 24,130.70 के दिन के उच्च स्तर तक गया।

व्यापक बाजारों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 1.90 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 1.47 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई, जो बाजार में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है।

सेक्टरवार देखें तो रियल्टी, आईटी, फार्मा, मीडिया और मेटल सेक्टर में 2 प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखने को मिली। इसके अलावा ऑटो, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी सेक्टर ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि प्राइवेट बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा।

निफ्टी 50 के टॉप गेनर्स में सन फार्मा, टेक महिंद्रा, विप्रो, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एसबीआई लाइफ, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टीसीएस के शेयर शामिल रहे। वहीं श्रीराम फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बीईएल, टाटा कंज्यूमर, ट्रेंट, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल और नेस्ले इंडिया के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार में आई इस तेजी के पीछे भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता भी एक प्रमुख कारण रहा। इस समझौते के तहत भारत को सभी टैरिफ उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और निवेशकों का विश्वास मजबूत होगा।

यह समझौता केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। विश्लेषकों का मानना है कि वैश्विक संकेतों में सुधार और घरेलू स्तर पर सकारात्मक नीतिगत फैसलों के चलते आने वाले दिनों में बाजार में स्थिरता बनी रह सकती है। हालांकि, निवेशकों को वैश्विक घटनाक्रम और आर्थिक आंकड़ों पर नजर बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

## लद्दाख में 5 नए जिलों का गठन, प्रशासनिक ढांचे को मिलेगा बल

समाज जागरण

लेह/कारगिल, 27 अप्रैल 2026: केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पांच नए जिलों के गठन की घोषणा की गई है। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने सोमवार को इस महत्वपूर्ण फैसले की जानकारी दी।

इस घोषणा के साथ ही लद्दाख में जिलों की संख्या अब दो से बढ़कर सात हो गई है। पहले केवल लेह और कारगिल जिले थे, जबकि अब नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास को नए जिलों के रूप में शामिल किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य प्रशासन का विकेंद्रीकरण करना, दूर-दराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास को गति देना तथा स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करना है। नए जिलों के गठन से सरकारी सेवाओं की पहुंच आम लोगों तक आसान होगी और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो सकेगा।




नुब्रा क्षेत्र अपने सामरिक महत्व और ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है, जहां पर्यटन अवसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं शाम क्षेत्र में स्थानीय शासन को मजबूत करने की योजना है। चांगथांग में जनजातीय समुदायों के संरक्षण और सीमावर्ती ढांचे को बेहतर बनाने पर जोर रहेगा। जांस्कर में सड़क संपर्क और पर्यटन विकास को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि द्रास में बुनियादी ढांचे के विस्तार और सैन्य जरूरतों के समर्थन पर विशेष फोकस होगा।

यह निर्णय पहले अगस्त 2024 में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया था, जिसे अब अप्रैल 2026 में औपचारिक रूप से लागू किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे क्षेत्रीय असंतुलन कम होगा और दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं मिलेंगी।

हालांकि, लद्दाख में लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक मांगें भी उठती रही हैं। लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस जैसे संगठन राज्य का दर्जा, छठी अनुसूची में शामिल किए जाने, नौकरी की सुरक्षा और लोक सेवा आयोग की स्थापना की मांग को लेकर सक्रिय रहे हैं। इन संगठनों के साथ-साथ सोनम वांगचुक जैसे सामाजिक कार्यकताओं ने भी क्षेत्रीय अधिकारों और पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर आंदोलन किए हैं। पिछले वर्षों में इन मांगों को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति भी बनी, जिसमें विरोध-प्रदर्शन और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां सामने आईं।

विशेषज्ञों का मानना है कि नए जिलों का गठन प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन क्षेत्र की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए स्थानीय मांगों पर संवाद और समाधान भी उतना ही आवश्यक होगा।

## अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोना-चांदी में हल्की तेजी

समाज जागरण

नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2026: अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी अमेरिका-ईरान तनाव के बीच सोमवार को सोना और चांदी की कीमतों में हल्की तेजी देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में दोनों



कीमती धातुएं सीमित दायरे में ट्रेड करती नजर आईं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून 2026 का कॉन्ट्रैक्ट पिछली क्लोजिंग 1,52,699 रुपये के मुकाबले 1,52,695 रुपये पर खुला। सुबह 9:51 बजे तक यह 251 रुपये यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,52,950 रुपये पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सोने ने 1,52,640 रुपये का न्यूनतम और 1,53,008 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ।

## अबूझमाड़ - पहली बार चमकी रात...!

अंधेरे की चादर ओढ़े, बरसों
से सोया हुआ था गाँव,
ना दीपक, ना उजियारा,
जंगल, पगडंडी और ठांव।

आजादी के 78 बरस बाद,
पहली बार चमकी रात,
एक बल्ब की रोशनी में,
'जगमग' हो उठी हर बात।

नन्हीं आँखों में हैं सपने, बूढ़ी
आँखों में नमी-सी थी,
उजाले को तरसे थे सब,
खुशियों की घड़ी यही थी।

पगडंडियों से होकर आई,
संघर्षों की लंबी यह राह,
हर तार में जुड़ी कहानी, हर
खंभे में छुपी एक चाह।

अब ना सिर्फ रात कटेगी,
सपनों को भी पंख लगेंगे,
अबूझमाड़ के इस सवेरे में,
नए कल के रंग खिलेंगे।
(संदर्भ - इतापानार गांव में
पहली बार जला बल्ब)

**संजय एम तराणेकर**

# चेहरा चमकाने के लिये अब केजरीवाल का न्यायपालिका पर निशाना

आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक बार फिर अपने पुराने ढर्रे आरोप लगाकर भाग जाने वाली राजनीति करने लगे हैं। पहले उनके आरोप की जद में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी के अन्य नेता अमित शाह आदि शामिल होते थे। कांग्रेस पर भी खूब हमला बोलते थे, लेकिन अब वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगे हैं। शराब घोटाले में फंसे केजरीवाल चाहते हैं कि राउज एवेन्यू कोर्ट की तरह उन्हें हाईकोर्ट से भी क्लीन चिट मिल जाये, जब केजरीवाल को ऐसा होता नहीं लगा तो वह हाईकोर्ट की जज पर ही हमलावर हो गये। अब तो शराब घोटाले में फंसे केजरीवाल यह तक कहने लगे हैं कि वह गांधी की तरह आंदोलन करेंगे और हाईकोर्ट की उस जज के सामने पेश नहीं होंगे, जिनको लेकर वह आशंकित है। दरअसल, बीती 27 फरवरी 2026 को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने पूरे राजनीतिक परिदृश्य को हिला दिया। पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाले के मामले में बरी कर दिया गया। जज ने साफ कहा कि जांच एजेंसियों के पास ठोस सबूतों का अभाव है। आरोपों को महज कयासों पर टिकाए रखना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। कोर्ट ने न केवल केजरीवाल बल्कि अन्य आरोपियों को भी सबूतों की कमी के चलते बरी कर दिया। इस फैसले के बाद केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा, यह सत्य की जीत है। वर्षों की सुनवाई के बाद मिली यह राहत आम आदमी पार्टी के लिए ऐतिहासिक पल था। लेकिन यह अंत नहीं, बल्कि एक नई कानूनी जंग की शुरूआत साबित हुई।

राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों को झटका दिया। सीबीआई ने तुरंत अपील दायर करने का फैसला किया। मात्र चार दिन बाद, 3 मार्च 2026 को दिल्ली हाईकोर्ट में मामला पहुंच गया। सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को गलत ठहराते हुए कहा कि सबूतों को नजरअंदाज किया गया। केजरीवाल को बरी करने को जल्दबाजी का फैसला करार दिया। हाईकोर्ट ने स्टे नहीं दिया, लेकिन सुनवाई की तारीखें तय कर दीं। इसी बीच केजरीवाल ने अपनी रणनीति बदली। उन्होंने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाया। जस्टिस शर्मा हाईकोर्ट की बेंच का हिस्सा हैं, जो इस मामले की सुनवाई कर रही हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि जस्टिस शर्मा का राजस्थान प्रशासनिक सेवा, आरएएस से पुराना नाता है। इससे उन पर पूर्वाग्रह का सवाल उठता है।यह विवाद 10 अप्रैल 2026 को चरम पर पहुंचा। केजरीवाल ने हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया। उन्होंने जस्टिस शर्मा को मामले से हटाने की मांग की। तर्क दिया कि जस्टिस शर्मा का पति भी राजस्थान सिविल सेवा में हैं। केजरीवाल ने इसे आरएएस का नेटवर्क करार दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार से जुड़े होने के कारण जस्टिस शर्मा निष्पक्ष नहीं रहेंगी। भाजपा शासित केंद्र के दबाव में फैसला करेंगी। यह आरोप हाईकोर्ट में गरमा गया। जस्टिस शर्मा ने व्यक्तिगत टिप्पणी की। उन्होंने केजरीवाल पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाया। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को नोटिस जारी किया। सुनवाई 18 अप्रैल को हुई। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने सबूत पेश किए। जस्टिस शर्मा के पुराने फैसलों का हवाला दिया। दावा किया कि कई मामलों में भाजपा नेताओं के हक में फैसले आए। उदाहरण के तौर पर 2024 का एक केस, जहां जस्टिस शर्मा ने एडीएम को जमानत दी, जो भाजपा से जुड़े थे। दूसरी ओर सीबीआई ने इसे राजनीतिक स्टंट बताया। कहा कि केजरीवाल ट्रायल कोर्ट की बरीगी बचाने के लिए जज को बदनाम कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को फटकार लगाई। जस्टिस स्वर्णकांता ने खुद कहा कि उनके फैसले हमेशा कानून पर आधारित रहे। आरएएस का कोई प्रभाव नहीं। फिर भी, बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा। 25 अप्रैल 2026 को अंतरिम आदेश आया। जस्टिस शर्मा मामले में बनी रहीं, लेकिन केजरीवाल को बोलने की छूट दी गई।

इस पूरे घटनाक्रम ने उस समय राजनीतिक रंग ले लिया, जब अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने इसे न्यायिक साजिश का नाम दिया। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि सिस्टम भ्रष्ट है। भाजपा न्यायपालिका को भी कब्जे में लेना चाहती है। विपक्षी दलों ने समर्थन किया। कांग्रेस और सपा ने केजरीवाल के पक्ष में बयान दिए। वहीं भाजपा ने पलटवार किया। कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। जज पर कीचड़ उछालकर बच निकलना चाहते हैं। शराब घोटाले में 336 करोड़ के नुकसान का मामला है। ईडी की चार्जशीट में दक्षिणी दिल्ली की 21 सबसे महंगी शराब दुकानों को कंपनियों को देने का खुलासा हुआ। केजरीवाल की सरकार ने नीति बदली, जिससे निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा। सीबीआई का दावा है कि पैसे चुनावी फंड में गए।अब सवाल उठता है कि केजरीवाल इन आरोपों से क्या साबित करना चाहते हैं। मुख्यतः तीन बातें। पहली, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग। वे कह रहे हैं कि सीबीआई और ईडी भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। जस्टिस शर्मा पर आरएएस कनेक्शन का आरोप इसी का हिस्सा है। दूसरी, न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल। केजरीवाल ट्रायल कोर्ट के फैसले को मजबूत करना चाहते हैं। अगर हाईकोर्ट जज बदल दे, तो अपील कमजोर पड़ सकती है। तीसरी, राजनीतिक लाभ। यह मुद्दा आम आदमी पार्टी को पीड़ित का चेहरा दे रहा है। केजरीवाल की छवि भ्रष्टाचार विरोधी नेता की बनी रहेगी। समर्थकों में सहानुभूति बढ़ेगी। भाजपा पर तानाशाही का ठप्पा लगेगा।

इससे केजरीवाल को कई फायदे हो रहे हैं। कानूनी तौर पर, अगर जज बदले या हाईकोर्ट अपील खारिज कर दे, तो सुप्रीम कोर्ट का रास्ता साफ। राजनीतिक रूप से, यह मुद्दा चुनावी एजेंडा बन गया। आप ने सोशल मीडिया पर अभियान चला रखा। सर्वे बताते हैं कि दिल्ली में केजरीवाल की लोकप्रियता बढ़ी है। 40 प्रतिशत वोटर अब उन्हें निर्दोष मानते हैं। आर्थिक नुकसान कम हुआ। घोटाले के दाग से मुक्ति मिली। भविष्य में केंद्र की राजनीति में वापसी आसान। लेकिन जोखिम भी हैं। अगर हाईकोर्ट ने बरीगी पलट दी, तो जेल की नौबत। अवमानना का केस अलग से चल सकता है।शराब घोटाला 2021 से चला आ रहा है। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने नई शराब नीति लाई। कोविड के बाद राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य था। लेकिन आरोप लगा कि सांठगांठ से कंपनियों को फायदा पहुंचाया। मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए। केजरीवाल को भी नोटिस मिले। ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की कमी बताई। सीबीआई ने चार्जशीट में 100 पेज के दस्तावेज पेश किए। लेकिन कोर्ट ने उन्हें अपर्याप्त माना। बहरहाल, यह मामला भारतीय न्याय व्यवस्था की पड़ताल कराता है। क्या राजनीतिक दबाव जजों पर असर डालता है। केजरीवाल का दांव चालाकी भरा है। वे जानते हैं कि जज बदलना मुश्किल, लेकिन विवाद पैदा करना आसान। इससे मीडिया कवरेज मिलता है। जनता का समर्थन बढ़ता है। भाजपा सरकार पर दबाव बनता है। अंततः, यह केजरीवाल की रणनीति का हिस्सा लगता है। सत्य की जीत का नारा दोहराते हुए वे सत्ता की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन कानूनी फैसला ही अंतिम सत्य तय करेगा।



**अजय कुमार**

# आपके बागी सांसदों का भाजपा में विलय, अब सुप्रीम कोर्ट पर नजर

आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों का बीजेपी से जुड़ना सिर्फ एक दल-बदल की खबर नहीं है, बल्कि यह संसद के ऊपरी सदन में शक्ति-संतुलन और दलबदल कानून की व्याख्या दोनों को नई कसौटी पर रखता है। मौजूदा रिपोर्टों के अनुसार इन सांसदों के साथ जाने के बाद राज्यसभा में बीजेपी की संख्या 113 हो गई है, जबकि आप ने इस कदम को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख करने की तैयारी की है। यह पूरा घटनाक्रम इसलिए भी गंभीर है क्योंकि दलबदल विरोधी कानून में एक महत्वपूर्ण अपवाद मौजूद है। अगर किसी दल के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्य किसी दूसरे दल में विलय करने पर सहमत हों, तो उसे अयोग्यता के दायरे से छूट मिल सकती है। इसी आधार पर बागी सांसद यह तर्क दे रहे हैं कि उन्होंने आवश्यक संख्या पूरी कर ली है, जबकि आप का दावा है कि यह महज राजनीतिक तोड़फोड़ नहीं, बल्कि विधि और मयार्दा का उल्लंघन है।

इस विवाद का सबसे अहम पहलू राज्यसभा के सभापति की भूमिका है। यदि सभापति ने सातों सांसदों को बीजेपी से संबद्ध/विलय मानते हुए अधिसूचना जारी कर दी है, तो यह एक औपचारिक संसदीय निष्कर्ष बन जाता है, लेकिन यह स्वतः ही अंतिम न्यायिक सत्य नहीं बनता। भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में अध्यक्ष या सभापति का निर्णय दलबदल मामलों में महत्वपूर्ण होता है, पर उस पर न्यायिक समीक्षा की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं होती, खासकर तब जब याचिकाकर्ता यह दिखा सके कि निर्णय में प्रक्रिया, अधिकार क्षेत्र या संविधान की दसवीं अनुसूची का गलत प्रयोग हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में आप के लिए सबसे बड़ा प्रश्न यह होगा कि क्या यह विलय वास्तव में 2/3 बहुमत से वैध हुआ है और क्या सभापति ने उपलब्ध सामग्री के आधार पर सही निष्कर्ष निकाला। अगर कोर्ट को लगे कि संख्या-गणना, सदस्यता की स्थिति, या विलय की प्रक्रिया में गड़बड़ी है, तो वह सभापति के निर्णय पर हस्तक्षेप कर सकता है या विस्तृत सुनवाई के लिए मामला वापस भेज सकता है। लेकिन अगर कोर्ट पाए कि संबंधित सांसदों ने संवैधानिक शर्तें पूरी कर ली हैं, तो आप की चुनौती कमजोर पड़ सकती है और राजनीतिक क्षति बनी रह सकती है। इस तरह के मामलों में सुप्रीम कोर्ट आम तौर पर सीधे राजनीतिक निर्णय नहीं देता, बल्कि यह देखता है कि क्या प्रक्रिया कानून सम्मत थी, क्या प्राकृतिक न्याय का पालन हुआ, और क्या निर्णय मनमाना या दुर्भावनापूर्ण था। यानी अदालत यह नहीं तय करेगी कि कौन-सा दल नैतिक रूप से सही है, बल्कि यह देखेगी कि संवैधानिक ढांचा टूटा या नहीं। अगर आप यह दिखाने में सफल हो जाती है कि ह्वविलयह्व का दावा केवल बचाव का तरीका था और वास्तविक दो-तिहाई समर्थन वैधानिक रूप से सिद्ध नहीं हुआ, तो फैसले पर रोक या पुनः विचार कर सकते हैं।


आप के पास अभी कई विकल्प मौजूद हैं। पहला, वह सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकती है और सभापति के निर्णय पर अंतरिम रोक या स्थिति-यथास्थिति की मांग कर सकती है। दूसरा, वह दसवीं अनुसूची, नियम-प्रक्रिया और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर यह चुनौती दे सकती है कि सांसदों ने वैध रूप से पार्टी नहीं छोड़ी, या विलय की प्रक्रिया अधूरी रही। तीसरा, वह राजनीतिक और सार्वजनिक स्तर पर इस मुद्दे को ह्वलोकतांत्रिक चोरीह्व के रूप में स्थापित कर दबाव बना सकती है, ताकि अदालत के बाहर भी नैरेटिव उसके पक्ष में रहे। इसके अलावा आप सभापति के सामने पुनर्विचार या पूरक आपत्ति का रास्ता अपना सकती है, अगर नियमों में इसकी गुंजाइश हो। वह यह भी तर्क रख सकती है कि राज्यसभा जैसी संवैधानिक संस्था में ऐसे मामलों में अधिक पारदर्शी सुनवाई होनी चाहिए, क्योंकि अध्यक्ष/सभापति का निर्णय ही बाद में न्यायिक समीक्षा का आधार बनता है। यदि सांसदों ने अभी केवल समर्थन-पत्र दिया है, लेकिन औपचारिक पार्टी विलय की सभी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हुई हैं, तो आप इसी तकनीकी बिंदु पर हमला कर सकती है।

राजनीतिक रूप से इस घटना का असर के लिए दो स्तरों पर है। पहला, राज्यसभा में उसकी संख्या और संगठनात्मक एकजुटता पर चोट लगी है; दूसरा, पंजाब और राष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश गया है कि पार्टी के भीतर असंतोष गहरा है। बीजेपी के लिए यह न सिर्फ संख्याबल की जीत है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वह राज्यसभा में विधायी बढ़त को और मजबूत करने की स्थिति में है। कानूनी तौर पर सबसे निर्णायक बात यह है कि सभापति का आदेश अंतिम जरूर माना जाएगा, लेकिन अपरिवर्तनीय नहीं। सुप्रीम कोर्ट अगर यह समझे कि दसवीं अनुसूची के अपवाद का उपयोग केवल सदन-प्रबंधन के लिए नहीं बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए किया गया, तो वह सीमित दायरे में हस्तक्षेप कर सकता है। दूसरी ओर, यदि कोर्ट सभापति की प्रक्रिया और रिकॉर्ड को सही पाए, तो आम आदमी पार्टी को कानूनी मोर्चे पर झटका लग सकता है और उसे राजनीतिक पुनर्गठन की ओर जाना पड़ सकता है। कुल मिलाकर, यह मामला केवल सात सांसदों के दल-बदल का नहीं, बल्कि संसदीय प्राधिकरण, दलबदल कानून और न्यायिक समीक्षा के बीच शक्ति-संतुलन का है। आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट का रुख तय करेगा कि यह घटना राजनीतिक जीत बनकर रह जाएगी या संवैधानिक जांच की नई मिसाल में बदल जाएगी।



**संजय सक्सेना**

# बिजनौर को जानने को जनपद बिजनौर पढ़े




प्रस्तुत पुस्तक 'जनपद बिजनौर' अशोक मधुप के 125 लेखों का संग्रह है। यह एक रोचक, ज्ञानवर्धक, ऐतिहासिक तथ्यों पर लिखी गई पुस्तक बिजनौर जिले के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराती है। एक ही जगह एक ही पुस्तक में आपको बिजनौर का इतिहास, बिजनौर का भूगोल, सांस्कृतिक धरोहर व ऐतिहासिक विरासत सब कुछ पढ़ने को मिलेगा। मुझे लगता है बिजनौर से जुड़े हर व्यक्ति को बिजनौर के बारे में जानने की उत्सुकता जरूर होगी। बिजनौर जनपद के गौरवशाली इतिहास को पढ़कर आपको गर्व होगा कि हम बिजनौरी हैं।

पुस्तक पढ़कर बिजनौर के विषय में रोचक जानकारी मिली। मुझे लगता है लेखक अपने समय में जरूर घुमक्कड़ रहे होंगे। क्योंकि जितना बारीकी से बिजनौर जिले के गुमनाम गांवों का वर्णन किया है, लेखक ने जिया है उन घटनाओं को, खुद साक्षी बने हैं उन जगहों के।

अशोक मधुप अनेक वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े रहे, बिजनौर जिले में अमर उजाला के प्रभारी भी रहे। अन्वेषणता, तथ्यों की प्रमाणिकता उनकी उत्कंठ जिज्ञासा को दिखलाती है। अधिकतर तथ्य लोगों से बातचीत पर आधारित और दंत कथाओं पर आधारित है। जैसा कि अशोक मधुप खुद एक लेख में स्वीकार करते हैं कि बिजनौर जिले पर उत्कृष्ट व विस्तृत अन्वेषण की आवश्यकता है। सरकार और पुरातत्व विभाग की उपेक्षा झेलता अपनी कहानी बिजनौर स्वयं कहता है। लेकिन इसकी धरोहर को संजोने और प्रकाश में लाने के लिए यह पुस्तक एक उत्तम प्रयास है। कहीं-कहीं आंकड़ों की अधिकता बोर करती है लेकिन आंकड़े जरूरी हैं सही जानकारी के लिए। सभी युवाओं को, शोधार्थियों को और प्रतियोगिता (वढरउ / क्अर) की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को जरूर पढ़नी चाहिए यह पुस्तक।

मेरा भी गृह जनपद बिजनौर है इसलिए पुस्तक पढ़ने में जिज्ञासा भी थी अपने जनपद को जानने की और गर्व भी हुआ जानकर मेरा बिजनौर कितने ही राज, और कितनी ही धरोहर छुपाए हुए है ।इसकी जानकारी आधुनिक पीढ़ी को नहीं है। मुझे भी स्वयं नहीं पता था बिजनौर में इतनी सारी जगह है घूमने के लिए, इतना बड़ा महत्व है बिजनौर का ऐतिहासिक व भौगोलिक दृष्टि से।

अशोक मधुप जी की लेखन शैली किस्सागोई की है।

पढ़ते हुए लगता है जैसे आपके सामने बैठकर ही कोई किस्सा सुना रहे हो। बिजनौर जिले के बारे में पढ़कर मेरा मन भी है उन सभी जगह घूमने का, लगता है मुझे पर्यटक बनना पड़ेगा। भाषा सरल है, पुस्तक पढ़कर हर बिजनौर वासी स्वयं को उससे जुड़ा पाएगा।

अनायास ही मुँह से निकलेगा अरे मेरा बिजनौर ऐसा भी है, इतना महान इतिहास है। मैंने भी अपनी जिंदगी के 27 साल बिजनौर में गुजारे लेकिन यही सोचती थी कि बिजनौर में घूमने के लिए कोई जगह नहीं है। पर अशोक मधुप जी की किताब पढ़कर लगा कि अभी तो बिजनौर को जाना ही नहीं है। संक्षेप में यही

कहना चाहूँगी सभी बिजनौरवासियों को तो यह पुस्तक जरूर पढ़नी चाहिए साथ ही जो विद्यार्थी देश के इतिहास में रुचि रखते हैं उन्हें भी पढ़ना चाहिए कि मेरा बिजनौर कितना बड़ा इतिहास रखता है।

**" ऐ मेरे शहर बिजनौर तेरे बारे में दुनिया कुछ
भी कहे, पर मेरे लिए तू खास है, तेरी गलियों में
मेरा बचपन बीता वो सुनहरे दिन, वो स्कूल की यादें
जिन नए परिवर्तन को दोनों ने एक साथ देखा।**

**समीक्षक डा. वंदना शर्मा पांडव, नई दिल्ली**

**लेखक अशोक मधुप**

# कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य: एक वैश्विक मानवीय प्रतिबद्धता

विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को मनाया जाता है और यह दिन दुनिया भर में काम करने वाले करोड़ों लोगों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ है। यह केवल एक औपचारिक अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों की रक्षा का एक गंभीर स्मरण भी है। इस दिन का उद्देश्य कार्यस्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं, बीमारियों और जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सरकारों, संस्थाओं और समाज को यह याद दिलाना है कि आर्थिक विकास का वास्तविक आधार सुरक्षित और स्वस्थ श्रमिक ही होते हैं।

विश्व स्तर पर श्रमिकों की स्थिति पर नजर डालें तो यह स्पष्ट होता है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग असुरक्षित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुमान के अनुसार हर वर्ष लगभग 2.78 मिलियन लोग कार्यस्थल से जुड़ी दुर्घटनाओं और बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। इसके अलावा करीब 374 मिलियन गैर घातक दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनसे लोगों को गंभीर चोटें और लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ होती हैं। ये आँकड़े यह दर्शाते हैं कि कार्यस्थल की सुरक्षा केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक अनिवार्यता है।

विकासशील देशों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। भारत जैसे देशों में बड़ी संख्या में लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जहाँ न तो उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होते हैं और न ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ। खेतों में काम करने वाले मजदूर, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिक, छोटे कारखानों के कर्मचारी और घरेलू कामगार अक्सर जोखिम भरे वातावरण में काम करते हैं। कई बार उन्हें यह भी पता नहीं होता कि वे किन खतरों के बीच काम कर रहे हैं। यह अज्ञानता और संसाधनों की कमी मिलकर दुर्घटनाओं की संभावना को और बढ़ा देती है।

कार्यस्थल पर सुरक्षा का अर्थ केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य भी शामिल है। आधुनिक समय में काम का दबाव, लंबे समय तक काम करना, अस्थिर रोजगार और आर्थिक असुरक्षा जैसे कारक मानसिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं के कारण हर वर्ष लगभग 12 बिलियन कार्य दिवसों का नुकसान होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मानसिक स्वास्थ्य भी कार्यस्थल की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

तकनीकी प्रगति ने जहाँ एक ओर काम को आसान बनाया है, वहीं दूसरी ओर नए प्रकार के जोखिम भी उत्पन्न किए हैं। मशीनों का अधिक उपयोग, रसायनों का संपर्क, और डिजिटल उपकरणों पर निर्भरता ने नए स्वास्थ्य खतरे पैदा किए हैं। उदाहरण के लिए लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से आँखों और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्रों में रसायनों के संपर्क से गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। इसलिए सुरक्षा उपायों को समय के साथ अद्यतन करना आवश्यक है।

विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसका मतलब यह है कि दुर्घटना होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले से ही ऐसे उपाय किए जाएँ जिससे दुर्घटना की संभावना कम हो जाए। इसके लिए जोखिम का आकलन, सुरक्षा प्रशिक्षण, उचित उपकरणों का उपयोग और नियमित निरीक्षण जैसे कदम आवश्यक हैं। यदि किसी कार्यस्थल पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है, तो न केवल श्रमिक सुरक्षित रहते हैं बल्कि उत्पादकता भी बढ़ती है और आर्थिक नुकसान कम होता है।

सरकारों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मजबूत कानून, प्रभावी निगरानी और सख्त कार्यान्वयन के बिना कार्यस्थल सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। भारत में भी श्रम कानूनों के माध्यम से सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई प्रावधान किए गए हैं, लेकिन इनका सही क्रियान्वयन अभी भी एक चुनौती बना हुआ है। कई छोटे उद्योगों में नियमों का पालन नहीं किया जाता और निरीक्षण की प्रक्रिया भी पर्याप्त नहीं है। इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार, उद्योग और समाज के बीच सहयोग आवश्यक है।

नियोक्ताओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि श्रमिक केवल उत्पादन का साधन नहीं बल्कि संगठन की सबसे मूल्यवान पूंजी हैं। सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण, स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता से श्रमिकों का विश्वास बढ़ता है और उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता है।

श्रमिकों की जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कई बार दुर्घटनाएँ इसलिए होती हैं क्योंकि श्रमिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते या उन्हें उनकी जानकारी नहीं होती। यदि श्रमिक अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक हों, तो वे खुद को बेहतर तरीके से सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है।

कोविड 19 महामारी ने कार्यस्थल सुरक्षा के महत्व को और अधिक स्पष्ट कर दिया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों, सफाई कर्मचारियों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों ने अत्यधिक जोखिम के बीच काम किया। इससे यह सीख मिली कि आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की आवश्यकता होती है। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

जलवायु परिवर्तन भी कार्यस्थल सुरक्षा के लिए एक नई चुनौती बनकर उभर रहा है। बढ़ते तापमान, अत्यधिक गर्मी और प्राकृतिक आपदाओं के कारण श्रमिकों के लिए काम करना कठिन होता जा रहा है। विशेष रूप से खुले में काम करने वाले लोगों जैसे किसान और निर्माण श्रमिकों के लिए यह एक गंभीर समस्या है। अत्यधिक गर्मी के कारण हीट स्ट्रेस, निर्जलीकरण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसलिए जलवायु के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए नई नीतियाँ बनाना आवश्यक है।

इस दिवस का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाता है। आर्थिक विकास, उत्पादन और लाभ तभी सार्थक हैं जब वे मानव जीवन की सुरक्षा और सम्मान के साथ जुड़े हों। यदि किसी भी विकास की कीमत मानव जीवन हो, तो वह विकास अधूरा है। इसलिए यह दिन हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानजनक परिस्थितियों में काम कर सके।

भविष्य की दिशा में देखते हुए यह आवश्यक है कि हम तकनीक, नीति और जागरूकता को एक साथ लेकर चलें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन जैसे क्षेत्र कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बना सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही नए प्रकार के कौशल और प्रशिक्षण की आवश्यकता भी होगी। यदि हम इन परिवर्तनों को सही तरीके से अपनाते हैं, तो हम एक ऐसे कार्य वातावरण का निर्माण कर सकते हैं जो सुरक्षित, स्वस्थ और समावेशी हो।

अंततः विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक संकल्प है। यह संकल्प है कि हर श्रमिक का जीवन मूल्यवान है, हर कार्यस्थल सुरक्षित होना चाहिए और हर व्यक्ति को स्वस्थ वातावरण में काम करने का अधिकार है। जब तक दुनिया का हर श्रमिक सुरक्षित नहीं होता, तब तक यह प्रयास जारी रहना चाहिए। यही इस दिन का वास्तविक संदेश है और यही मानवता की सच्ची प्रगति का आधार भी है।



**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गौतमबुद्धनगर में लू से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 27 अप्रैल 2026: जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा भीषण गर्मी और हीट वेव (लू) के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जनहित में विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि नागरिक इन निर्देशों का पालन कर स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे प्रचार माध्यमों पर प्रसारित हीट वेव संबंधी चेतावनियों पर विशेष ध्यान दें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें, भले ही प्यास न लगी हो। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें तथा धूप से बचाव के लिए चश्मा, छाता और टोपी का उपयोग करें।

खुले में काम करने वाले व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उन्हें सिर, चेहरा और शरीर को गीले कपड़े से ढककर रखना चाहिए और समय-समय पर विश्राम करना चाहिए। यात्रा के दौरान पानी साथ रखना अनिवार्य बताया गया है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी, छाछ और चावल का पानी जैसे पेय पदार्थों का सेवन कर शरीर में पानी की कमी को पूरा किया जाए। साथ ही हीट स्ट्रोक, हीट रैश और हीट क्रैम्प के लक्षण जैसे कमजोरी, चक्कर, सिरदर्द, उल्टी या बेहोशी होने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने घरों को ठंडा रखने के लिए पर्दों और दरवाजों का उपयोग करने तथा शाम-रात के समय खिड़कियां खोलने की बात कही है। कार्यस्थलों पर ठंडे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और श्रमसाध्य कार्यों को ठंडे समय में करने के निर्देश भी दिए गए हैं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई है।

वहीं, "क्या न करें" के तहत दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने, बच्चों और जानवरों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ने तथा भारी, तंग और गहरे रंग के कपड़े न पहनने की सलाह दी गई है। अधिक तापमान में कठिन कार्य करने से बचने और बासी या दूषित खाद्य पदार्थों का सेवन न करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

जिला प्रशासन ने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से लू के खतरों से बचा जा सकता है। यह एडवाइजरी जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है।

# श्रम कानूनों के उल्लंघन पर सख्ती, 14 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 27 अप्रैल 2026: जनपद में श्रमिकों के हितों की सुरक्षा और औद्योगिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से श्रम विभाग ने नियमों के उल्लंघन करने वाले संविदाकारों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर राकेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान श्रम कानूनों के पालन में अनियमितताएं पाई गई थीं, जिसके बाद संबंधित संविदाकारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। नोटिस का जवाब न देने वाले 14 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक कुल 49 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं और उन्हें काली सूची में डालने के लिए श्रमायुक्त उत्तर प्रदेश को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा आज 6 अन्य संविदाकारों के खिलाफ भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, उनके अधीन कार्यरत श्रमिकों को वेतन का भुगतान अब संबंधित मुख्य सेवायोजक या कारखाना प्रबंधक द्वारा सीधे उनके बैंक खातों में किया जाएगा। यह भुगतान करना उनका कानूनी दायित्व है, और वे इसे संविदाकार के बिल से समायोजित कर सकते हैं।

अपर श्रमायुक्त ने कहा कि जनपद की औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

शिकायत दर्ज कराने के लिए श्रमिक या उद्यमी टेलीफोन नंबर 0120-4126892 पर संपर्क कर सकते हैं या ईमेल complaint.dlcnoida@gmail.com पर अपनी शिकायत भेज सकते हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा, 4 होल्डिंग जोन चिन्हित

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 27 अप्रैल 2026: सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने अहम पहल करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर चार पार्किंग/होल्डिंग स्थलों का चिन्हांकन किया है। यह कदम सड़क किनारे अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों की समस्या को खत्म करने और दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने के लिए उठाया गया है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से इन स्थलों की पहचान की गई है। इन होल्डिंग जोन का उद्देश्य मालवाहन, बस, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत अन्य वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा कराना है, ताकि एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारु बना रहे।

चिन्हित स्थलों में छपरगढ़ (किमी 16+000, आगरा से नोएडा दिशा), सबोता (किमी 35+000, नोएडा से आगरा दिशा), जेवर (किमी 38+250, आगरा से नोएडा दिशा) तथा अलावलपुर (किमी 39+250, नोएडा से आगरा दिशा) शामिल हैं।

परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों और स्वामियों से अपील की है कि वे केवल निर्धारित पार्किंग/होल्डिंग जोन में ही अपने वाहन खड़े करें। सड़क किनारे, एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय या राज्य राजमार्ग पर वाहन खड़ा करना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत दंडनीय अपराध है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 122, 177 सहित अन्य प्रावधानों के तहत चालान या वाहन निरुद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित वाहन चालक या स्वामी की होगी।

जिला प्रशासन ने कहा कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है और इसका उद्देश्य जनहित में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# सेक्टर-142 पुलिस की कार्रवाई, 64 मामलों की हजारों लीटर अवैध शराब नष्ट

**समाज जागरण**



नोएडा, 27 अप्रैल 2026 (संदीप गर्ग): थाना सेक्टर-142 पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों से संबंधित हजारों लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया।

पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे माल निरस्तीकरण अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त सेंट्रल नोएडा तृतीय, प्रभारी निरीक्षक थाना सेक्टर-142 और आबकारी निरीक्षक की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 से 2024 के बीच आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कुल 64 अभियोगों से संबंधित लगभग 3371 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 323 लीटर अवैध बीयर और 406 लीटर अवैध देशी शराब को नष्ट किया गया।

यह कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेशानुसार की गई, जिसमें जेसीबी मशीन की सहायता से शराब की बोतलों को तोड़कर गड्ढा खुदवाया गया और उसे मिट्टी में दबाकर पूरी तरह नष्ट किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी इसी तरह अभियान जारी रहेगा, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# सूरजपुर पुलिस ने वाहन चोर दबोचा, चोरी की बाइक व अवैध चाकू बरामद

**समाज जागरण**




नोएडा, 27 अप्रैल 2026 (संदीप गर्ग): थाना सूरजपुर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक, लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आशू कोहली पुत्र विनोद कुमार को पेरामाउंट सोसाइटी की सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है, जिसके संबंध में पहले ही मुकदमा संख्या 47/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा एक अवैध चाकू भी उसके कब्जे से मिला है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मूल रूप से ग्राम एवं थाना गुलावठी, जनपद बुलंदशहर का निवासी है और वर्तमान में एस्कॉर्ट कॉलोनी, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र करीब 19 वर्ष है। प्रारंभिक जांच में उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर बरामद सामान को कब्जे में ले लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सूरजपुर पुलिस ने वाहन चोर को दबोचा, चोरी की बाइक व अवैध चाकू बरामद

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा, 27 अप्रैल 2026 थाना सूरजपुर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया है।




पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर आशू कोहली पुत्र विनोद कुमार को पेरामाउंट सोसाइटी की सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है, जिसके संबंध में पहले ही मुकदमा संख्या 47/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी मिला है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मूल रूप से ग्राम एवं थाना गुलावठी, जनपद बुलंदशहर का निवासी है और वर्तमान में एस्कॉर्ट कॉलोनी, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र लगभग 19 वर्ष है। प्रारंभिक जांच में उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बरामद मोटरसाइकिल और चाकू को कब्जे में ले लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# टीएमयू में कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स के मॉडर्न, ट्रेंड्स पर पहली से होगी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

**समाज जागरण**




तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के कंप्यूटर विज्ञान एवम् अभियांत्रिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवम् संचार अभियांत्रिकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित कॉन्फ्रेंस में मंच साझा करेंगे देश-विदेश के शिक्षाविद्, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, अभियंता और उद्योग विशेषज्ञ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स में आधुनिक प्रवृत्तियों पर दो दिनी सेकेंड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का 01 मई, 2026 को ऑडिटोरियम में शंखनाद होगा। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में ग्रीस, स्पेन, जर्मनी, यूके, यूएई, सउदी अरब, जॉर्डन, इजिप्ट आदि देशों से एक्सपर्ट्स ऑनलाइन जुड़ेंगे। कंप्यूटर विज्ञान एवम् अभियांत्रिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवम् संचार अभियांत्रिकी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के शिक्षाविद्, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, अभियंता और उद्योग विशेषज्ञ मंच साझा करेंगे। आईआरडीई, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, देहरादून के वैज्ञानिक डॉ. सुधीर खरे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में एनसीए-टी, डीओटी, संचार मंत्रालय, भारत सरकार गाजियाबद के निदेशक श्री अतुल जोशी और आईआरडीई, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, देहरादून के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. वैभव गुप्ता की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। सी3एस बिजनेस स्कूल, बार्सिलोना, स्पेन में अनुसंधान निदेशक और एस्पायर बिजनेस स्कूल, स्पेन के निदेशक प्रो. सरत सी. दास और ग्रीनीपैथ एजी, स्विट्जरलैंड में दक्षिण एशिया में परियोजना निर्माण और विकास निदेशक श्री जय आनंद की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। ये सभी एक्सपर्ट्स प्रौद्योगिकी, रक्षा और राष्ट्रीय संचार के परस्पर संबंध पर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, तेजी से बदलते तकनीकी युग में कंप्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रॉनिक्स नवाचार के अग्रदूत हैं। ब्लेंडेड मोड की कॉन्फ्रेंस आईसीएमसीई- 2026 में विद्वान, वैज्ञानिक और उद्योग जगत के लीडर्स मिलकर विचारों के आदान-प्रदान से वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में मंथन करेंगे। आईसीएमसीई-2025 की सफलता के बाद यह द्वितीय संस्करण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-डीआरडीओ के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और संचार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी के साथ नई ऊंचाइयां छूएगा। ईसीई की एचओडी एवम् कॉन्फ्रेंस संयोजिका डॉ. अलका वर्मा ने बताया कि आईसीएमसीई-2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स-आईओटी, वीएलएसआई डिजाइन, सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग, एम्बेडेड सिस्टम, साइबर सुरक्षा, स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार नेटवर्क एवं अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन संयोजिका प्रो. गुलिस्ता खान एवम् सह-संयोजक श्री प्रशांत कुमार ने बताया, चयनित शोधपत्र विश्व का प्रतिष्ठित अकादमिक प्रकाशक स्पिंगर प्रकाशित करेगा। आईसीएमसीई-2026 में 130 से अधिक शोधकताओं, शिक्षाविदों और स्टुडेंट्स रिसर्च पेपर प्रस्तुत करेंगे।

# बिसरख पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 110 मामलों की हजारों लीटर अवैध शराब नष्ट

**समाज जागरण**



नोएडा, 27 अप्रैल 2026 (संदीप गर्ग): थाना बिसरख पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों से संबंधित भारी मात्रा में अवैध शराब को नष्ट कराया है।

पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे माल निरस्तीकरण अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त सेंट्रल नोएडा द्वितीय, प्रभारी निरीक्षक थाना बिसरख तथा आबकारी निरीक्षक की उपस्थिति में अभियान चलाया गया।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024-25 के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कुल 110 अभियोगों से संबंधित लगभग 4000 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, 1150 लीटर अवैध बीयर और 500 लीटर अवैध देशी शराब को नष्ट किया गया।

यह कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेशानुसार की गई, जिसमें रोड रोलर की सहायता से शराब की बोतलों को तोड़कर गड्ढा खुदवाया गया और उसे मिट्टी में दबाकर पूरी तरह नष्ट किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए से वस्त्र क्षेत्र को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

**समाज जागरण नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2026 (पीआईबी)**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच 27 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) देश के वस्त्र और परिधान क्षेत्र के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आया है। वस्त्र मंत्रालय ने इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे विश्वास, विकास और साझा समृद्धि पर आधारित मजबूत साझेदारी की दिशा में अहम कदम बताया है।

# हिमालय की जैव विविधता बेहद समृद्ध, मानव सभ्यता की खातिर संरक्षण अनिवार्य : प्रो. एसपी

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजीएस पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद**

**प्राकृतिक खेती धरतीपुत्रों के स्वर्णिम भविष्य के लिए जरूरी: प्रो. मंजुला**
**विकसित भारत- 2047 के सपने के प्रति टीएमयू संजीदा: प्रो. पीके जैन**
**एग्रीकल्चर को समस्या का हिस्सा नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनाएं**
**सततता को सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन शैली में अपनाएं: डॉ. गणेश दत्त**
**नेशनल कॉन्फ्रेंस में अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का किया विमोचन**

**समाज जागरण**



हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति एवम जाने-माने पर्यावरणविद प्रो. एसपी सिंह ने हिमालय को थर्ड पोल की संज्ञा देते हुए कहा, हिमालय केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, म्यांमार और अन्य एशियाई देशों के लिए भी जल, जैव विविधता और जलवायु संतुलन का प्रमुख स्रोत है। हिमालय से निकलने वाली नदियां करोड़ों लोगों के जीवन, कृषि, पेयजल और उद्योगों को सहारा देती हैं, क्योंकि यहां ध्रुवीय क्षेत्रों के बाद सबसे अधिक बर्फ और हिम भंडार है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा, हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलना और जलवायु परिवर्तन गंभीर खतरे की घंटी है। यदि यह प्रक्रिया इसी तरह बढ़ती रही, तो सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र जैसी नदी प्रणालियों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे कृषि, जल सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता संकट में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि हिमालय की जैव विविधता अत्यंत समृद्ध है और इसका संरक्षण मानव सभ्यता के भविष्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने नदी सर्वेक्षण, कृषि उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और सतत संसाधन उपयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। कृषि क्षेत्र को समस्या का हिस्सा नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनना होगा। इसके लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पर्यावरणीय चेतना और सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजीएस पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रो. एसपी सिंह, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की के वैज्ञानिक-ई डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कानवाल, टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया। अतिथियों ने कॉन्फ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन भी किया। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट और प्रो. महेश कुमार की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। संचालन असिस्टेंट डीन एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने किया।

पर्यावरणविद प्रो. सिंह ने सतत विकास और हिमालयी अध्ययन के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा, आज कृषि, पर्यावरण और जल संसाधनों के सामने सबसे बड़ी चुनौती संतुलित विकास की है। सतत विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि प्रकृति, संसाधनों और आने वाली पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखकर विकास करना है। उन्होंने कहा कि भारत की कृषि में जल संकट, मृदा क्षरण, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और कृषि अपशिष्ट का सही प्रबंधन न होना सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए अब कृषि को अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और संसाधन संरक्षण आधारित बनाना आवश्यक है। उन्होंने कार्बन जस्टिस की अवधारणा पर भी बल दिया, जिसका आशय है, विकास और उत्सर्जन का भार सभी पर समान रूप से पड़े और पर्यावरणीय न्याय सुनिश्चित किया जाए। सतत विकास, जल संरक्षण, जैव विविधता सुरक्षा और जलवायु न्याय के बिना विकास अधूरा है। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने इंस्टिट्यूशंस इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, इस काउंसिल में नवाचार, उद्यमिता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने का एक सशक्त मंच है, जो उन्हें भविष्य के कृषि नवप्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, भारत ने मिलेट्स को बढ़ावा देने में वैश्विक नेतृत्व स्थापित किया है। मिलेट्स जलवायु परिवर्तन के दौर में एक सशक्त, पोषणयुक्त एवं टिकाऊ फसल विकल्प हैं, जो खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने एसडीजीएस का उल्लेख करते हुए बताया, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में कृषि की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्राकृतिक खेती, संसाधन संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया, जिससे लाइफ ऑन लैंड जैसे लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सके। प्रो. जैन ने कहा, टीएमयू सरीखे संस्थान नवाचार, शोध और सतत कृषि के माध्यम से राष्ट्रीय एवम् वैश्विक लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने कहा, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने के प्रति टीएमयू संजीदा है। वर्मी कम्पोस्ट इकाई, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट-एसटीपी एवम् इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट-ईटीपी जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से संचालित हैं। उन्होंने कहा, कृषि को अधिक उत्पादक, पर्यावरण-अनुकूल और भविष्य-उन्मुख बनाने के लिए प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के संग-संग जैव विविधता संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने कहा, यह नेशनल कॉन्फ्रेंस केवल एक अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों को व्यवहार में उतारने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृषि, पर्यावरण और समाज एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, और सततता को केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाना होगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस में डॉ. आशुतोष अवस्थी, डॉ. देवेन्द्र पाल सिंह, डॉ. चारु बिष्ट, डॉ. अमित कुमार मौर्या, डॉ. शबनम ठाकुर, डॉ. शाकुली सक्सेना, डॉ. उपासना, डॉ. नेहा, डॉ. प्रिंस साहू, डॉ. निमित कुमार, डॉ. ब्रजपाल रजाबत, डॉ. आयुष मिश्रा, डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. जेम्स सिंह, डॉ. इशिता, डॉ. अनुप्रिया, डॉ. अनिल कुमार सिंह के संग-संग बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चर के स्टुडेंट्स मौजूद रहे।

# अनजान कॉल, संदेश या लिंक पर तुरंत न करें भरोसा

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंशन: ए फॉरेंसिक पर्सपेक्टिव पर अवेयरनेस कैंपेन में पैरामेडिकल साइंसेज के संग-संग लॉ कॉलेज और तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के स्टुडेंट्स ने की शिरकत साइबर एक्सपर्ट श्री शिवम तायल ने कहा, आज के समय में साइबर अपराधी विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके लोगों को आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। उन्होंने सोशल इंजीनियरिंग, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम एवम् डेटाबेस हैकिंग और तथाकथित डिजिटल अरेस्ट सरीखे मामलों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार अपराधी लोगों की भावनाओं और जल्दबाजी का फायदा उठाते हैं। श्री तायल ने स्टुडेंट्स को सावधान करते हुए कहा, किसी भी अनजान कॉल, संदेश या लिंक पर तुरंत विश्वास नहीं करना चाहिए। यदि कोई संदेश आकर्षक या भय उत्पन्न करने वाला हो, तो उसकी सत्यता की जांच करना अत्यंत आवश्यक है। साइबर अपराध से बचने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और सतर्कता है। साथ ही मजबूत पासवर्ड का उपयोग, समय-समय पर पासवर्ड बदलना और दो-स्तरीय प्रमाणीकरण जैसे उपायों को अपनाने जरूरी है। श्री तायल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की ओर से साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंशन: ए फॉरेंसिक पर्सपेक्टिव पर अवेयरनेस कैंपेन में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।

इससे पूर्व साइबर एक्सपर्ट श्री शिवम तायल, कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. सुशील कुमार, रेडियोइमेजिंग टेक्नोलॉजी की एचओडी डॉ. रुचि कांत, फॉरेंसिक साइंस के एचओडी श्री रवि कुमार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कॉलेज ऑफ लॉ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने साइबर अपराध के सामाजिक और न्यायिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता समाज के सुदृढ़ और सुरक्षित निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया, न्याय प्रणाली केवल अपराधियों को दंडित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में नैतिक मूल्यों और अनुशासन को स्थापित करने का कार्य भी करती है। साइबर एक्सपर्ट श्री प्रशांत सिंह ने वित्तीय लेन-देन से जुड़े साइबर अपराधों को लेकर सजगता की विस्तार से चर्चा की। प्रो. नवनीत कुमार ने स्टुडेंट्स को सचेत करते हुए कहा, डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय छोटी-छोटी असावधानियां भी गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

# पीडीयूएनएएसएस और जीएनएलयू ने श्रम कानून पर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया

**समाज जागरणनई दिल्ली/गांधीनगर, 27 अप्रैल 2026**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी (पीडीयूएनएएसएस) और गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (जीएनएलयू) ने श्रम कानून और सामाजिक सुरक्षा अनुपालन पर एक संयुक्त कार्यकारी विकास कार्यक्रम ईपीएफओ एट कोर का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम के पहले बैच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

यह कार्यक्रम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की प्रशिक्षण पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य श्रम कानूनों और सामाजिक सुरक्षा प्रशासन में पेशेवर क्षमता को मजबूत करना है। यह पहल ऐसे समय में शुरू की गई है जब देश में श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन और अनुपालन प्रणालियों का तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है।

कार्यक्रम की रूपरेखा प्रमुख हितधारकों की वर्चुअल बैठक के बाद तैयार की गई, जिसमें ईपीएफओ और जीएनएलयू के वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान श्रम कानूनों के व्यावहारिक पहलुओं, डिजिटल अनुपालन और प्रशासनिक दक्षता को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

# नरौली में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने किया जाहरवीर मन्दिर मां मंशादेवी मन्दिर का शिलान्यास

**समाज जागरण/प्रवेश यादव**

पंवासा।नगर पंचायत नरौली में मोहल्ला मंगलवाला स्थित जाहरवीर मन्दिर के ग्राउंड पर भव्य मन्दिर शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री माननीय गुलाब देवी जी विशिष्ठ अतिथि राजा उपेन्द्र सिंह उर्फ. शोभित राजा साहब का कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत किया।स्वागत समारोह का बाद में माध्यमिक शिक्षा मंत्री माननीय गुलाब देवी,जी राजा उपेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत नरौली में मोहल्ला मंगलवाला स्थित जाहरवीर मन्दिर एवं मोहल्ला मंशा देवी स्थित मां मंशा देवी मन्दिर के निर्माण कार्य की 124.56लाख की लागत से हो रहे निर्माण कार्य की विधिवत शुभारंभ कर शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत कर दी।माननीय मंत्री गुलाब देवी के



अथक प्रयास और उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से नरौली क्षेत्र में विकास कार्य निरन्तर गति पकड़ रहे हैं। मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम नरौली के विकास,आस्था और जनकल्याणकार के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा इस पुनीत कार्य का शिलान्यास कर मुझे अत्यन्त प्रसन्नता एवं गर्व की अनुभूति हुई है।

कार्यक्रम में। राजा कुंवर उपेन्द्र सिंह उर्फ.शोभित राजा, राजा कुंवर शैलेन्द्र सिंह उर्फ.मोहित राजा,वरिष्ठ भाजपा नेता नामित सभासद संजीव राघव,अध्यक्ष बिट्टन मलिक,मंडल अध्यक्ष हरवेश राघव,प्रधान ओमेंद्र सिंह,बूथ अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा,पूर्व सभासद रामबाबू शर्मा,नितिन कुमार सिंह राघव (समाजसेवी/पत्रकार अरमान उल हक उर्फ. हक साहब)सभासद विनोद माली,कमल दिवाकर,लिपिक राजीव कुमार, अभय ठाकुर,शुभांशु ठाकुर, असलमअंडे वाले,बब्बू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय लोग शामिल रहे।

# तीर्थकर पंचोत्सव : 300 वर्ष कठोर तप करने के पश्चात हुआ प्रभु नेमिनाथ को केवल्य ज्ञान।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। तीर्थंकर पंचोत्सव के पांचवे दिन श्री महावीर जिनालय में 300 वर्ष तक कठोर तप करने के पश्चात प्रभु श्री नेमिनाथ को हुआ केवल्य ज्ञान। इस अलौकिक दृश्य को देख विशाल पांडाल में उपस्थित जिनभक्तों की आँखें नम हो गई। केवल्य ज्ञान के पश्चात प्रभु श्री नेमिनाथ ने धर्मोपदेश दिए।

महोत्सव में नित्य नियम जिनाभिषेक पूजन आदि के पश्चात परम-पूज्य आचार्य श्री सौभाग्य सागर एवं परम-पूज्य सुरत्न सागराचार्य के सानिध्य में इंद्र स्वरुप धारण किये जिनभक्तों प्रभु श्री नेमिनाथ की शांतिधारा की गई तथा सांगितमय तप कल्याण पूजन विधान किया गया। उसके बाद भोपाल से पधारे कलाकारों ने अद्भुत और मन मोहक नाट्य मंचन में दशार्या कि लौकांतिक देवों ने आकर प्रभु श्री की वैराग्य की स्तुति की और दीक्षाकल्याणक का उत्सव मनाया । इसके पश्चात ये देवकुरु नामक पालकी पर बैठकर सहस्त्राभ्रवन जाते हैं। और वहाँ श्रावण शुक्ला षष्ठी के दिन सायंकाल कौमार्यकाल के तीन सौ वर्ष बीत जाने पर एक हजार राजाओं के साथ संयमी हो जाते हैं। इसी समय प्रभु श्री को मनःपर्ययज्ञान भी हो जाता है। राजीमति (राजुल ) भी विरक्त होकर इनके पीछे-पीछे तपश्चरण के लिए



चली आती हैं। पारणा के दिन राजा वरदत्त ने इन्हें नवधा-भक्ति पूर्वक प्रथम आहार देकर पंचाश्चर्य प्राप्त करते हैं। तपस्या करते हुए छद्मस्थ अवस्था के छप्पन दिन बीत जाने पर ये रैवतक पर्वत पर बेला का नियम लेकर महावेणु (बड़े बाँस) वृक्ष के नीचे नीचे विराजमान हो जाते हैं। वहाँ आश्विन शुक्ला प्रतिपदा के दिन चित्रा नक्षत्र में प्रातःकाल के समय इन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हो गया। देवों के द्वारा भव्य समवशरण की रचना की जाती है तथा केवल्य ज्ञान महोत्सव मानते हैं। इनके समवसरण में वरदत्त आदि ग्यारह गणधर, चार सौ पूर्व श्रुतविज्ञ, ग्यारह हजार आठ सौ शिक्षक, पंद्रह सौ तीन ज्ञान के धारी, इतने ही केवली, ग्यारह सौ विक्रियाऋद्धिधारी, नौ सौ मनःपर्ययज्ञानी और आठ वादी इस प्रकार कुल अठारह हजार मुनि थे । यक्षी, राजीमती, कात्यायनी आदि चालीस हजार आर्यिकाएँ, एक लाख श्रावक, तीन लाख श्राविकाऐं, असंख्यात देवी-देवियाँ और संख्यात तिर्यंच थे। शाम के समय जिनभक्त 64 दीपकों द्वारा सांगितमय महा आरती की गई।

महोत्सव में अखिल भारतीय श्री दिगम्बर जैन पद्मावती पुरवाल पंचायत महासभा, श्री दिगम्बर जैन महामृत्युमज्य जन चेतना ट्रष्ट, श्री पारसनाथ संकल्प साधु बिहार समिति दिल्ली, श्री समवशरण युवा मण्डल दिल्ली, श्री समवशरण महिला मण्डल दिल्ली, स्थविर युवा मंच, सेठ छदामी लाल जैन ट्रष्ट, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन जिनालय, श्री दिगम्बर जैन खरौआ महा समिति, श्री लवेचू वाल सेवा समिति, श्री दिगम्बर जैन पल्लीवाल महा सभा, श्री दिगम्बर जैन पारसनाथ ट्रष्ट, प्राचीणोदय तीर्थ उड़ेसर आदि संस्थाओं का सहयोग रहा।

# विद्युत उपकेन्द्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

**- 24 घंटों के भीतर जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का दिया अल्टिमेटम**

**- स्मार्ट मीटर की समस्या को लेकर शिविर में पहुंची महिला-पुरुषों की भीड़, जनता परेशान**



**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

शिकोहाबाद। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ विद्युत उपकेंद्र शिकोहाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी केंद्र पर व्याप्त व्यवस्थाओं को देखकर अत्यधिक क्षुब्ध नजर आए। उन्होंने इस बात गहरी नाराजगी व्यक्त की।

विद्युत विभाग द्वीरा उपकेंद्र परिसर में जन समस्याओं के समाधान हेतु कैंप आयोजित किया गया। जिसमें आने वाले फरियादियों के बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रमेश रंजन और सीडीओ शत्रोहन वैश्य मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कैंप को व्यवस्थित किया जाए। प्रत्येक चार-.पांच फरियादियों पर एक अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए. ताकि उनकी समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना जा सके. और मौके पर ही समाधान निकाला जा सके। शिविर में उपस्थित एसई ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि प्रतिदिन चालीस से पचास शिकायतें स्मार्ट मीटर और बिजली की अन्य समस्याओं से संबंधित आ रही हैं। इस बात पर जिलाधिकारी ने शख्त रुख अपनाते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत और संबंधित अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां मौजूद जनता की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध है, आप किसी प्रकार से व्यग्र न हो। वहीं कैंप में मौजूद जनता का कहना है कि जिलाधिकारी कैंप पर दस मिनट के लिए आऐ और हमारी कोई समस्या सुने बगैर ही चले गये। उन्होंने पीड़ित उपभोक्ताओं की किसी समस्या को नहीं सुना और ना ही उसका समाधान बताया। जनता स्मार्ट मीटर से काफी परेशान है। लोगों का कहना है कि वह पैसा जमा करते हैं और दस से 15 दिन के भीतर ही पैसा समाप्त हो जाता है और लाइट कट हो जाती है। इससे उनके घर का सभी गणित गड़बड़ा गया है। बच्चों की फीस भी नहीं पर पा रहे हैं।

# शादी समारोह में भोजन के बाद बिगड़ी तबीयत, खाद्य विभाग ने लिए नमूने

**संभल, 27 अप्रैल 2026 (समाज जागरण)**

जनपद संभल के थाना रजपुरा क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर मौलनपुर डांडा में एक शादी समारोह के दौरान भोजन करने के बाद कई लोगों की तबीयत खराब होने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, वीरपाल सिंह की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल हुए मेहमानों ने भोजन करने के बाद अस्वस्थता की शिकायत की। बताया गया कि अधिकांश लोगों ने लौकी की लौंज और गुलाब जामुन का सेवन किया था, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। सूचना मिलने पर विभागीय टीम ने मौके का निरीक्षण कर अवशेष खाद्य पदार्थों—लौकी की लौंज और गुलाब जामुन—के नमूने संग्रहित किए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मिठाई निर्माण में उपयोग किया गया खोया गवां स्थित एक मिष्ठान भंडार से खरीदा गया था।

इसके बाद टीम ने संबंधित मिष्ठान भंडार का भी निरीक्षण किया और वहां से खोया का विधिक नमूना लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह टीम में शामिल रहे।

# पुलिस ने बच्ची को माता-पिता से मिलाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। रविवार को एक तीन साल की बच्ची खेलते हुए घर से निकल कर मोहल्ला मंगल बाजार पहुंच गई। बच्ची को अकेला रोते हुए देख मोहल्ले वालो ने पुलिस को सुचना दी।सुचना पर पहुंची पुलिस बच्ची को थाने ले गई महिला दरोगा प्रेरणा यादब द्वारा उक्त बच्ची से उसका नाम पता बताने के लिए पूछा गया लेकिन वह कुछ नहीं बता पाई पुलिस द्वारा बच्ची के माता पिता का पता लगाने के लिए बच्ची का फोटो सोशल मिडिया पर वायरल किया गया।फोटो वायरल होने के बाद



मोहल्ला शहविलायत निवासी आसिफ अली अपनी पत्नी के साथ थाने पहुचे ओर उन्होने बच्ची को अपनी बेटी बताते हुए उसका नाम जोहा बताया। बच्ची भी अपने माता पिता को देख रोते हुए उनसे लिपट गई जिसके बाद पुलिस ने उक्त बच्ची उसके माता पिता को सोप दिया। इस कार्य से क्षेत्र में महिला दरोगा प्रेरणा यादव की प्रशंसा की जा रही है।

# अरीबा परवीन ने हाईस्कूल में किया शानदार प्रदर्शन, 84.16% अंक प्राप्त

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

जनपद बिजनौर के किरतपुर क्षेत्र के ग्राम बुडगरी निवासी अरीबा परवीन ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा 2026 में 84.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अरीबा परवीन, वाजिद अली की पुत्री हैं और दयानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बुडगरा की मेधावी छात्रा



हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि अरीबा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, मेहनती और अनुशासित रही हैं, जिसका परिणाम उनकी इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। अरीबा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की जा सकती है। अरीबा की इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बीज व्यापारी के कर्मचारियों से दिनदहाड़े लाखों की लूट

## तमंचे के बल पर कर्मचारी से कैश लूटकर फरार हुए बदमाश।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जनपद के सिरसागंज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बेखौफ बदमाशों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस व्यवस्था को चुनौती दे दी। अध्यापक नगर इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक बीज व्यापारी के कर्मचारी से तमंचे के बल पर करीब लाखों रुपये लूट लिए।




जानकारी के अनुसार, ऐदल सिंह का पुत्र बंटी कुमार, जो एक बीज व्यापारी के यहां कार्यरत है, दुकान से नकदी लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा में जमा करने जा रहा था। जैसे ही वह अध्यापक नगर के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उसके पास मौजूद कैश लूट लिया और मौके से फरार हो गए।पीड़ित बंटी कुमार ने बताया कि लूट की इस वारदात में बाइक सवार बदमाश शामिल थे, जिनमें एक लड़की भी मौजूद थी। बंटी ने बताया केवल 10 लाख रुपए जमा करने के लिए जा रहा था घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही सिरसागंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है, वहीं पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# स्कूटी सवार बालक के ऊपर पानी टैंकर का चढ़ा पहिया, घायल

## थाना उत्तर क्षेत्र के जानकी द्वार के पास का मामला, घायल बालक को उपचार को ले गए अस्पताल।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र के रामलीला चौराहा स्थित जानकी द्वार के पास रविवार की शाम को बड़ा हादसा होने से बच गया। जब स्कूटी पर जा रहे दो बच्चों में से एक पहिया के नीचे आ गया। दुकानदारों के शोर मचाते तब तक बालक के पेट के पास पहिया चढ़ गया। किसी तरह से घायल बच्चे को उपचार को जिला अस्पताल भेज दिया। टैंकर चालक मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंच गई।



थाना उत्तर के दम्मामल नगर निवासी आयुष्मान (07) अपने भाई ओम के साथ रविवार शाम रामलीला चौराहा जानकी द्वार की तरफ कुछ सामान लेने जा रहा था। उसी तरफ नगर निगम का टैंकर से पानी लेकर ट्रैक्टर जा रहा था। अचानक टक्कर लगते ही दोनों भाई स्कूटी से छिटककर सड़क पर गिर पड़े। पीछे बैठे आयुष्मान के ऊपर से ट्रैक्टर का पीछे का पहिया निकल गया। पानी के टैंकर चालक ने तुरंत ब्रेक मारकर रोक लिया। इसके चलते आयुष्मान के गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही लोगों की भीड़ लग गई। दुकानदारों एवं राहगीरों ने आयुष्मान को तत्काल भाई ओम के साथ उपचार को ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया। जानकारी होते ही परिजन ट्रामा सेंटर पहुंच गए। परिजन बच्चे को एंबुलेंस की मदद से निजी चिकित्सक के यहां ले गए। सूचना मिलते ही इलाका पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जहां आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। वहीं, हादसा होते ही ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। टैंकर जानकी द्वार के पास बीच सड़क पर खड़ा रहा। इसके चलते काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम के पानी टैंकर से बच्चा घायल हो गया है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जायन्टस ग्रुप चंदौसी वेस्ट के पूर्व अध्यक्ष विवेक कुमार फेडरेशन ऑफिसर मनोनीत

**चंदौसी/मथुरा, 27 अप्रैल 2026 (समाज जागरण)**

मथुरा के रामताल रोड स्थित चंद्रिका रिसॉर्ट में आयोजित जायन्टस वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन-5 की काउंसिल मीट में जायन्टस ग्रुप चंदौसी वेस्ट के पूर्व अध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार को फेडरेशन ऑफिसर के रूप में मनोनीत किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व उपाध्यक्ष एस.पी. चतुर्वेदी, केंद्रीय समिति के मुकेश अग्रवाल, फेडरेशन-5 के अध्यक्ष विपिन मित्तल, राजेश बजाज एवं प्रदीप फौजदार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस अवसर पर एस.पी. चतुर्वेदी ने समाज सेवा के कार्यों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक नए ग्रुप बनाने और सदस्य जोड़ने का आह्वान किया।

काउंसिल मीट के दौरान चौधरी विवेक कुमार को उनकी सेवाओं के लिए एक्सीलेंसी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में फेडरेशन-5 के पूर्व अध्यक्ष पदमा भार्गव, कृष्णऔतार गुप्ता, डॉ. उमेश अग्रवाल और डॉ. शिवराज सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की गतिविधियों और समाजसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

चौधरी विवेक कुमार के फेडरेशन ऑफिसर मनोनीत होने पर सुभाष रस्तौगी, लव कुमार आर्य, अंजू राजपूत, रीता बुढियाल, सीमा वर्मा, डॉ. बी.एम. गौर, प्रवीण अग्रवाल, अनिल अग्रवाल कागजी, भुवनेश वार्ष्णेय, डॉ. श्याम गोआनी, संजय गोयल, विवेक गुप्ता, डॉ. मनीष गुप्ता, अजयकांत नागर, डॉ. मनोज गुप्ता, संतोष वार्ष्णेय, संजय अग्रवाल एवं नेहा बंसल सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। समारोह में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

# बिजनौर के युवक ने अमरोहा मे फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। शनिवार की देर रात क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी युवक नें अमरोहा में फांसी लगाकर आत्माहत्या कर ली सुचना मिलते ही परिजन अमरोहा के लिए रवाना हो गए ओर बिना किसी पुलिस कार्यवाही के शव को घर लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।



थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर रियाय निवासी प्रवेन्द्र पुत्र मूलचंद उम्र 30 वर्ष पिछ्ले काफी समय से अपनी पत्नी व बच्चो के साथ अमरोहा में रहकर एमआर का काम करता था। शनिवार की देर रात किसी समय उसने पंखे के कुंदे से लटक्कर फांसी लगाकर आत्माहत्या कर ली !इस दौरान उसकी पत्नी व बच्चे बरामदे में सोये हुए थे। रविवार की सुबह परिजनों को उसके द्वारा फासी लगाकर आत्माहत्या करने की सुचना मिली सुचना मिलते ही परिजन अमरोहा पहुंचे।ओर उसके शव को घर ले आए बिना किसी कानूनी कार्यवाही के परिजनों नें बालावाली गंगा घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# प्रधानों के सम्मान के बिना खुशहाली और विकास संभव नहीं- रामनिवास यादव

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। प्रधानों के सम्मान के बिना पंचायतों में खुशहाली और विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है धरना रहेगा जारी ' प्रधानों का ताकत दिखाने का वक्त आ रहा है '

उक्त विचार अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने जिला मुख्यालय पर लोकतान्त्रिक मयार्दाओं का पालन कराने को आयोजित



अनिश्चितकालीन धरने को सम्बोधित करते हुये कहा कि लोकतंत्र का क्रियान्वयन और उसकी मयार्दाओ का पालन सरकारों की जिम्मेदारी होती है परन्तु वे जब इसमें असफल हैं तो हम प्रधानों का दायित्व है कि हम पालन करायें अन्यथा लोकतंत्र लूट कराने वाले अपने मंसूबो में कामयाब हो जायेंगे उन्होंने कहा कि पंचायतों के चुनाव समय से ना कराना सरकार की नाकामी या षड्यंत्र जो भी हो प्रधानों को अधिकार चाहिये अन्यथा संघर्ष जारी रहेगा धरने में योगेंद्र सिंह , निरोत्तम सिंह , श्यामबाबू बघेल , अतुल प्रताप सिंह , सुरेश चंद्र , सोनवीर सिंह , सर्वेश कुमार , क्षेत्र पाल सिंह , राजकुमार , अभिषेक कुमार , रामजीलाल , संतोष कुमार , पप्पू सिंह , सुबोध कुमार , पूरन सिंह फौजी , दिनेश कुमार यादव , सूबेदार सिंह राठौर , आशीष कुमार वर्मा , मूलचंद्र वर्मा , ओमकार सिंह , प्रेमपाल सिंह , भूपेंद्र यादव , ताराचंद्र , शिवराज सिंह शाक्य आदि प्रधान मौजूद रहें '

# केशव देव कुशवाहा निर्विरोध हुए उपसभापति

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शहर के पालीवाल हॉल में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे महापौर कामिनी राठौर और नगर आयुक्त प्रशांत कुमार के समक्ष डिप्टी मेयर



पद के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस दौरान केशव देव कुशवाहा को निर्विरोध डिप्टी मेयर चुना गया।

भाजपा के दो पार्षदों केशव देव कुशवाहा और आशीष दिवाकर ने उपसभापति पद के लिए नामांकन किया और सपा से मनोज शंखवार देरी से आने के कारण पर्चा भरने से वंचित रह गए बाद में भाजपा पदाधिकारियों के दवाब के चलते आशीष दिवाकर ने अपना नामांकन वापस ले लिया जिससे के केशव देव कुशवाह निर्विरोध चुने गए।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान माहौल तनावपूर्ण रहा और विपक्षी दलों के पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि उन्हें चुनाव प्रक्रिया से दूर रखा गया और नामांकन दाखिल करने का अवसर नहीं दिया गया। पार्षदों ने चुनाव में गड़बड़ी और पारदर्शिता की कमी का भी आरोप लगाया। बैठक के दौरान केशव देव कुशवाहा, श्याम सिंह यादव,मुनेंद्र यादव,सुभाष यादव देवेंद्र राजपूत मनोज शंखवार, पप्पी शंखवार,आशीष दिवाकर, धर्मपाल सिंह राठौर, राजेश यादव, सुनील मिश्रा, कृष्ण वीर दिवाकर सहित सभी कार्यकारिणी के लोग उपस्थित थे। वहीं नव निर्वाचित डिप्टी मेयर केशव देव कुशवाहा ने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य नगर निगम के विकास कार्यों को गति देना होगा। उन्होंने शहर के बुनियादी ढांचे और जन सुविधाओं को बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया। चुनाव को लेकर उठे विवाद के बीच प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि आधिकारिक स्तर पर इस मामले कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक दिन की हड़ताल पर एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने सौपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

संभल। एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन संभल द्वारा एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर देश के प्रधानमंत्री के नाम अपनी माँगों को लेकर जिला कृषि अधिकारी सम्भल को ज्ञापन सौपा है संगठन के पदाधिकारीयों का कहना है कि खाद बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का एक रजिस्टर संगठन है जिसमें 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व है संगठन द्वारा पिछले 10 सालों से अपनी समस्याओं को लेकर केंद्र और राज्य की सरकारों को इनका निस्तारण करने की मांग की गई और न होने पर 27 अप्रैल 2026 को पूरे देश के कृषि आदान व्यापारी ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की और अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन जनपद के जिला कृषि अधिकारी को सौपा संगठन की मांग है उर्वरक निमार्ता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाए पूरे देश में अनुदानित उर्वरक के साथ गैर अनुदानित उत्पाद बेचने की वाध्यता पर रोक लगें खाद की डिलीवरी डीलर के बिक्री केंद्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाए जिससे डीलरों को प्रति बैग 40 से 50 रुपएं का अतिरिक्त खर्च वहन करना ना पड़े डीलर मार्जिन में वृद्धि की जाए ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के पोर्टल को वैकल्पिक बनाया जाए और इसकी अनिवार्यता केवल निमार्ता एवं थोक विक्रेता तक सीमित रखी जायें दोहरी लाइसेंस प्रथा को बंद किया जाए संगठन की ओर से 12 मांगों को लेकर देश के प्रधानमंत्री के नाम जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौपा है ज्ञापन सौंपने वालों में अजय कुमार तंबाकू महेश शर्मा अजय अग्रवाल हिमांशु मनीष कुमार प्रवीण कुमार हुकुम सिंह दुर्गेश सिंह प्रेमपाल खाद राकेश कुमार अंशुल कुमार सुमित अरविंद सौरभ राजकुमार विजय बाबू सुदेश सिंह रामपाल आदि मौजूद रहे।

# गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग

**समाज जागरण**



कैराना।(फुरकान जंग) गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर नगर में पदयात्रा निकाली गई। इस बाबत प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ऊंचागांव मठ के महाराज डॉ. गौतम नाथ स्वामी के नेतृत्व में संत समाज, गौ रक्षक और युवाओं ने गांव झाडखेड़ी स्थित शिव मंदिर से तितरवाड़ा चुंगी तक पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के दौरान गौ माता की जय और गाय को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाए आदि नारे लगाए गए। तितरवाड़ा चुंगी पर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार अर्जुन सिंह व कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री को ज्ञापन सौंपा गया। स्वामी गौतम नाथ ने बताया कि गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए देशभर में 16 माह का गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर 15 अगस्त 2027 को दिल्ली में संकीर्तन व प्रार्थना सभा और उसके बाद कठोर तपस्या की जाएगी। यदि फिर भी कोई परिणाम सामने नहीं आया, तो आगे निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान विशाल, सुभाष सैनी, शक्ति सैनी, विजय सैनी, वंश सैनी आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ और सुसज्जित वेशभूषा विधार्थियों के व्यक्तित्व को निखारती है, पल्लवी ऐरन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शिशु वाटिका में विद्यालय की वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता, अनुशासन और आत्म विश्वास की भावना को बढ़ावा देना था। प्रधानाचार्या पल्लवी ऐरन ने प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुसज्जित वेशभूषा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारती है। यह न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि उनमें अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करती है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में ऋचा संगल, रमा शर्मा और मांगे राम शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा प्रथम से कनक शहरावत, अविका भारद्वाज और भरत सिंह मलिक, कक्षा द्वितीय से माधव गिरधर, और अनिरुद्ध लोहान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में बिंदिया बिंदल, प्रियंका, स्वाति बंसल, स्वाति जैन, मीनाक्षी शर्मा, सोनी, रूबी, काजल, नीतू, रुचि और दीपा का विशेष सहयोग रहा।

# बिन बरसात के जलभराव सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के मोहल्ला कलंदरशाह में बिन बरसात के ही जलभराव होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सडकों पर गंदा पानी बहने से नगर पालिका द्वारा किए गए विकास कार्यों की पोल खुल गई है। नाले गंदगी से अटे होने से जल निकासी पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। शहर के मोहल्ला कलंदरशाह में पिछ्ले लंबे समय से नाले और नालियों की साफ सफाई न होने से नाला चॉक हो गया है। गदंगी अट जाने से सड़कों पर जलभराव हो रहा है। सोमवार सवेरे जब लोग उठे तो घरों और दुकानों के बाहर गंदा पानी भरा हुआ था। सवेरे स्कूल कालेज जाने वालें बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पडा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारियों की तैनाती अधिकांश क्षेत्र में नहीं की गई है, जिसके कारण मोहल्ले के लोग खुद ही सफाई करने को मजबूर हैं। हम दिन-रात सफाई करते हैं, लेकिन फिर भी जलभराव की समस्या बरकरार रहती है। मोहल्ले में जलभराव के कारण न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि सड़कें भी कीचड़ से भर चुकी हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि नाले और नालियों की सफाई की कमी के कारण जल निकासी की क्षमता प्रभावित हो रही है, और इस वजह से आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होने आरोप लगाया कि मामले की शिकायत कई बार नगर पालिका से की जा चुकी है, लेकिन नगर पालिका अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नही है। वही जलभराव की शिकायतों के बाद दोपहर बाद नगर पालिका टीम मौके पर पहुंची और नाले की साफ सफाई करते हुए जलभराव की समस्या से निजात दिलाई गई।

# तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग बेहाल, सड़कें वीरान

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

सोमवार को तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किए रखा। सवेरे से ही आकाश में तेज धूप के साथ सूर्यदेव ने दस्तक दी थी। तेज धूप के कारण सडकों पर लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। आलम यह हो गया है कि चिलचिलाती धूप और लू के थपेडों से शरीर झुलस रहा था और सडके वीरान नजर आई। पिछ्ले एक सप्ताह से भीषण गर्मी का प्रकोप बढता ही जा रहा है। लगातार तापमान बढने और दिनभर गर्म हवाओं के चलने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सोमवार को तेज धूप और लू के थपेडों से भीषण गर्मी ने लोगों को हाल बेहाल कर दिया। मौसम विभाग ने अधिकतम तापमान 42 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया। सवेरे से ही आकाश में तेज धूप के साथ सूर्यदेव ने दस्त दी। जैसे जैसे सूर्यदेव आकाश की ओर बढते गए वैसे वैसे तेज की तपिश तेज होनी शुरू हो गई थी। दोपहर 11 बजे से ही तेज धूप के कारण लोगों का सडकों पर निकलना मुश्किल हो रहा था। तेज धूप लोगों के शरीर को झुलसा रही थी। तेज धूप से निजात पाने के लिए लोग घरों से बाहर सिर पर गंम्छा रखकर या छाता लेकर निकले। गर्मी के कारण लोगों के हलक भी सूख रहे थे, जिस कारण गन्ने के रस, जलजीरा, नीबू पानी और कोल्ड्रिंग व जूस की की दुकानों पर लोगों की भीड लगी रही। वही चिकित्सकों ने भी अचानक बढते गर्मी के प्रकोप को देखते हुए चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की सलाह दी है।

# दावत से लौट रहे दो युवकों से हुई मारपीट में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे की छोटी नहर पुल के निकट कई दिन पूर्व दावत से लौट रहे दो युवकों के साथ रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामले पुलिस पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है। जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा बुढाना निवासी समीर पुत्र इरफान अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पीड़ित विगत 19 अप्रैल को को वह अपने दोस्त रिहान पुत्र नसीम के साथ कस्बे के मोहल्ला रायजादगान के डगडूंगरा में एक रिश्तेदार के यहां दावत में आया था। देर शाम दोनों दोस्त बाइक से वापस घर लौट रहे थे।आरोप है कि कस्बे की नाला नहर पुलिया के पास पहले से मौजूद नाजिम पुत्र महरुद्दीन निवासी गांव भारसी, भूरा पुत्र फरीद अंसारी निवासी मोहल्ला मुस्तफा बाद नई बस्ती, अकदम पुत्र अशरफ निवासी मोहल्ला गुजरान ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें रोक लिया और अपने चौथे साथी फारुख पुत्र नफीसुद्दीन के कहने पर आरोपियों ने दोनों को नीचे गिराकर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में दोनों युवकों को गंभीर रूप से घायल हो गए थे, मारपीट में समीर के सिर में गंभीर चोट हुई थी आरोपी लहूलुहान अवस्था में छोड़कर शोर सराबा होने पर फरार हो गए थे। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में पुलिस की मदद से भर्ती कराया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर गए थे। वीडियो कैमरा डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद चारों आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# परीक्षा केंद्र के बाहर युवक पर बंदर का हमला, घायल को हायर सेंटर रेफर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के एक परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े युवक पर अचानक बंदर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदर को भगाकर युवक को उपचार के लिए अस्पताल मैं भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर किया है।सोमवार को सहारनपुर जनपद के तीतरो थाना क्षेत्र के गांव ओला खेड़ी निवासी विकास पुत्र देशराज अपनी बहन को होमगार्ड पदों की चल रही परीक्षा दिलाने के लिए बाइक से कस्बे के एक स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर आया था। बताया गया कि युवक परीक्षा केंद्र के बाहर खड़ा था, तभी अचानक एक बंदर ने उस पर हमला बोल दिया। हमले में युवक घायल हो गया।आसपास मौजूद लोगों ने डंडों की मदद से बंदर को मौके से भगाया और घायल युवक को तुरंत नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर घायल अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया ।सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जितेश कुमार ने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार के साथ एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। हालत को देखते हुए उसे आगे के उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# सड़क हादसे में मां–बेटा घायल

**समाज जागरण**

कैराना। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। सोमवार को गांव अलीपुर निवासी राजा अपनी करीब 50 वर्षीय मां रामकटोरी के साथ बाइक से गांव पीरबढ़ बघरा में रस्म तेहरवी में शामिल होने जा रहे थे। शामली रोड पर रास्ते में फैक्ट्री के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजा को डिस्चार्ज कर दिया, जबकि रामकटोरी की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# मकान पर कब्जे के विरोध पर किया हमला

**समाज जागरण**

कैराना। मकान पर कब्जा करने का विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला किया गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी अंकित कुमार ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसका पैतृक मकान है, जिसमें उसके पिता का हिस्सा है और वह खाली पड़ा हुआ है। आरोप है कि मोहल्ले के ही महेंद्र व प्रवीण ने उक्त मकान में तोड़फोड़ करके निर्माण कर रहे थे। रविवार दोपहर करीब 12 बजे उसने निर्माण का विरोध किया, तो गाली-गलौज की गई। इसी दौरान उसका भाई सावन बीच-बचाव के लिए आया, जिस पर धारदार हथियार से हमला किया गया। हमले में सावन गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वेंजर फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) राज्य कराटे चौंपियनशिप का आयोजन लखनऊ के चौक स्टेडियम में 24 से 26 अप्रैल तक किया गया, जिसमें शामली के अवेंजर फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के अध्यक्ष और अवेंजर फाइट क्लब के कोच शिवांश भार्गव ने बताया कि प्रतियोगिता में शौर्य वर्मा ने 35 किलोग्राम श्रेणी में रजत पदक,



आद्रिका मलिक ने 35 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक और युवराज शर्मा ने 45 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखकर स्टेडियम में उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गूंज से उनका उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा, शामली के अन्य छह खिलाड़ी भी अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित करने में सफल रहे, जिनमें वीर वर्मा, आरव चौधरी, युवान भारद्वाज, अद्विक सिंह, आदित्य राठी और अभिनव शर्मा शामिल हैं। अवेंजर फाइट क्लब के क्लब मैनेजर ऋषभ कांत शर्मा ने खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता से भविष्य में देश का नाम ऊंचा होगा और इनके द्वारा किए गए प्रयासों से जिले का गौरव बढ़ेगा।

# व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त डीएम आलोक यादव का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग के नेतृत्व में एक व्यापारी प्रतिनिधिमंडल के रूप में न्यू कलेक्टरेट ऑफिस में नवनियुक्त डीएम आलोक



यादव का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि मंडल हमेशा हर आगंतुक अधिकारी का अभिनंदन करता रहा है। कहा कि शामली जनपद उत्तर प्रदेश का एक विकासशील जनपद है, जहां पूर्व जिलाधिकारी द्वारा कई सराहनीय विकास कार्य किए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त डीएम आलोक यादव के नेतृत्व में जनपद में और भी चहुमुखी विकास कार्य होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिक विकास की लंबी रेखा खींचेंगे और जनपदवासियों का दिल जीतेंगे। इस मौके पर सुभाष चंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, राजेश सिंघल, राजेश जैन, रवि संगल, अमित गर्ग, महेश विमान, ऋषभ जैन, शिवांग गर्ग, रोहित संगल उपस्थित रहे।

# भूमाफियाओं ने भूमि पर अवैध कब्जा कर धार्मिक स्थल तोड़कर प्लॉटिंग करने का आरोप

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

एक महिला ने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए दबंग भूमाफियाओं द्वारा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने और धार्मिक स्थल तोड़कर प्लॉटिंग करने की शिकायत की है। जनपद मुज फ्फरनगर निवासी गीता काकरान ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी भूमि पर कुछ भूमाफिया कब्जा करना चाहते हैं। यह भूमि कांधला कस्बे में स्थित है, और यह ऐतिहासिक रूप से एक धार्मिक स्थल रही है। उक्त भूमि को विपक्षीगण जयवीर सिंह, सुदेश, अमित, यशपाल, हरीश मोहन और अन्य ने जालसाजी और धोखाधड़ी के जरिए दूसरे लोगों को बेच दिया है, जिनका इस भूमि पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है। आरोप लगाया कि यह लोग अपने राजनैतिक संपर्कों का इस्तेमाल कर अपना दबदबा बनाए रखते हैं और उन्हें धमकी भी देते हैं कि वे किसी भी कार्यवाही से बच सकते हैं। कहा कि इन लोगों के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, क्योंकि ये लोग स्थानीय राजनैतिक प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ जुड़े हुए हैं। उन्होने मामले की तुरंत जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक विशेष सत्र का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्या भारती की शिक्षण पद्धति और शारीरिक-मानसिक विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य राजीव जी ने उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए इस विषय पर अपनी महत्वपूर्ण राय साझा की। राजीव ने विद्या भारती के आधारभूत पांच विषयों योग, संगीत, संस्कृत, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा और शारीरिक शिक्षाकृपर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह पांच विषय न केवल छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों और संस्कृति से भी जोड़ते हैं। कहा कि एक समग्र व्यक्तित्व के निर्माण के लिए ये विषय अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दूसरे चरण में योग के महत्व पर जोर दिया। आज की तेज-तर्रार जीवनशैली में स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। इसके बाद, उन्होंने छात्राओं को कुछ सरल आसनों का अभ्यास कराया और एकाग्रता बढ़ाने के लिए प्राणायाम के लाभ बताए। मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) गो सम्मान आहवान अभियान के अंतर्गत गौ सेवकों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में देशभर में अखिल वेदालक्षणा गोमाता की विधिवत सेवा, सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करने के लिए केंद्रीय कानून बनाने की मांग की गई है। साथ ही, गो पालन मंत्रालय की स्थापना की भी मांग की गई है।

सोमवार को दिए ज्ञापन में कहा गया कि गोमाता हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का जीवित प्रतीक है और जब तक गोमाता असुरक्षित है, तब तक हमारी सांस्कृतिक पूर्णता अधूरी है। बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल लोक जैसे प्रोजेक्ट्स के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक आभा को पुनर्जीवित किया है, और अब गोमाता को राष्ट्रीय सम्मान देकर वे भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान की इस प्रक्रिया की पूणार्हुति कर सकते हैं। वर्तमान में भारतीय गोवंश की स्थिति अत्यंत पीड़ादायक है। गोवंश की तस्करी, हत्या और सड़कों पर उनकी दुर्दशा देखकर हर सनातनी भारतीय का दिल दुखता है। इसके परिणामस्वरूप पूरे राष्ट्र को गोवंश के सम्मान, सुरक्षा और सेवा की आवश्यकता है। गोवंश सिर्फ धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की भी धुरी है। इसे संरक्षित करने के लिए प्राकृतिक कृषि को अपनाना बेहद जरूरी है, ताकि किसान रासायनिक खादों के विषैले चक्र से मुक्त होकर आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ सकें। इस अवसर पर गो सेवक सोनू मोनू आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय इंटर हाउस प्रतियोगिता का समापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल में तीन दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन सोमवार को बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के बीच किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन श्रेणियों में किया गया, और कक्षा 6 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों के बीच रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। पहले मैच में अवेंजर हाउस और वारियर हाउस के बीच मुकाबला हुआ। अवेंजर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 52 रन बनाए, जबकि वारियर हाउस 38 रन ही बना सका। अवेंजर हाउस ने इस रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। दूसरे मैच में एक्सप्लोरर हाउस और इनोवेटर हाउस के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। एक्सप्लोरर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल 38 रन बनाए, जबकि इनोवेटर हाउस ने 40 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबला इनोवेटर हाउस और अवेंजर हाउस के बीच खेला गया। अवेंजर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 54 रन बनाए, लेकिन इनोवेटर हाउस ने 55 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। इस प्रकार इनोवेटर हाउस ने प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अवेंजर हाउस दूसरे स्थान पर रहा। तृतीय स्थान के लिए एक्सप्लोरर हाउस और वारियर हाउस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें वारियर हाउस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 8 ओवर में 45 रन बनाए और मुकाबला जीतकर तीसरे स्थान पर कब्जा किया।

# --योगी सरकार में बिना भेदभाव के पहुंच रहा हर व्यक्ति को लाभ रामजीलाल कश्यप

--भाजपा के कार्यक्रम मेंमहिलाओं-पुरुषों की उमडी भारी भीड़, २०२७ में फिर कमल खिलाने का आह्वान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान के गोचर कल्याणकारी इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में भारतीय जनता पार्टी के के कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई बैठक में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की भीड़ उमड़ी, कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्रपाल दरोगा ने की,और संचालन विनीत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप का जिला मंत्री बबीता चौधरी और मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन ने पगड़ी पहनाकर व फूल-मालाएं भेंट कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है और उसका मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।विशिष्ट अतिथि रूबी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में भयमुक्त वातावरण बना है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं और विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं। साथ ही वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पुनः विजयी बनाने का आह्वान किया।इस दौरान पुनीत द्विवेदी, विशेष सरोहा, श्रीपाल आर्य, राजेश मलिक और राजेंद्र मदलपुर ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विशेष रूप से राकेश चौहान, अरविंद चौहान, पप्पन चौहान, अरविंद मैनेजर, मिंटू कोरी, पल्ले कोरी, सत्तू कोरी, राहुल उपाध्याय और रामपाल मैनेजर सहित सैकड़ों ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# --चबूतरे के विवाद में पिता-पुत्र पर हमला, धारदार हथियार से किया लहूलुहान

--गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर, तहरीर पर पुलिस जांच शुरू

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पड़ोसियों के बीच चबूतरे के नुकसान को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने पिता-पुत्र पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, मारपीट में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी आशिक अली ने बताया कि उनके पड़ोसी मकान निर्माण कार्य करा रहे हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट लेकर जा रहे थे, इसी दौरान उनके घर के बाहर बना चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया था। उस समय ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और क्षतिग्रस्त चबूतरे को ठीक कराने का आश्वासन दिया गया था।आरोप है कि सोमवार को आशिक अली अपने पुत्र दाऊद के साथ पड़ोसी के घर चबूतरा ठीक कराने की बात कहने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपियों ने अचानक उन पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई, जबकि परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# -गेहूं और गन्ने की फसल में लगी आग, किसानों को भारी नुकसान

-संदिग्ध परिस्थितियों में उठीं लपटें, देखते ही देखते कई बीघा फसल जलकर राख

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं और गन्ने की फसल में आग लगने से किसानों की कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। खेतों से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किसानों ने प्रदेश सरकार से मुआवजे की मांग की है।

गांव खंद्रावली निवासी साहिल चौहान की जमीन गांव के ही इश्तियाक ने ठेके पर ले रखी है। इश्तियाक ने करीब दस बीघा जमीन पर गेहूं की फसल की बुवाई की थी। इन दिनों खेत में गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा था।सोमवार को अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं की फसल में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।आग की चपेट में बराबर में गाव एरेटी निवासी पड़ोसी किसान संतोष शर्मा का खेत भी आ गया। संतोष शर्मा के खेत में करीब तीन बीघा गन्ने की खड़ी फसल थी,जो आग लगने से जल गई। से दोनों किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। दोनों किसानों का कहना है कि उनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है किसानों ने प्रदेश सरकार से मुवावजे की मांग की है।

# गली में बकरी बांधने के विवाद में घर में घुसकर चाकूबाजी, युवक की हत्या ; माता - पिता और भाई - बहनें घायल

## बड़का रोड पर सलामी मैरिज होम के पास वारदात, परिवार के 6 लोग चाकू के शिकार; इलाके में तनाव, पुलिस बल तैनात

**समाज जागरण बड़ौत।**



नगर के बड़का रोड पर गली में बकरी बांधने के विरोध को लेकर हुए विवाद में 25 वर्षीय शोएब पुत्र आस मोहम्मद की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में पिता आस मोहम्मद, छोटा भाई फरमान, बहनें फरा, फरहा और मां गुड्डो भी घायल हो गईं। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।बड़का रोड पर सलामी मैरिज होम के पास एक गली में बकरी बांधने को लेकर रविवार रात दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह फिर से गली में बकरी बांधने का विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। दूसरे पक्ष के लोग अचानक घर में घुस आए और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने शोएब पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए उसके पिता आस मोहम्मद, भाई फरमान, बहनें फरा और फरहा तथा मां गुड्डो भी हमले में घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शोएब को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जांच अधिकारी दीक्षित त्यागी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# बड़का गांव में 'गौ हत्या बंद हो' अभियान के समर्थन में जनसत्ता दल ने दिया ज्ञापन, की पूजन

## जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एसडीएम भावना सिंह को सौंपा ज्ञापन, आचार्य मधुसूदन शास्त्री ने कराई गौ पूजन

**समाज जागरण बड़ौत।**



तहसील क्षेत्र के बड़का गांव में देशभर में चल रहे गौ हत्या बंद हो अभियान के समर्थन में जनसत्ता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संपूर्ण भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और संबंधित कानूनों के सख्त पालन की मांग की गई। जनसत्ता दल के तत्वावधान में गांव में श्रद्धा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान गौ संरक्षण की भावना के साथ विधि-विधान से पूजन किया गया और उपस्थित लोगों ने गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एकजुटता दिखाई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए सरकार और प्रशासन को इस विषय पर गंभीरता से कदम उठाने चाहिए और अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगानी चाहिए। ग्राम बड़का में वरिष्ठ समाजसेवी आचार्य पंडित मधुसूदन शास्त्री ने कहा कि हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना जाता है जिसमें 33 कोटि देवी-देवता वास करते हैं। उन्होंने विधि-विधान के साथ वेद मंत्रों से गौ माता को फूलों की मालाएं पहनाकर गाय की पूजा-अर्चना की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, समाजसेवी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर गौ रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस मौके पर अतल सिंह, विजयपाल चौहान पूर्व प्रधान, विनोद कुमार, संजय चौधरी, बंटी चौधरी, रण सिंह चौधरी, कपिल चौधरी, सोनू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने छपरौली के मेधावी छात्र तुषार को दी बधाई, घर पहुँचकर खिलाई मिठाई

## 93% अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, माता-पिता को भी दी शुभकामनाएं

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान रविवार को छपरौली गांव पहुंचे और मेधावी छात्र तुषार को 93% अंक प्राप्त करने पर बधाई दी। सांसद ने तुषार को पुष्पगुच्छ भेंट कर अपने हाथों से मिठाई खिलाई और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे सीमित संसाधनों में भी कमाल कर रहे हैं। बड़ौत तहसील क्षेत्र के छपरौली निवासी सत्येंद्र के पुत्र तुषार ने हाल ही में घोषित हुए परीक्षा परिणामों में 93% अंक हासिल करके पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस शानदार उपलब्धि पर सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान स्वयं तुषार के आवास पर पहुंचे। सांसद ने तुषार को पुष्पगुच्छ भेंट किया और अपने हाथों से मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने छात्र के माता-पिता और परिजनों को भी बधाई दी। डॉ. सांगवान ने कहा, सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का ऐसा प्रदर्शन हम सबके लिए गर्व की बात है। एकाग्रता और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं है। उन्होंने तुषार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव मार्गदर्शन और मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर तुषार के परिवार ने सांसद का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फैजपुर निनाना के ग्राम प्रधान रोहित धनखड़, उज्ज्वल खोखर, धर्मेंद्र खोखर सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, दोपहर में सड़कों-बाजारों में पसरा सन्नाटा

## 42 डिग्री तापमान से लोग घरों में कैद, 1 घंटे बिजली कटौती ने बढ़ाई मुसीबत, सीएचसी प्रभारी ने दी लू से बचाव की सलाह

**समाज जागरण बड़ौत, बागपत।**



बड़ौत शहर में अप्रैल के आखिरी दिनों में ही मई-जून जैसी भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 42 डिग्री पहुंचने से दोपहर 10 बजे से शाम 5 बजे तक सड़कें और बाजार सुनसान पड़े हैं। लू के डर से लोग घरों में कैद हैं और बिजली कटौती ने परेशानी और बढ़ा दी है। बड़ौत शहर में इस बार अप्रैल खत्म होते-होते ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया है। रविवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसके चलते सड़कें रेगिस्तान की तरह तप रही हैं। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शहर की सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। दुकानदार भी ग्राहकों के इंतजार में दुकानों में ही सोने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के कारण कामकाज पूरी तरह प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अप्रैल में ही यह हाल है तो मई-जून में स्थिति और भयानक हो जाएगी। इसी बीच शहर में 1 घंटे की बिजली कटौती से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। घरों में इनवर्टर, पंखे और कूलर बंद होने से लोगों में खलबली मच गई। बड़ौत सीएचसी प्रभारी डॉ. विजय कुमार गर्ग ने बताया कि गर्मी के कारण चक्कर आना, सिर दर्द और उल्टी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलते समय सिर को सूती कपड़े से ढककर निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें और ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखने की अपील की, क्योंकि वे लू के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। बुजुर्गों को ठंडे पदार्थ लेने और अधिक आराम करने की सलाह दी गई है। लू से बचने के लिए लोग अब घरों से निकलने से कतरा रहे हैं, जिसके चलते पूरे शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# राम कॉलोनी में कन्फेक्शनरी की आड़ में शराब-ड्रग्स का कारोबार, महिलाओं का निकलना हुआ मुश्किल

## नेहरू रोड पर खुलेआम बिक रही शराब, गुंडों का लगा जमावड़ा; कॉलोनीवासियों ने एसडीएम, नगर पालिका से की कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण बड़ौत।**

नेहरू रोड स्थित राम कॉलोनी के निवासियों ने प्रशासन, नगर पालिका अध्यक्ष, एसडीएम और थाना प्रभारी से अपील की है। कॉलोनी के बाहर अनुज जैन उर्फ सोनू की कन्फेक्शनरी दुकान पर शराब-बीयर और ड्रग्स बेचने का आरोप लगाया गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि गुंडों के जमावड़े से महिलाओं और बच्चों का गली से निकलना मुश्किल हो गया है।कॉलोनीवासियों ने बताया कि राम कॉलोनी नेहरू रोड की सबसे पाश और सभ्य कॉलोनी है, जहां सभी परिवार सम्मानित और पढ़े-लिखे हैं। लेकिन गली के बाहर स्थित कन्फेक्शनरी की दुकान पर शराब-बीयर और ड्रग्स बेची जा रही है। दुकानदार अनुज जैन और उसका 18 साल का बेटा आती-जाती महिलाओं-बेटियों पर फब्तियां कसते हैं। आरोप है कि पुलिस ने पहले भी दुकान से शराब बरामद कर आरोपी को 2-3 बार उठाया था, फिर भी नशे का कारोबार जारी है। दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर पूरा रास्ता जाम कर दिया जाता है।निवासियों का कहना है कि पठानकोट और बडका रोड के



आवारा लड़कों ने यहां अड्डा बना लिया है। बराबर की राशन वाली गली में स्मैक फूंकी जाती है, शराब पी जाती है। मेन गली में हमेशा 10-12 आवारा लड़के सिगरेट पीते रहते हैं। शाम को मंदिर से आने वाली महिलाओं का निकलना मुश्किल हो गया है। दुकान के सामने एक महिला डॉक्टर का फिजियोथेरेपी क्लीनिक है। गुंडों के जमावड़े के कारण महिला मरीजों ने आना बंद कर दिया है और क्लीनिक बंदी के कगार पर है।कॉलोनीवासियों ने सवाल उठाया कि नेहरू रोड पुलिस चौकी चंद कदम की दूरी पर होने के बावजूद पुलिस की नाक के नीचे शराब और ड्रग का धंधा चल रहा है। चर्चा है कि दुकानदार अनुज उर्फ सोनू पुलिस को महीना भेजता है।निवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि गली में खुलेआम बिक रही शराब की बिक्री बंद कराई जाए और 2 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि गुंडों का जमावड़ा न लगे। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर उच्च स्तर और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेजी जाएगी। कॉलोनीवासियों ने कहा कि प्रशासन को इस सभ्य गली की मयार्दा बनाए रखनी चाहिए।

# एक कॉल से बची ज़िंदगी - बागपत में बाल विवाह रुकवाया, 15 वर्षीय किशोरी सुरक्षित

## चाइल्ड हेल्पलाइन की सूचना पर पुलिस ने रात 1 बजे की कार्रवाई, वन स्टॉप सेंटर में रखा गया

**समाज जागरण बागपत ।**



चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिली सूचना के बाद हरचंदपुर गांव की 15 वर्षीय नाबालिग बालिका का बाल विवाह समय रहते रुकवा दिया गया। बीती रात लगभग एक बजे थाना बागपत पुलिस एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने त्वरित कार्रवाई कर किशोरी का जीवन और भविष्य सुरक्षित किया। पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर विवाह रुकवाया। इस कार्रवाई में थाना बागपत पुलिस का पूर्ण सहयोग मिला। संस्था ग्रामीण समाज विकास केंद्र ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके माध्यम से समय पर सूचना एवं समन्वय संभव हो पाया। बालिका को तत्काल संरक्षण में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है, जहां उसे आवश्यक देखभाल और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। यह कार्रवाई बालिका के अधिकारों की रक्षा का उदाहरण है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह जैसे अपराधों पर अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संबंधित परिवारजनों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण विकास केंद्र के माध्यम से परिवार को जागरूकता, परामर्श एवं आवश्यक सहयोग भी दिया जा रहा है।

# आदि शंकराचार्य प्राकट्य पखवाड़े पर डीएम को भेंट किया चित्र व पत्रिका

## धर्म संघ ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल को किया आमंत्रित, कार्यक्रम में आने की दी स्वीकृति

**समाज जागरण बागपत ।**

अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ खेकड़ा के तत्वावधान में भगवान आदि शंकराचार्य प्राकट्य पखवाड़े के अंतर्गत प्रशासनिक अधिकारियों को भगवान आदि शंकराचार्य का चित्र और व्रतोत्सव तिथि पत्रिका भेंट की जा रही है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर धर्म संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल को भगवान आदि शंकराचार्य का चित्र और व्रतोत्सव तिथि पत्रिका भेंट




की। प्रतिनिधिमंडल में धर्म संघ महामंत्री चौधरी उमेश शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा व अतुल रुहेला शामिल रहे। पत्रिका का अवलोकन कर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि यह पर्व पत्रिका भारतीय सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में धर्म गंगा का प्रवाह बनकर प्रवाहित होगी। जनमानस इस पत्रिका द्वारा सरल भाषा में अपने त्योहारों और व्रतों का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने धर्म संघ के सभी सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धर्म संघ खेकड़ा द्वारा समय-समय पर जो सामाजिक और धार्मिक कार्य किए जाते हैं, उसके लिए सभी सदस्य प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने शीघ्र ही आयोजित होने वाले धर्म संघ के कार्यक्रम में आने की स्वीकृति भी प्रदान की।

# 42 डिग्री तापमान से जनजीवन ठप, मजदूरों पर टूटी आफत; बाजार-कचहरी में सन्नाटा

## लू के थपेड़ों से सड़कों पर पसरा सन्नाटा, दिहाड़ी मजदूर - रेहड़ी वाले बेहाल; शॉर्ट सर्किट से दुकानों- वाहनों में लगी आग

**समाज जागरण बड़ौत।**



एनसीआर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप आसमान से आफत बनकर बरस रहा है। बढ़ती गर्मी खेतों में काम कर रहे मजदूरों पर सबसे बड़ी आफत बनकर टूटी है। आज तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर तक लू के थपेड़ों के कारण शहर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी के कारण व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। शहर के प्रमुख बाजार बंद जैसे नजर आ रहे हैं। कोर्ट-कचहरी, दीवानी, कलेक्ट्रेट में भी सन्नाटा छाया हुआ है।दिहाड़ी पर काम करने वाले मजदूर, रेहड़ी वाले, ई-रिक्शा चालक और सड़क किनारे पटरी लगाने वाले सबसे ज्यादा बेहाल हैं। भीषण गर्मी के कारण सार्वजनिक स्थानों के आसपास काम करने वाले दैनिक मजदूर भी छुट्टी कर घरों की तरफ रवाना हो गए। सड़क किनारे रोजाना कमाने वाले परिवारों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है। जगह-जगह शॉर्ट सर्किट होने से दुकानों में भी आग लग रही है। सड़कों पर चलने वाले वाहन आग का गोला बनकर जल रहे हैं। इस सप्ताह दर्जनों वाहन सड़कों पर आग की चपेट में आ चुके हैं। गर्मी से राहत के फिलहाल कोई संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। दुकानदार भी 12 बजे के बाद अपनी दुकानों के शटर बंद कर घरों की तरफ चले जाते हैं और शाम 5 बजे के आसपास आकर ही दुकान खोल रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि लू और गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पिएं, तरल पदार्थ का सेवन करें तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। दोपहर के समय सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम करें।

# टोल प्लाजा, अवैध खनन व सड़क समस्याओं को लेकर अपना दल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद में टोल प्लाजा व्यवस्था, अवैध खनन और सड़कों की खराब स्थिति को लेकर अपना दल ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा और विभिन्न बिंदुओं पर जांच व कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग की स्थिति को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। बताया गया कि इस मार्ग की कुल लंबाई 112.92 किलोमीटर है, लेकिन इस पर चार टोल प्लाजा स्थापित कर टोल वसूली की जा रही है, जो मानकों के विपरीत है। संगठन ने सवाल उठाया कि जब शासनादेश के अनुसार 60 किलोमीटर पर एक टोल प्लाजा होना चाहिए, तो इस मार्ग पर चार टोल प्लाजा किस आधार पर बनाए गए और किन अधिकारियों की अनुमति से इन्हें संचालित किया जा रहा है। साथ ही इन टोल प्लाजों को जारी की गई एनओसी की भी जांच कर उसे निरस्त करने की मांग की गई है। लोढ़ी टोल प्लाजा की स्थिति को लेकर भी गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई। ज्ञापन में कहा गया है कि यहां 16 लेन होने के बावजूद अक्सर 5 से 6 लेन बंद रहती हैं, जिससे भारी जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। कई बार एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं। घंटों तक ट्रकों की लंबी कतारें लगने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि टोल प्लाजा प्रबंधन द्वारा सड़क की क्षति रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। साथ ही टोल प्लाजों पर एम्बुलेंस सुविधा, प्रदूषण नियंत्रण, शौचालय, साफ-सफाई और पानी छिड़काव जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। ज्ञापन में यह मांग भी की गई कि टोल प्लाजों पर कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, उनकी वैधता, श्रम कानून के तहत पंजीकरण और असलहाधारी कर्मचारियों की जांच कराई जाए। ज्ञापन में टोल प्रबंधन द्वारा आपातकालीन सेवाओं को लेकर दी गई जानकारी को भ्रामक बताते हुए कहा गया कि वास्तविक स्थिति इससे अलग है और एम्बुलेंस को प्राथमिकता देने की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू नहीं है। इसलिए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने जनपद में अवैध खनन और सड़कों की बदहाल स्थिति का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि अवैध खनन के कारण सड़कों को भारी नुकसान पहुंच रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इस पर भी तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान दिनेश बियार (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य), अभिषेक पटेल (कार्यवाहक प्रदेश सचिव, युवा मंच), प्रीति सिंह राजपूत (कार्यवाहक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंच), सुरजीत पटेल, विनोद यादव, नीरज सिंह पटेल, चंद्रशेखर पटेल, स्नेहलता पांडेय, सत्यम जायसवाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएसएसएसबी में रसायन विज्ञान में ऑल इंडिया टॉपर पूर्णिमा को एवीएस में सम्मान

## डॉ. राजीव गुप्ता पुट्ठी ने दिया सर्व समाज गौरव सम्मान, बेटियों के लिए बताया प्रेरणा

**समाज जागरण बड़ौत।**

डीएसएसएसबी की परीक्षा में रसायन विज्ञान विषय में पूरे भारत में प्रथम स्थान हासिल करने वाली पूर्णिमा को एवीएस इंस्टीट्यूट, बड़ौत में सम्मानित किया गया। मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेड़ा के प्राचार्य एवं एवीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. राजीव गुप्ता पुट्ठी ने अपनी टीम के साथ पूर्णिमा को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया और सर्व समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि



पूर्णिमा से बेटियों को प्रेरणा लेते हुए अपना लक्ष्य निर्धारित कर कामयाबी हासिल करनी चाहिए। मास्टर वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि पूर्णिमा ने हम सबका नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में पूर्णिमा के परिजन भी उपस्थित रहे। पूर्णिमा ने एवीएस की टीम का आभार व्यक्त किया। एवीएस की पूरी टीम ने पूर्णिमा को बधाई व शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में जयभगवान गर्ग, डॉ. योगेश जिंदल, नितिन गुप्ता, सचिव गुप्ता, एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल, अमित जैन विक्की, विवेक गुप्ता आदि शामिल रहे।

# विवाह नहीं, सहमति सर्वोपरि : वैवाहिक बलात्कार पर कानून की आवश्यकता

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत की रहने वाली, दिल्ली हाई कोर्ट एंड डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की एडवोकेट ईशा रुहेला ने कहा कि वैवाहिक बलात्कार जैसे गंभीर अपराध पर स्पष्ट और सख्त कानून बनाया जाना आज समय की अनिवार्य मांग है, ताकि हर व्यक्ति की शारीरिक स्वायत्तता और गरिमा की प्रभावी रक्षा सुनिश्चित की जा सके। ईशा रुहेला ने कहा कि कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि समाज को यह स्पष्ट संदेश देना भी है कि किसी भी परिस्थिति में बिना सहमति के संबंध स्थापित करना अस्वीकार्य है—चाहे वह विवाह के भीतर ही क्यों न हो। विवाह का संबंध केवल साथ रहने का अनुबंध नहीं, बल्कि दो व्यक्तियों के बीच समानता, सम्मान और स्वेच्छा पर आधारित एक गरिमामय साझेदारी है। ऐसे में वैवाहिक बलात्कार इस पवित्र बंधन की आत्मा पर सीधा आघात है, जहाँ एक साथी की इच्छा और असहमति को अनदेखा कर उसके शरीर और अस्तित्व पर जबरन अधिकार स्थापित किया जाता है। यह केवल शारीरिक अत्याचार नहीं, बल्कि मन, आत्मा और गरिमा का भी गहरा उल्लंघन है, जो पीड़ित को भीतर तक तोड़ देता है। किसी भी रिश्ते में सहमति क्षण-क्षण पर आवश्यक होती है—विवाह इसे समाप्त नहीं करता, बल्कि और अधिक संवेदन शील बनाता है। यह समझना अनिवार्य है कि पति-पत्नी का संबंध अधिकार नहीं, बल्कि परस्पर सम्मान और जिम्मेदारी का दायित्व है। जब तक समाज इस सच को स्वीकार कर पीड़ितों की आवाज को महत्व नहीं देगा, तब तक न्याय, समानता और मानव गरिमा की अवधारणा अधूरी ही रहेगी।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना: युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर, 8 मई तक करें आवेदन

**समाज जागरण**

सिरसा,कालांवाली 27 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) भारत सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास को लेकर प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य देशभर के एक करोड़ युवाओं को 500 कंपनियों में आगामी पांच वर्षों के दौरान इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करना है।

योजना के तीसरे चरण के तहत मार्च 2026 से दिसंबर 2026 तक एक लाख 10 हजार इंटर्नशिप प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं (10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा व स्नातक) को मल्टीनेशनल कंपनियों के विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने का सुनहरा मौका मिलेगा। योजना में भाग लेने के लिए पात्रता शर्तों के अनुसार आवेदक नियमित पढ़ाई नहीं कर रहा हो, उसने पहले कोई अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण न लिया हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक न हो तथा परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी न हो।

चयनित युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान प्रति माह 9,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा। इंटर्नशिप की अवधि 6 से 9 माह तक होगी। इसके अलावा, एकमुश्त 6,000 रुपये आकस्मिक खर्च के रूप में भी प्रदान किए जाएंगे। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए युवा www.pminternship.mca.gov.in पर विजिट कर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक युवा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिरसा में किसी भी कार्यदिवस पर पहुंचकर निःशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा समय रहते आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# रुलिया राम सिंगला ने भारत विकास परिषद जैतो की संभाली अध्यक्षता की कमान

**पंजाब जैतो मन्नू शर्मा पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,27 अप्रैल : क्षेत्र की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो का वार्षिक अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का पद ग्रहण समारोह चौधरी चिरंजी लाल धर्मशाला में साधारण पर खूबसूरत ढंग से आयोजित हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि नगर कौंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष व पार्षद प्रदीप सिंगला थे जबकि इंसटालैशन अधिकारी पंजाब विकास परिषद के प्रदेश सचिव राजेंद्र पपरेजा थे। परिषद के पी.आर.ओ.रिंकू बिंदल के अनुसार इस पद ग्रहण समारोह में भारत विकास परिषद जैतो के लिए साल 2026-27 के लिए चुने गए अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला के साथ भारत विकास परिषद पंजाब से आए अधिकारी राजेंद्र पपरेजा ने उनकी नई टीम और नए सदस्यों शाहिल गर्ग,धीरज सिंगला, प्रदीप कुमार व जसवंत राय गोयल को परिषद के नियमों की शपथ दिलाई



इस बीच ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों जिसमें पैटर्न मोहन लाल सिंगला, उपाध्यक्ष सतीश गोयल व प्रवीण गर्ग, सचिव शंधाषू जिंदल, संयुक्त सचिव अंकूश सिंगला व लक्ष्मी देवी, कोषाध्यक्ष कृष्ण मित्तल, संयुक्त भरत बांसल,आल प्रोजैक्ट चेयरमैन सुनील सिंगला व ममता जिंदल, स्टेज सचिव सुरेंद्र माहेश्वरी, कानूनी सलाहकार नीरज माहेश्वरी व संगीता शर्मा,स्टेट कार्यकारिणी सदस्य प्रहलाद राय गर्ग,विजय सिंगला, संजय मित्तल व मुकेश बांसल,सोसवा इंचार्ज रुलिया राम सिंगला व सुनील सिंगला, सेविंग सैंटर इंचार्ज ममता जिंदल को भी शपथ दिलाई। इसके कार्यकारिणी सदस्य उमाशंकर शर्मा एडवोकेट, कश्मीरी लाल गर्ग, अश्विनी अरोड़ा, मोहन लाल जिंदल, कुलभूषण सिंगला, पंकज शर्मा, विकास गोयल एवी, नरेश गोयल लविश सिंगला, अनुज रानी कांसल,रितू सिंगला व रेणु गर्ग को भी शपथ ग्रहण में शामिल किया गया है। इस अवसर पर अन्य इसके रमेश मोंगा, जगदीश अरोड़ा, चंद्र अग्रवाल,मेजर सिंह व जगदीश बांसल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर जाने - माने समाज सेवी व मारवाड़ी समाज सभा के संस्थापक व अध्यक्ष राज कुमार गर्ग (राजू भाई ), पार्षद जीतू बांसल व उद्योगपति राजेश जिंदल आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# कुंडलपुर-पटेरा मार्ग पर भीषण सड़क हादसा: फोर व्हीलर-बाइक की आमने-सामने टक्कर, युवक की मौके पर मौत

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह।जिले में कुंडलपुर-पटेरा मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां भरतला पुलिया के पास फोर व्हीलर और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ग्राम रामगढ़ (कुंडलपुर) निवासी चंद्रभान पटेल (पिता खूबचंद पटेल) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी भरतला पुलिया के समीप सामने से आ रहे फोर व्हीलर वाहन से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और चंद्रभान पटेल को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

इस हृदयविदारक हादसे के बाद गांव और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गौ-सम्मान आह्वान अभियान का दिखा व्यापक असर, तहसील कार्यालयों में सौंपे गए ज्ञापन

**एकजुटता का दिखा जोर, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व के नाम भेजा हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र**

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। गौ-रक्षा एवं गौ-वंश संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे गौ-सम्मान आह्वान अभियान ने सोमवार को दमोह जिले में जनआंदोलन का रूप ले लिया। दमोह शहर सहित अन्य तहसील में निकली भव्य शोभायात्रा में नागरिकों की भागीदारी ने इस अभियान को नई ऊर्जा दी। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दो जैसे नारों से पूरा जिला गूंज उठा और जनभावनाएं खुलकर सामने आईं।



दमोह में शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सागर नाका स्थित तहसील कार्यालय पहुंची, जहां प्रशासन को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से गोवंश की सुरक्षा, संवर्धन और सम्मान के लिए ठोस नीतियां बनाने की मांग की गई। इस दौरान वैष्णवी निस्वार्थ गौ सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक नेमा ने उपस्थित जनसमूह को गौ-रक्षा की शपथ दिलाई और समाज को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। वहीं हिंदू संगठन के विक्रांत गुप्ता ने ज्ञापन का वाचन कर अभियान की प्रमुख मांगों और उद्देश्यों को विस्तार से रखा। दमोह में तहसीलदार रॉबिन जैन को ज्ञापन सौंपा गया, जबकि पटेरा में नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल और पथरिया में तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी को भी इसी क्रम में ज्ञापन सौंपे गए। जिले की अन्य तहसीलों में भी बड़ी संख्या में नागरिक एकत्रित होकर इस अभियान का हिस्सा बने।

आयोजन में बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों, गौसेवकों और समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अनुशासन, आस्था और एकजुटता के साथ निकली इस रैली ने यह स्पष्ट कर दिया कि गौ-रक्षा का मुद्दा अब जनभावना से जुड़कर व्यापक स्वरूप ले चुका है। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गौ-संरक्षण केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था, पर्यावरण संतुलन और मानव स्वास्थ्य से जुड़ा राष्ट्रीय विषय है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार इस सशक्त जनआवाज पर कितना गंभीरता से निर्णय लेती है।

# अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय अधिवेशन में नरेश गर्ग को सेवा रत्न सम्मान से किया सम्मानित

## कालांवाली शाखा को सेवा कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र

**समाज जागरण**

कालांवाली 27अप्रैल (सुरेश जोरासिया) अखिल भारतीय सेवा संघ का प्रांतीय अधिवेशन वरवाला में हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेश गर्ग को ह्यसेवा रत्नह्न सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया।



अधिवेशन के दौरान कालांवाली शाखा की विशेष भूमिका को भी सराहा गया। शाखा द्वारा किए जा रहे सामाजिक, धार्मिक और जनहित के कार्यों के लिए उसे प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान शाखा के निरंतर प्रयासों और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

कालांवाली शाखा के पदाधिकारियों में प्रधान डॉ. राजेशदीप गोयल, सचिव प्रदीप गुप्ता और कोषाध्यक्ष हरविलास राय की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व की भी खुले मंच से सराहना की गई। इन सभी ने मिलकर शाखा को मजबूत बनाया और सेवा कार्यों को नई दिशा दी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर इंद्र गोयल ने कहा कि नरेश गर्ग लंबे समय से सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जरूरतमंद लोगों की सहायता, शिक्षा के प्रसार और धार्मिक आयोजनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके इन कार्यों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

अधिवेशन के दौरान संगठन के विस्तार और भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। समाज के हर वर्ग तक सेवा कार्यों को पहुंचाने और युवाओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। अधिवेशन का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस आयोजन के बाद कालांवाली क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल देखा गया और लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

# चोपरा आयुष औषधालय में पोषण मेला आयोजित, जागरूकता के साथ पोषण पखवाड़ा हुआ संपन्न

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह।जिले के चोपरा स्थित आयुष औषधालय में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत भव्य पोषण मेले का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामीण जनमानस को समग्र स्वास्थ्य और संतुलित पोषण के प्रति जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह के संयुक्त तत्वावधान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चोपरा में आयोजित किया गया।



पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना और कुपोषण के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संतुलित आहार, पोषण के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. पंकज दास रोहित द्वारा गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जरूरतमंदों को पोषण आहार का वितरण भी किया गया, जिससे कार्यक्रम को और अधिक उपयोगी बनाया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकताओं–श्रीमती लक्ष्मी लोधी, श्रीमती सुलोचना जैन, श्रीमती उमा पाल, श्रीमती हीरा रजक–तथा कंपाउंडर श्री शिव कुमार बिंदिया और संभव जैन का विशेष योगदान रहा।

पोषण मेले के माध्यम से ग्रामीणों में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा, जिससे कुपोषण मुक्त समाज की दिशा में एक सार्थक पहल देखने को मिली।

# जमशेदपुर में रेलवे कर्मचारी की गोली मारकर हत्या, लॉबी गेट के पास देर रात सनसनी

**समाज जागरण 27.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। रेलवे के नए लॉबी गेट के समीप बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने एक रेलवे कर्मचारी को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली सीधे कर्मचारी के माथे पर लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से उसे तत्काल रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

मृतक की पहचान जीके मीणा के रूप में हुई है, जो आदित्यपुर का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, वह रेलवे में कार्यरत था और इसके साथ ही ठेकेदारी तथा जमीन से जुड़े कारोबार में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था। रेलवे से जुड़े विभिन्न कार्यों, खासकर पार्किंग और अन्य परियोजनाओं में उसकी भागीदारी बताई जा रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि स्टेशन क्षेत्र में चल रहे समतलीकरण कार्य में उसकी संलिप्तता थी और आने वाले समय में रेलवे के कई बड़े टेंडरों में उसकी दिलचस्पी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना देर रात की है जब जीके मीणा रेलवे के लोको पायलट लॉबी गेट की ओर जा रहा था। उसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और बेहद करीब से उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह मौके पर ही गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी ललित मीणा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके और उनके भागने के रूट का पता लगाया जा सके।

सिटी एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि मृतक को पहले से निशाना बनाकर यह हमला किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्या के पीछे के सभी संभावित कारणों की गंभीरता से जांच कर रही है। जमीन कारोबार, ठेकेदारी विवाद और आपसी रंजिश सहित कई एंगल पर जांच जारी है। पुलिस ने यह भी संकेत दिया है कि अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे के नए लॉबी गेट के आसपास का इलाका लंबे समय से असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। देर रात यहां संदिग्ध लोगों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस गश्त की कमी के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और इसी का नतीजा इस तरह की घटनाएं हैं।

रेलवे स्टेशन के विस्तार और विकास कार्यों के चलते यह क्षेत्र इन दिनों काफी महत्वपूर्ण हो गया है। यहां लगातार निर्माण कार्य चल रहे हैं और आने वाले समय में कई बड़े टेंडर भी जारी होने हैं। ऐसे में इस तरह की वारदात ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि रेलवे प्रशासन की भी चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि इस हत्या के पीछे आर्थिक हितों से जुड़ा कोई बड़ा विवाद भी हो सकता है।

इस घटना ने बागबेड़ा थाना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं किया गया, तो भविष्य में इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं। लोगों ने प्रशासन से इलाके में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही इस हत्या के पीछे की साजिश का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर है और पूरे इलाके में भय का माहौल बना हुआ है।

# महिला टिकट स्टाफ ने ट्रेन में मिले अकेले बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया

**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,27 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल सोमवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि 26 अप्रैल 2026 को ट्रेन संख्या 04652 (अमृतसरझ्जयनगर क्लोन स्पेशल) में ड्यूटी के दौरान अमृतसर की टीटीआई श्रीमती पूजा शर्मा एवं श्रीमती शशि बाला द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया। टिकट चैकिंग के दौरान उन्होंने स्लीपर कोच में लगभग 12 वर्षीय एक अकेले लड़के को यात्रा करते हुए पाया, जिससे दोनों टिकट चैकिंग स्टाफ को संदेह हुआ। लड़के से उसके अभिभावक के बारे में पूछताछ की गई, परंतु वह कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों टिकट चैकिंग स्टाफ द्वारा तुरंत वाणिज्य नियंत्रण, फिरोजपुर को सूचित किया गया। उचित समन्वय के पश्चात बालक को सुरक्षित रूप से उसके अभिभावकों तक पहुँचाने हेतु अंबाला कैंट स्टेशन पर महिला आर.पी.एफ. स्टाफ को सुपुर्द किया गया। तत्पश्चात आज बालक को सुरक्षित रूप से उसके अभिभावकों को सौंप दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि टिकट चैकिंग स्टाफ ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अत्यंत तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय दिया जो रेलवे की छवि को गौरवान्वित करती है साथ ही यह समस्त रेलकर्मियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।



# ग्वाला बस्ती में अतिक्रमण हटाने गई रेलवे टीम का विरोध, हंगामे के बीच लौटी बिना कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण 27.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर के टाटानगर रेलवे क्षेत्र अंतर्गत बागबेड़ा थाना क्षेत्र की ग्वाला बस्ती में सोमवार को रेलवे की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई उस समय विवाद में बदल गई, जब स्थानीय लोगों के भारी विरोध और हंगामे के कारण रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की टीम को बिना कार्रवाई किए ही वापस लौटना पड़ा। इस दौरान रेलवे के एक सीनियर सेक्शन इंजीनियर के साथ हाथापाई की घटना भी सामने आई, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे इंजीनियरिंग विभाग की टीम ग्वाला बस्ती



स्थित एक मकान को हटाने के लिए पहुंची थी। बताया गया कि यह मकान मेघा यादव का है, जिसे रेलवे प्रशासन अपनी जमीन पर अवैध कब्जा बता रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि संबंधित मकान मालिक को करीब 15 दिन पहले नोटिस जारी किया गया था और न्यायालय से आदेश प्राप्त करने के बाद ही कार्रवाई की जा रही थी। सोमवार सुबह जैसे ही रेलवे की टीम मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू की, स्थानीय लोग विरोध में उतर आए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौके पर जमा हो गए और कार्रवाई का विरोध करने लगे। लोगों का कहना था कि मकान वर्षों से बना हुआ है और बिना पर्याप्त समय या वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक तोड़फोड़ करना उचित नहीं है।

विरोध प्रदर्शन धीरे-धीरे उग्र हो गया और रेलवे कर्मियों तथा स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहस के दौरान कुछ लोगों ने रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की की। स्थिति तब और बिगड़ गई जब रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के साथ हाथापाई की घटना सामने आई। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और तनाव चरम पर पहुंच गया।

घटना के दौरान रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और बागबेड़ा थाना पुलिस के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक जवान मौके पर तैनात थे, जिनमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थीं। सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन स्थानीय लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। करीब दो घंटे तक मौके पर विरोध और हंगामा चलता रहा, जिससे पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना रहा।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेलवे की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित मकान को लेकर सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं और न्यायालय के आदेश के आधार पर ही कार्रवाई की जा रही थी।

वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने मानवीय पहलुओं को नजरअंदाज किया है। उनका कहना है कि वर्षों से बसे लोगों को बिना पर्याप्त समय दिए अचानक हटाने की कोशिश की जा रही है, जिससे उनके सामने आवास का संकट खड़ा हो गया है।

स्थिति बिगड़ती देख रेलवे अधिकारियों ने फिलहाल कार्रवाई स्थगित कर दी और टीम को वापस बुला लिया। रेलवे प्रशासन अब पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर रहा है और आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। साथ ही, सरकारी कार्य में बाधा डालने और अधिकारियों के साथ हाथापाई के मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

घटना के बाद ग्वाला बस्ती क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। पुलिस लगातार निगरानी कर रही है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सतर्क है। रेलवे प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही भारी सुरक्षा बल के साथ दोबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सकती है, जिससे आने वाले दिनों में स्थिति और संवेदनशील बने रहने की आशंका है।

# जमशेदपुर की बेटी श्रेया अधरजी बनीं मिस इंडिया 2026, राष्ट्रीय मंच पर लहराया झारखंड का परचम

**समाज जागरण 27.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर की प्रतिभाशाली बेटी और गोल्ड मेडलिस्ट श्रेया अधरजी ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मिस इंडिया 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ (बाराबंकी) में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से शहर में खुशी और गर्व का माहौल है।

रविवार को सोनारी आदर्श नगर स्थित उनके आवास पर गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ एवं सामाजिक संगठन गाजुड़ ट्रस्ट की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर संघ के प्रदेश प्रवक्ता कमल कुमार शर्मा, संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव, गाजुड़ ट्रस्ट के निर्देशक जन्मेजय सरदार और अभिषेक कुमार यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने श्रेया को अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

श्रेया अधरजी एक स्थानीय पत्रकार की पुत्री हैं और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में कोरोना काल के दौरान उन्होंने फिटनेस के उद्देश्य से जिम



जाना शुरू किया था। धीरे-धीरे यही फिटनेस उनकी रुचि से बढ़कर जुनून बन गई। पिछले छह वर्षों में उन्होंने लगातार मेहनत करते हुए दो बार राज्य स्तर और तीन बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया और हर बार पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

कार्यक्रम के दौरान कमल कुमार शर्मा ने कहा कि श्रेया अधरजी की सफलता पूरे राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद श्रेया ने जिस समर्पण और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, वह सराहनीय है। ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समाज और सरकार दोनों को आगे आना चाहिए।

वहीं, संगठन सचिव दिनेश कुमार यादव ने श्रेया को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्रेया ने अपने प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है कि झारखंड की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं।

गाजुड़ ट्रस्ट के निर्देशक जन्मेजय सरदार ने भी श्रेया की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि एक पत्रकार की बेटी होने के बावजूद उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी मेहनत और लगन ही उनकी असली ताकत है। उन्होंने कहा कि श्रेया की उपलब्धि सभी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह आवश्यक है कि सरकार ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए।

श्रेया अधरजी की इस उपलब्धि ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जमशेदपुर की धरती प्रतिभाओं से भरी हुई है। यदि इन प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो वे न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकती हैं। श्रेया की सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत प्रेरणा बनकर उभरी है और यह संदेश देती है कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# राजेंद्र ग्राम घाट में स्लाइडर समस्या खत्म, अब सुगम हुआ आवागमन – गुणवत्तापूर्ण निर्माण से लोगों को राहत

## गतिमान कांट्रेक्शन को टेंडर मिलने के बाद तेजी से हुआ कार्य, ठेकेदार बोले – गुणवत्ता से समझौता नहीं, जनता की सुरक्षा सर्वोपरि राजेंद्र ग्राम घाट,

**समाज जागरण अनूपपुर**

राजेंद्र ग्राम घाट क्षेत्र, जो लंबे समय से भूस्खलन (स्लाइडर) की समस्या से जूझ रहा था, अब राहत की सांस ले रहा है। बरसात और मौसम के बदलाव के दौरान यहां बार-बार होने वाले स्लाइडर के कारण न केवल आवागमन बाधित होता था, बल्कि आमजन की सुरक्षा भी खतरे में बनी रहती थी। लेकिन अब स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। गतिमान कांट्रेक्शन को टेंडर मिलने के बाद यहां किए गए कार्यों ने न सिर्फ सड़क को सुरक्षित बनाया है, बल्कि यातायात को भी सुचारु कर दिया है। वर्षों पुरानी समस्या से मिली राहत राजेंद्र ग्राम घाट क्षेत्र पहाड़ी और संवेदनशील इलाका होने के कारण अक्सर स्लाइडिंग का शिकार होता रहा है। खासकर बरसात के दिनों में मिट्टी और पत्थरों के खिसकने से सड़क पर मलबा जमा हो जाता था, जिससे कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहता था। इससे न केवल स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी होती थी, बल्कि यह मार्ग अन्य जिलों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग होने के कारण यातायात पर व्यापक असर पड़ता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती थी कि एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं को भी प्रभावित होना पड़ता था। स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और



व्यापारी वर्ग सभी इस समस्या से जूझते रहे।

गतिमान कांट्रेक्शन को मिला जिम्मा, बदली तस्वीर समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन द्वारा इस घाट क्षेत्र के सुधार कार्य का टेंडर जारी किया गया, जिसे गतिमान कांट्रेक्शन कंपनी को सौंपा गया। कंपनी ने कार्यभार संभालते ही तेजी और रणनीतिक तरीके से काम शुरू किया। पहले चरण में स्लाइडर वाले हिस्सों की पहचान की गई और वहां से मलबा हटाकर स्थायी समाधान की दिशा में काम किया गया। इसके तहत ढलानों को मजबूत करने, रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) बनाने और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

**आधुनिक तकनीक और गुणवत्ता पर जोर**

निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीकों और उच्च गुणवत्ता वाले मटेरियल का उपयोग किया गया है। सड़क की सतह को मजबूत बनाने के साथ-साथ किनारों को भी सुरक्षित किया गया है, ताकि भविष्य में स्लाइडिंग की संभावना कम हो।

विशेषज्ञों की निगरानी में किए गए इस कार्य में यह सुनिश्चित किया गया कि हर पहलू–चाहे वह संरचनात्मक मजबूती हो या जल निकासी–उच्च मानकों के अनुरूप हो। यही कारण है कि अब यहां आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और सुगम हो गया है।

**ठेकेदार का बयान: गुणवत्ता मेरी पहली प्राथमिकता**

गतिमान कांट्रेक्शन के ठेकेदार ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके लिए इस परियोजना में सबसे महत्वपूर्ण पहलू गुणवत्ता और सुरक्षा है। उन्होंने कहा यहां हजारों लोगों का रोजाना आना-जाना होता है। ऐसे में मैं उनकी जान से खिलवाड़ नहीं कर सकता। गुणवत्ता मेरी पहली प्राथमिकता है। चाहे मुझे इसमें नुकसान ही क्यों न हो जाए, लेकिन मैं काम में कोई समझौता नहीं करूंगा।

उनके इस बयान से साफ है कि निर्माण कार्य को केवल औपचारिकता के तौर पर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ किया गया है।

**आवागमन हुआ सुचारु, लोगों में खुशी**

कार्य पूर्ण होने के बाद अब राजेंद्र ग्राम घाट में यातायात पूरी तरह सुचारु हो गया है। जहां पहले घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती थी, वहीं अब वाहन बिना किसी रुकावट के आसानी से गुजर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने इस बदलाव पर खुशी जाहिर की है। एक ग्रामीण ने बताया कि–

पहले यहां से निकलना बहुत मुश्किल होता था। डर लगा रहता था कि कब पत्थर गिर जाएं या सड़क बंद हो जाए। अब सड़क अच्छी बन गई है और सफर भी सुरक्षित हो गया है।

**आर्थिक और सामाजिक प्रभाव**

सड़क के सुचारु होने से न केवल लोगों की आवाजाही आसान हुई है, बल्कि इसका सकारात्मक असर स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। व्यापारी वर्ग को समय पर माल पहुंचाने में सुविधा हो रही है, जिससे उनके कारोबार में भी सुधार देखने को मिल रहा है।

इसके अलावा, छात्रों और नौकरी पेशा लोगों को भी अब समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो रही है।

**प्रशासन की भूमिका और निगरानी जरूरी**

हालांकि वर्तमान स्थिति संतोषजनक है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी और रखरखाव बेहद जरूरी है। प्रशासन को चाहिए कि समय-समय पर सड़क की स्थिति का निरीक्षण करता रहे, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

**भविष्य के लिए एक उदाहरण**

राजेंद्र ग्राम घाट में किया गया यह कार्य अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के लिए एक उदाहरण बन सकता है। यदि इसी तरह गुणवत्ता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किए जाएं, तो प्रदेश के कई अन्य खतरनाक मार्गों को भी सुरक्षित बनाया जा सकता है।

राजेंद्र ग्राम घाट में स्लाइडर की समस्या का समाधान न केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार है, बल्कि यह लोगों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम भी है। गतिमान कांट्रेक्शन द्वारा किए गए गुणवत्तापूर्ण कार्य ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत और प्राथमिकता स्पष्ट हो, तो किसी भी बड़ी समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

# आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी।म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत विकासखंड बड़वारा में अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू छात्रों की संपर्क कक्षाओं में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर विकासखंड स्तरीय व्याख्यानमाला कार्यक्रम

का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि शंकराचार्य के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में उपस्थित हरभगत द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला गया। तदुपरांत जनपद सदस्य विनय नागवंशी ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि आदि गुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म का प्रचार किया। साथ ही उनके द्वारा चारों धाम में बनाए गए मठो के द्वारा सनातम धर्म को पुनर्जीवित किया। उन्होंने ज्ञान, तर्क और भक्ति के माध्यम से राष्ट्र को एक नई दिशा प्रदान की। उनका संपूर्ण जीवन लोककल्याण एवं सत्य के प्रति प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा भी आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन पर अपने वक्तव्य रखें गए। कार्यक्रम उपरांत सभी ने आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा पर फूल अर्पण कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया, जनपद सदस्य विनय नागवंशी, नवांकुर संस्था प्रमुख उजाला फाउंडेशन महगवां बरछैका से हरभगत सिंह राठौर, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष, सदस्य कविता सिंह, सोना देवी, आरती चौधरी, स्वाति रजक, परामर्शदाता कंछेदी कोरी, प्रियंका रजक, सुरेश प्रसाद कोरी, धनीराम कुशवाहा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# गौ माता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए

**समाज जागरण**

गौरेला गौ सम्मान दिवस के अवसर पर गौरेला में एक साथ गौ माता के लिए हम सब गौ भक्त गौ सेवक समाज सेवक संत एवं सभी गो प्रेमियों के द्वारा गौ माता के सम्मान में सभी सनातनी प्रेमियों गो प्रेमियों द्वारा मुख्य मार्गो से पैदल यात्रा कर एसडीएम को राष्ट्रपति जी राज्यपाल जी प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नाम गौ माता को राष्ट्रीय धरोहर राष्ट्र माता घोषित करने के लिए



प्रार्थना पत्र सोपा गया। गौ सम्मान अभियान की शुरूआत मरही माता मंदिर से रैली निकाल कर किया गया। अभियान के प्रभारी पंडित कौशल मणि त्रिपाठी की अगुवाई में ज्ञानेंद्र उपाध्याय,मथुरा सोनी,संतोष तिवारी, दिनेंद्र शुक्ला , : परमात्मा नंद जी महराज, हेमंत पूरी ,कबीर मिश्रा, यश तिवारी,आशुतोष तिवारी अमन दुबे वीरू विश्वकर्मा, मनोज विश्कर्मा कान्हा चतुर्वेदी, हर्ष विश्कर्मा,आदर्श तिवारी धर्मेंद्र विश्कर्मा अन्य लोग उपस्थित थे।

# झगड़ाखांड में निर्माण कार्यों में नहीं रखा जा रहा गुणवत्ता का ध्यान

**समाज जागरण**

गौरेला। जीपीएम जिले के जनपद पंचायत गौरेला के अंतर्गत ग्राम पंचायत झगड़ाखाड में 6 महीने से 1 वर्ष तक जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं उसमें निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है और शासन द्वारा प्रदत्त राशि का दुरुपयोग किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इस ग्राम पंचायत में पुलिया

सीसी सड़क बने 6 माह नहीं हुए और वह उखड़ गई कारण सिर्फ इस्का यही था कि निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं कराया गया और मनमानी करते हुए कार्य कराया गया प्राक्कलन के अनुसार भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जिसकी यदि जांच कराई जाए तो सच्चाई खुद ब खुद सामने आ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि पुराने पुल को तोड़कर नया पुल बनाया गया जिसकी शिकायत ग्राम वासियों द्वारा की दी गई लेकिन नतीजा सिफर रहा। जन चर्चा है कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त एक युवा नेता जनपद पंचायत गौरेला के अंतर्गत कई ग्राम पंचायत में ठेकेदारी करता है और मनमानी ढंग से निर्माण कार्य को करता है।

# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक प्रथम दीक्षांत समारोह 29 अप्रैल को, राज्यपाल थावरचंद गहलोत प्रदान करेंगे उपाधियां*

## शिक्षा जगत की नामचीन हस्तियां होंगी शामिल, समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली 9 विभूतियां मानद उपाधि से होंगी अलंकृत*

**समाज जागरण**

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर अपने गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने जा रहा है। विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह बुधवार, 29 अप्रैल 2026 को वैशाख शुक्ल त्रयोदशी, विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर दीक्षांत मंडपम, विश्वविद्यालय खेल परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न होगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर कर्नाटक के माननीय राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं उपाधियां प्रदान करेंगे। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. ब्रजेंद्र सिंह गौतम करेंगे।

**विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति**




समारोह में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री माननीय श्री इन्दर सिंह परमार जी तथा वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री माननीय श्री दिलीप अहिरवार जी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल के अध्यक्ष माननीय प्रो. खेम सिंह डहेरिया जी विशेष अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कुलगुरु डॉ. अमित कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी उत्तरापेक्षी की भूमिका का निर्वहन करेंगे।

**समाज के रत्न होंगे सम्मानित**

विश्वविद्यालय समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं अविस्मरणीय योगदान देने वाले 9 प्रतिष्ठित महानुभावों को 'विद्यावाचस्पति' (मानद) की उपाधि से अलंकृत करेगा।

सम्मानित होने वाली विभूतियों में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक श्री आशीष गौतम जी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौदान सिंह जी, सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल जी, अति विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल श्री जी एस चंदेल जी, ডক্কচ্ছ-ডক্কর के संस्थापक एवं पूर्व सांसद श्री अच्युतानंद सामंत जी, मेड ईजी के चेयरमैन श्री बालेन्द्र सिंह जी, एबीपी नेटवर्क के एंकर श्री श्रीवर्धन त्रिवेदी जी, एबीपी न्यूज की वाइस प्रेसिडेंट चित्रा त्रिपाठी जी तथा पूर्व सांसद श्री कुं. पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल जी के नाम शामिल हैं।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

प्रातः 09:30 बजे स्वर्ण पदक विजेताओं एवं दीक्षांत उपाधिधारकों का आगमन प्रारंभ होगा। 10:30 बजे अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का आगमन होगा। 11:00 बजे सभी आगंतुकों के स्थान ग्रहण करने के उपरांत दोपहर 12:25 बजे मुख्य अतिथि कर्नाटक के माननीय राज्यपाल महोदय का आगमन होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समस्त अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षा प्रेमियों से इस गौरवशाली अवसर पर उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

# सत्ता का राजयोग: संघर्ष, स्वाभिमान और इंतजार के बाद संजय नगायच को मिला सम्मान

**समाज जागरण विजय तिवारी**

पन्ना ।कभी-कभी राजनीति सिर्फ पद और शक्ति का खेल नहीं होती... यह धैर्य, संघर्ष और आत्मसम्मान की भी कहानी होती है। पन्ना जिले की सियासत में ऐसा ही एक नाम है संजय नगायच।छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरूआत करने वाले नगायच ने राजनीति को हमेशा एक मिशन की तरह जिया। उन्होंने भीड़ में शामिल होकर नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाकर रास्ता चुना। यही वजह रही कि उनका सफर आसान नहीं रहा।समय-समय पर उन्हें अपमान, उपेक्षा और सियासी एकांत का सामना करना पड़ा। तत्कालीन मंत्री गौरीशंकर बिसेन से विवाद के बाद परिस्थितियां इतनी कठिन हो गईं कि उनसे पद भी छीन लिया गया। लेकिन उन्होंने अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं



किया।उन्होंने न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी–यह सिर्फ एक नेता की लड़ाई नहीं थी, बल्कि उस आत्मसम्मान की थी जो किसी भी इंसान के लिए सबसे ऊपर होता है।शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल में वे हाशिये पर जरूर रहे, लेकिन उन्होंने कभी अपने विचारों और सिद्धांतों को नहीं छोड़ा।और अब... वर्षों के इंतजार, संघर्ष और विश्वास के बाद, उन्हें मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन के रूप में जिम्मेदारी मिली है। यह सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि उनके धैर्य और जज्बे की जीत है।

नगायच की यह नई पारी सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणा है जो संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए भी उम्मीद नहीं छोड़ते।

# 42 डिग्री की गर्मी में मानपुर के कई वार्ड प्यासे

## नगर परिषद की लापरवाही के बीच नलों की टोटी से निकल रहे कीचड़ और कीड़े*

**समाज जागरण मानपुर**

नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 5, 6 और 7 में जल आपूर्ति को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से नल के माध्यम से दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिसमें गंदगी के साथ-साथ छोटे-छोटे कीड़े-मकोड़े भी दिखाई दे रहे हैं।

अपनी कार्यप्रणाली को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाली नगर परिषद मानपुर इन दिनों शुद्ध पेयजल व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। आरोप है कि जिन नलों से साफ पानी मिलना चाहिए, वहीं से कीचड़युक्त और दूषित जल पहुंच रहा है, जिससे लोगों में स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।

रहवासियों के अनुसार, क्षेत्र में अब तक ‚हर घर नल-जल योजना‛ के तहत सभी घरों में कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है, जिसके चलते पुरानी टंकी से जल आपूर्ति की जा रही है। इसी दौरान पानी की गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें की गई हैं।निवासियों ने बताया कि इस संबंध में नगर परिषद को कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी गईं, साथ ही विभिन्न बैठकों में भी मामला उठाया गया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यवस्था को लेकर नगर परिषद की उदासीनता अब लोगों की सेहत और जीवन के साथ खिलवाड़ जैसी स्थिति पैदा कर रही है।लोगों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत के समय ऐसी स्थिति में एक-दो दिन के भीतर व्यवस्था सुधार ली जाती थी, लेकिन नगर परिषद बनने के बाद, पर्याप्त कर्मचारियों के बावजूद, कई-कई हफ्तों तक समस्या जस की तस बनी रहती है। इससे लोगों में यह धारणा बन रही है कि जिम्मेदार तंत्र इस समस्या के समाधान को प्राथमिकता नहीं दे रहा।ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब नगर परिषद क्षेत्र में ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो जवाबदेही किसकी तय की जाए? पाइपलाइन विस्तार के लिए टेंडर जारी होने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम शुरू न होना भी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

वर्तमान में बढ़ते तापमान के बीच पेयजल की गुणवत्ता को लेकर लोगों की चिंता और बढ़ गई है। रहवासियों का कहना है कि वे वैकल्पिक साधनों के अभाव में इसी पानी का उपयोग करने को विवश हैं।

इस संबंध में नगर परिषद के नलजल प्रभारी गोस्वामी जी का कहना है कि हमने वार्ड में अपनी टीम भेजकर मौके से जांच करा ली है जल्द ही सुधार करा दिया जाएगा

इधर, प्रभावित वार्डों के नागरिकों ने जिले की नवागत कलेक्टर महोदया से मामले की जांच कराने एवं शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# महिला से एंबुलेंस की सफाई कराने के मामले में दो कर्मचारियों की सेवायें समाप्त

**समाज जागरण**

कटनी - जिला चिकित्सालय में महिला से एंबुलेंस की सफाई कराने के वायरल वीडियो को कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने गंभीरता से लेते हुये संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर को सख्त निर्देश दिया था।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने संबंधित कंपनी के संचालकों एवं प्रबंधकों से पूरे घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी ली और वायरल वीडियो के तथ्यों की जांच कराई। उन्होंने वायरल वीडियो को सही पाये जाने पर जेएईएस प्रोजेक्ट प्रा. लिमि. कंपनी के एंबुलेंस के पायलट और ईएमटी के विरूद्ध कार्यवाही करने की बात कही। इसके बाद जेएईएस प्रोजेक्ट प्रा. लिमि. कंपनी ने दो कर्मचारियों की सेवायें समाप्त कर दी है। इसमें पायलट पद पर नियुक्त देवा साहू और ईएमटी मोहित खटीक को कंपनी ने सेवा से टर्मिनेट किया

# परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी, सभी जनप्रतिनिधि मिलकर खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत- सांसद दमोह श्री लोधी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/छूटे हुए 53 गांवों को मिलेगा सिंचाई परियोजना का लाभ परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 20 गुना यानि 14,000 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित सेमरखों-सीतानगर विस्तारीकरण परियोजना का सांसद दमोह ने किया निरीक्षण दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी सेमरखों-सीतानगर विस्तारीकरण परियोजना के निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा हिंडोरिया एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से सिंचाई हेतु पानी की समस्या बनी रही है, जिसे दूर करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने बताया सीतानगर



परियोजना के प्रथम चरण के पूर्ण होने के बाद लगभग 33 गांव लक्ष्मण कुटी के आसपास के क्षेत्र में छूट गए थे। इसके अलावा हिंडोरिया से जुड़े 20 अन्य गांव भी परियोजना से वंचित रह गए थे। हाल ही में नोहटा में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा इन सभी 53 गांवों जिसमें आमखेड़ा, आनु, अनवारी, बम्होरी, बरखेड़ा, भदोली, भोरखेड़ा, बिलतरा सड़क, चैनपुरा चनदोरा, छापरी, दमोह, धरमपुरा, गुंजी, हरदुवानी, हिंडोरिया, हिन्नाई, इमलाई, झागरी, कादीपुर, करैया हजारी, करैया राख, खजरी दमोह, खेरुवा, खिरिया, कुवाटनखेड़ी, लक्ष्मणधाम, लिधौरा, लुहररा, मानपुरा, महंतपुर, मड़िया, महुआ खेड़ा मंडला खिरिया, कारासूखी, नोनपानी, पटना पायरा, पिपरिया कलां पिपरिया खुर्द, रायपुर, राजघाट पिपरिया, समन्ना माल, समन्ना रैयतवाड़ी, सिमरी राजाराम सिंगपुर, सुखी, पिपरिया, सुरखी तानखेड़ी, तिदोनी, उमरी, उमरिया परियोजना में शामिल करने का आग्रह किया गया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

सांसद श्री लोधी ने बताया खड़ेरा और बलारपुर के बीच एक वाटर प्वाइंट स्थापित किया जाएगा, जहां से पानी को पाइपलाइन केनाल के माध्यम से लिफ्ट कर लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित सेमरखों जलाशय तक पहुंचाया जाएगा वर्तमान में जलाशय की ऊंचाई 11 मीटर है, जिसे बढ़ाकर 33 मीटर किया जाएगा। इससे जहां अभी 650 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो रही है। उन्होंने कहा परियोजना पूर्ण होने के बाद लगभग 20 गुना यानि 14,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी।

सांसद दमोह श्री लोधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी साथ ही किसानों से अपील की कि वे धैर्य रखें, क्योंकि

सभी जनप्रतिनिधि मिलकर उनके खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि कार्य के प्रारंभिक रूप में डीपीआर तैयार होते ही निर्धारित समय सीमा में इसे पूरा कर लिया जाएगा।

# कृषि आदान विक्रेता संघ ने व्यापारिक समस्याओं को दूर करने के लिए सोपे ज्ञापन

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

बटियागढ़ तहसील में कृषि आदान विक्रेता संघ ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार को बारह 12 बिंदु समस्याओं का प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि व्यापार में लगातार बढ़ती कानूनी अड़चनें और जटिल नियमों के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान हेतु तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन प्रधानमंत्री तक भेजा। विक्रेताओं ने संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज उठाते हुए मांग की कि उनके व्यापार को सरल और सुगम बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि कृषि क्षेत्र में कार्य सुचारु रूप से जारी रह सके। जिसमें प्रमुख मांग किसी



दवाई का सैंपल फेल होने पर विक्रेता को अपराधी नहीं गवार बनाया जाना चाहिए उक्त कार्रवाई निमार्ता कंपनी के खिलाफ की जानी चाहिए एक्सपायर माल को कंपनियों को वापस करना चाहिए खाद के साथ अतिरिक्त पदार्थ न दिया जाए खाद में टैग में बंद की जाए खाद विक्रेताओं को एफ ओ आर दिया जाए बहु लाइसेंस नियम को रद्द किया जाए एवं एक लाइसेंस हो खाद बीज की लाइसेंस की अवधि कम से कम 5 वर्ष हो कीटनाशक लाइसेंस में प्रत्येक वर्ष प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की बाध्यता को हटाया जाए रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि यह कृषि विक्रेताओं द्वारा एक दिवसीय संपूर्ण भारत बंद सांकेतिक विरोधकता यदि आने वाले समय में समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा इस अवसर पर छत्रसाल सिंह अजय सिंह पवन जैन पारस जैन डोमन पटेल सुरेंद्र सिंह संतोष साहू कढ़ोरी पटेल के साथ बटियागढ़ तहसील के संपूर्ण विक्रेता बंधु उपस्थित रहे

# व्यापारिक संगठनों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। आज कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने व्यापारी बंधुओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक विकास, भूमि उपलब्धता तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल एरिया) के विकास हेतु शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि इंडस्ट्रियल एरिया स्थापित करने के लिए उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, इसके साथ ही संबंधित उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए गए कि वे संभावित भूमि का सर्वे कर ऐसी जमीन चिन्हित करें जो शहरी क्षेत्र के आसपास स्थित हो, ताकि उद्योगों को बेहतर परिवहन, संसाधन एवं बाजार की सुविधा मिल सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र का सुव्यवस्थित विकास जनपद की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा, इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें तथा औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ठोस कदम उठाएं। इस मौके पर उ0प्र0 उद्योग व्यापार संगठन जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा, प्रशान्त जैन नगर अध्यक्ष, राजेश जायसवाल जिला उपाध्यक्ष, नरेन्द्र मोदनवाल जिला उपाध्यक्ष, धीरेन्द्र जा जायसवाल जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल, कृष्णा सोनी, राजेश गुप्ता जिलाध्यक्ष उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# जनता की समस्याओं पर मिली लापरवाही तो क्षम्य नहीं, समय सीमा में करें हर शिकायत का निस्तारण- जिलाधिकारी

## कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से अधिकारी करे जनसुनवाई कलेक्ट्रेट में फरियादियों की जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता के साथ सुनीं एक-एक समस्या

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने राजस्व, विकास, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, आवास एवं अन्य जनहित से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखें तथा शिकायतकर्ता को प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई करें और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है इसलिए सभी अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि जनता को उनकी समस्याओं से शीघ्र निजात मिल सके और उन्हें योजनाओं का समयबद्ध लाभ प्राप्त हो सके।

# विश्व हिंदू महासंघ संगठन की भव्य शोभायात्रा, गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ संगठन के तत्वावधान में आज ओबरा नगर में एक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा प्रातः 9:00 बजे पुराना थाना स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर तहसील मुख्यालय ओबरा तक हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान जय श्री राम एवं जय गौमाता के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान रहा। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट उपस्थितिः कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोंड उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश किन्नर प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सोनभद्र एवं सनातनी किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर किरन नंदगिरी व विश्व हिंदू महासंघ संगठन के जिलाध्यक्ष सोनभद्र विजय यादव वशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं समुचित संचालन ब्रिजेंद्र कुमार मिश्र (गौरक्षा प्रकोष्ठ, सोनभद्र) द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री राज कुमार यादव, जिला मंत्री विनय श्रीवास्तव, हिमांशु कुमार, शिवा जी, जिला महामंत्री राधा, जिला उपाध्यक्ष पूजा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।ज्ञापन एवं प्रमुख मांगेंः शोभायात्रा के समापन के पश्चात तहसील मुख्यालय पहुँचकर उप-जिलाधिकारी (SDM) के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, माननीय राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को संबोधित एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की गईंः उत्तर प्रदेश में देशी गोवंश (वेदलक्षणा गौमाता) को ह्यराज्य माता का दर्जा प्रदान किया जाए। गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने हेतु केंद्र सरकार को राज्य सरकार द्वारा औपचारिक अनुशंसा भेजी जाए।प्रत्येक जनपद में निराश्रित गोवंश की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल हेतु प्रभावी एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गो-आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देकर रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में अपनाया जाए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। प्रदेश मंत्री नागेश्वर प्रसाद गोंड ने अपने संबोधन में कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। उनकी सुरक्षा, सेवा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।कार्यक्रम के अंत में ब्रिजेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों, कार्यकताओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बाइक सवार युवक को पिकअप ने मारी जोरदार टक्कर, हालत गंभीर, रेफर

**दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/सोनभद्र। स्थानीय दुद्धी नगर से गुजरने वाले रीवा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़नीनाला तालाब के समक्ष रविवार देर शाम करीब आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे को देख आसपास सनसनी फैल गई।

दुद्धी कस्बा क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में वार्ड ब्वॉय के पद पर कार्यरत बालवीर (27) पुत्र कालेंडर, ग्राम आसनड़ीह थाना बभनी, सब्जी खरीदने के लिए बाइक पर दुद्धी बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे बढ़नीनाला तालाब के पास पहुंचे, विपरीत दिशा से तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बालवीर सड़क किनारे स्थित 20 फीट गहरी खाई में जा गिरे। जोरदार टक्टर से उनकी बाइक के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी ले जाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. वी.के. सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि युवक का दाहिना पैर और बायां हाथ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले पिकअप की खोजबीन में जुट गई है।

# खेत के मेढ़ पर मिला किशोरी का शव, मां ने लगाया बलात्कार और हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह 12 वर्षीय किशोरी का शव उसके घर से करीब 200 मीटर दूर खेत के मेढ़ पर मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। सीओ दुद्धी राजेश राय और थाना प्रभारी रविकांत मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों के अनुसार, किशोरी रविवार शाम को घर से लगभग 400 मीटर दूर एक दुकान पर सामान लेने गई थी। देर रात तक वह वापस नहीं लौटी, जिसके बाद परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह उसका शव खेत के मेढ़ पर पड़ा मिला। मृतका की मां ने म्योरपुर थाने में तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी के साथ बलात्कार के बाद हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि किशोरी ननिहाल में रह रही थी। थाना प्रभारी रविकांत मिश्रा ने जानकारी दी कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वही एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने बताया मामले को लेकर स्थानीय थाना पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है, पुलिस मामले की हर पहलू से गहन जांच कर रही है।

# बच्चों को पढ़ाने की लो राह, बंद करो ये बाल विवाह : मुकेश कुमार सिंह

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। थाना दुद्धी एवं विंधमगंज क्षेत्र में दो अलग अलग बाल विवाह की प्राप्त सूचनाओं पर परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। इसी क्रम में ग्राम धूमा, थाना विंडमगंज में एक नाबालिग बालिका का विवाह कराए जाने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम से टीम में जेंडर एक्सपर्ट साधना मिश्रा एवं सुपरवाइजर सत्यम चौरसिया तत्काल मौके पर पहुंचकर टीम द्वारा बालिका के परिजनों से आयु संबंधी वैध दस्तावेज मांगे तो महुअरिया में बालिका के परिजनों द्वारा संबंधित प्रपत्र प्रस्तुत किए जिसमे बालिका बालिग पाई गई, वही दूसरी ओर ग्राम धूमा में परिजनों द्वारा कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

बालिका के सर्वोत्तम हित में उसे तत्काल संरक्षण में लेकर थाना विंडमगंज में जीडी दर्ज कराई गई। तत्पश्चात बाल कल्याण समिति, सोनभद्र के आदेशानुसार बालिका को बालगृह में सुरक्षित आवासित कराया गया है, जहां उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल एवं मनोसामाजिक परामर्श की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उक्त कार्रवाई बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है। अधिनियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह संज्ञेय एवं दंडनीय अपराध है।

स्थानीय नागरिकों ने चाइल्ड हेल्पलाइन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि समय पर उठाए गए कदमों से नाबालिगों का जीवन एवं भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह की रोकथाम में समुदाय की जागरूकता एवं सक्रिय सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की सक्रियता ने पुनः प्रमाणित किया है कि कानून एवं समाज के संयुक्त प्रयासों से बच्चों को सुरक्षित वातावरण तथा उनके अधिकार दिलाना संभव है।

चाइल्ड हेल्प लाईन सोनभद्र सभी नागरिकों से अपील करता है कि बाल विवाह की किसी भी सूचना पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें। सूचनादाता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं का अंबार, संदीप मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। जनपद के राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सोमवार को उस समय स्थिति गरमा गई, जब किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल इमरजेंसी वार्ड पहुंचा और वहां की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। मोर्चा की ओर से अस्पताल में अव्यवस्था, साफ-सफाई की कमी, पेयजल संकट और दवा उपलब्धता जैसे मुद्दों को उठाते हुए स्वास्थ्य मंत्री के नाम पांच सूत्रीय मांग पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को सौंपा गया। मोर्चा की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में सोनभद्र में 100 बेड के नए अस्पताल के निर्माण की मांग भी प्रमुख रूप से शामिल है। किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्र ने बताया कि बीती रात करीब 1:30 बजे उन्हें 8 से 10 मरीजों के फोन आए, जिनमें इलाज ठीक से न मिलने और अस्पताल में बिजली आपूर्ति ठप होने की शिकायत की गई। उन्होंने तत्काल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन बंद मिला। सुबह पुनः संपर्क कर पूरे मामले से अवगत कराया गया। संदीप मिश्र के अनुसार, जब से जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित किया गया है, तब से व्यवस्थाएं और बिगड़ गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल का स्टाफ मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करता है और उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर दौड़ाया जाता है। दुद्धी क्षेत्र से आई एक महिला मरीज को सुबह 7 बजे से ही ओपीडी में भटकाया गया, जिससे उसकी हालत और खराब हो गई। अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। मरीजों के साथ आये तिरमदारों का कहना है कि नालियां जाम हैं, जिनमें गंदा पानी भरा हुआ है और शौचालयों की स्थिति अत्यंत खराब है। कई शौचालयों के दरवाजे टूटे हुए हैं, जिससे खासकर महिला मरीजों और उनके परिजनों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। एक भर्ती मरीज ने बताया कि वह पिछले पांच दिनों से अस्पताल में है, लेकिन अब तक किसी वरिष्ठ डॉक्टर ने उसका मुआयना नहीं किया। मरीजों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में दवाएं उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें बाहर से दवा खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वहीं पीने के शुद्ध पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। अस्पताल परिसर में स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं की कमी से मरीजों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इन सभी समस्याओं को लेकर किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें अस्पताल की व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। दूसरी ओर, मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि कुछ जीवन रक्षक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध न होने के कारण बाहर से लिखी जाती हैं। प्रशासन ने दलालों की सक्रियता पर भी सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्राचार्य ने बताया कि शौचालय और ड्रेनेज सिस्टम की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है और जल्द ही सुधार कार्य कराया जाएगा। बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर भी अस्पताल प्रशासन ने स्वीकार किया कि इससे इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, जनरेटर और इनवर्टर के माध्यम से अस्थायी व्यवस्था की गई है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि अगले 7 से 10 दिनों के भीतर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर दिया जाएगा। फिलहाल, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद प्रशासन के इन दावों पर टिकी हुई है। इस दौरान काल

खरवार, तेतरी देवी, उदय सिंह, विवेक मालवीय, आकाश चौहान, सत्रुधन बिंद, विजय चौहान, दिनेश चेरो, संजय बियार, अरविंद चौहान, सुजीत विश्वकर्मा, सूरज कनौजिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# साइबर ठगी पर बीजपुर पुलिस का करारा प्रहार, पीड़ित के खाते में वापस कराए ₹25 हजार

**समाज जागरण/**
**आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। बीजपुर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। थाना बीजपुर की साइबर टीम ने तत्परता और दक्षता का परिचय देते हुए ठगी गई ₹25,000 की धनराशि पीड़ित के मूल खाते में वापस कराई है। इस सफलता से जहां एक ओर पीड़ित को राहत मिली है, वहीं साइबर अपराधियों को भी कड़ा संदेश गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरु चरण सिंह निवासी एनटीपीसी कॉलोनी, थाना बीजपुर, अज्ञात साइबर ठगों के झांसे में आकर ₹25,000 की ठगी का शिकार हो गए थे। घटना के बाद उन्होंने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। समय पर की गई इस शिकायत ने कार्रवाई को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के तहत, क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निर्देशन एवं थानाध्यक्ष बीजपुर के नेतृत्व में साइबर टीम ने तत्काल जांच शुरू की। टीम ने NCRP पोर्टल के माध्यम से पूरे प्रकरण का विश्लेषण किया और आवश्यक डिजिटल साक्ष्य जुटाए। इसके साथ ही संबंधित बैंक शाखा से समन्वय स्थापित कर ईमेल एवं पत्राचार के माध्यम से रकम को होल्ड कराते हुए वापस कराने की प्रक्रिया पूरी की गई।

लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप, ठगी गई पूरी ₹25,000 की धनराशि सफलतापूर्वक पीड़ित के खाते में वापस करा दी गई। अपनी रकम वापस मिलने पर गुरु चरण सिंह ने बीजपुर पुलिस की साइबर टीम का आभार व्यक्त किया और उनकी कार्यशैली की सराहना की। इस सराहनीय कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडे, आरक्षी सरोज अमित कुमार श्रीकृष्ण तथा महिला आरक्षी निहारिका पांडे (साइबर हेल्प डेस्क) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीजपुर पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया है कि सतर्कता और समय पर शिकायत करने से साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या नजदीकी थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# प्रेस क्लब बीजपुर ने उपनिरीक्षक श्रवण यादव को दी भावभीनी विदाई, उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। बीजपुर थाना परिसर में सोमवार को एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उपनिरीक्षक श्रवण यादव को उनके घोरावल स्थानांतरण पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। अपने सरल, हंसमुख और कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले श्रवण यादव के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रेस क्लब बीजपुर, स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी और थाना स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदाई का माहौल भावनात्मक रहा, जहां वक्ताओं ने उनके सौम्य व्यवहार, जनसरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और उत्कृष्ट कार्यशैली को याद किया। प्रेस क्लब बीजपुर के पदाधिकारी विनोद गुप्ता, रामप्रवेश गुप्ता, विजय सोनी, विशाल गुप्ता और नीरज गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो कि मूल रूप से आजमगढ़ जनपद के थाना जीयनपुर क्षेत्र के ग्राम नत्थूपुर निवासी श्रवण कुमार यादव ने 28 नवंबर 2023 को बीजपुर थाने में उपनिरीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपने लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने अपनी कार्यकुशलता, मिलनसार व्यक्तित्व और आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर क्षेत्र में एक विशेष पहचान बनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि श्रवण यादव का कार्यकाल बीजपुर थाने के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानांतरण सेवा का एक सामान्य हिस्सा है, लेकिन उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता ने भी अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग में ऐसे संवेदनशील और सहज अधिकारी कम ही देखने को मिलते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में हर वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का प्रयास किया, जिससे वे आमजन के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडेय, प्रेस क्लब बीजपुर के पदाधिकारी, स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी एवं समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की।

# खनन स्थलों की अव्यवस्थाओं पर व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ**
**विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जनपद में खनन एवं बालू लोडिंग स्थलों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल एवं प्रभारी मुख्य संरक्षक हाजी सलीम हुसैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लोडिंग व्यवस्था को मानक अनुरूप कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में खनन स्थलों पर अनियमित लोडिंग, ओवरलोडिंग तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों का संचालन आम हो गया है, जिससे न केवल सरकारी राजस्व को क्षति हो रही है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। संगठन का कहना है कि यदि लोडिंग स्थलों पर ही प्रभावी नियंत्रण और निगरानी की व्यवस्था लागू कर दी जाए, तो सड़कों पर होने वाली अनावश्यक चेकिंग

और विवाद की स्थिति समाप्त हो सकती है। इससे परिवहन व्यवस्था भी सुचारू होगी और व्यापारियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। ओवरलोडिंग पर नियंत्रण और सीसीटीवी निगरानी की मांग व्यापार मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि प्रत्येक वाहन पर वैध नंबर प्लेट की अनिवार्य जांच की जाए और बिना नंबर प्लेट या फर्जी नंबर वाले वाहनों के संचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही ओवरलोडिंग को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताते हुए इस पर सख्त नियंत्रण की आवश्यकता जताई गई है। संगठन का कहना है

कि निर्धारित मानकों के अनुसार यदि लोडिंग सुनिश्चित की जाए, तो सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त, लोडिंग स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और प्रशासनिक निगरानी व्यवस्था लागू करने की भी मांग की गई है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बन सके। जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र जायसवाल ने कहा कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से छोटे वाहन स्वामियों को राहत मिलेगी और राजस्व व्यवस्था भी मजबूत होगी। वहीं हाजी सलीम हुसैन ने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएं। संगठन के अन्य पदाधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे और उन्होंने एक स्वर में अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की।

## हरहुआ ब्लाक क्षेत्र से पीएम कार्यक्रम में 480 महिलाएं भाग लेने जायेंगी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बरेका में आयोजित महिला सम्मेलन में आज मंगलवार के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु हरहुआ विकास खण्ड से राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की 480 महिला लाभार्थी जायेंगी। बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा व एडीओ पंचायत रवि सिंह के अनुसार बेहतर समूह से प्रगतिशील महिलाएं पीएम संवाद में प्रतिभाग कर सकेंगी। अब तक आत्मनिर्भर बनने की दिशा व स्वरोजगार के अवसर में बेहतर कार्य की अनुभवी महिलाएं अनुभव साझा करेंगी। समूह की सभी महिलाओं को उनके घर के पास से कार्यक्रम स्थल तक ले जाने और वापस घर पहुंचाने तक के लिए बस की व्यवस्था की गयी है। गर्मी व तपिश से बचाव की व्यवस्था विशेष रूप से की गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग व पंचायत से सफाई महिला कर्मचारी भी कुल 15 बसों से ब्लाक से जाएंगी।

## कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी सी भरतीय का आज काशी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।स्वागत समारोह में कैट प्रदेश महामंत्री अखिलेश कुमार मिश्र ने अंग वस्त्र और पुष्प



गुच्छ देकर किया।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा बाबा विश्वनाथ जी के नगरी में आने पर एक अलग की शरीर में ऊर्जा का संचार होता हैं।बड़े शौभाग्य शाली लोग ही बाबा का दर्शन हो पाता हैं।साथ ही उन्होंने बताया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द करने के फैसले का समर्थन किया है। इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अखिलेश कुमार मिश्र ने कहा कैट संगठन का मुख्य उदेश्य है कि व्यापारी की समस्या को सरकार तक पहुंचाकर दूर करने का प्रयास करना है।साथ ही उन्होंने कहा कि यह भरोसा छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और महिला उद्यमियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो डिजिटल भुगतान के लिए पेटीएम पर निर्भर थे।स्वागत समारोह में मुख्य रूप से श्याम सुन्दर गुप्ता ,मनीष मुंदरा सुभाष गुप्ता ,संतोष चौधरी, त्रिभुवन शर्मा सहित संगठन के सदस्य शामिल रहे।

## हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के टापर छात्र छात्राओं का सम्मान

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

जनपद गाजीपुर के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र स्थित नसरत खान मेमोरियल इंटर कॉलेज में कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में




भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के टॉपर्स को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इंटरमीडिएट वर्ग में आएशा खान (पुत्री बावर अली खान), साजिया खातुन एवं सोफिया खातुन (दोनों पुत्री साबिद हुसैन खान) को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। वहीं हाईस्कूल वर्ग में आलिया खातुन (पुत्री दिलशाद खान), साधना (पुत्री सुरेश रावत) और दीपक राजभर (पुत्र/पुत्री संतोष राजभर) को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शाहिद खान, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री हैदर अली खान, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सफीक अहमद खान, पूर्व प्रधान आफताब अहमद खान, वर्तमान प्रधान मोहम्मद बावर अली खान, शौकत अली खान सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य तौसीफ खान और शिक्षकगण मौजूद रहे। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से ही सफलता हासिल की जा सकती है और ये छात्र-छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं।

कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय परिवार ने सभी टॉपर्स को सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

## गाय को बचाने में बाइक सवार दंपती घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित महेशपुर गांव में सुबह नौ बजे के करीब सामने आई गाय को बचाने में बाइक सवार दंपती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल पति पत्नी को उपचार हेतु एंबुलेंस सेवा 108 से पीएचसी हलिया भेजा। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के छापर हरदौन गांव निवासी 38 वर्षीय शेषमणि कोरी अपनी 35 वर्षीया पत्नी सीमा देवी के साथ रविवार की शाम बाइक से हलिया क्षेत्र के गोविंदिया गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार सुबह पत्नी को बाइक पर बैठाकर घर वापस लौट रहे थे जैसे ही महेशपुर गांव स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचे कि अचानक एक बेसहारा गाय सामने आ गई।गाय को बचाने में बाइक सवार दंपती सड़क पर गिर पड़े।बाइक पर पीछे बैठी पत्नी के सिर तथा चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं वहीं पति के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों घायल दंपती को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजा। जहां डा० आलोक सिंह यादव व डा० रीना सिंह द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर एक युवक गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के देवरी विद्युत उपकेंद्र केंद्र बंधी के पास सोमवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी दिलीप (27) बाइक से बैटरी लेने पिपरा बाजार जा रहा था। जैसे ही वह देवरी विद्युत उपकेंद्र के बंधी के पास पहुंचा, सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दिलीप सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक चालक को मामूली चोटें आईं।

घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल दिलीप को निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार और रीना सिंह द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

## सीनियर पुरुष बास्केटबॉल टीम के नेशनल कैंप में अभिषेक का चयन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी ।। जिले अभिषेक का चयन सीनियर पुरुष बास्केटबॉल टीम के नेशनल कैंप के लिए हुआ है। अभिषेक राय बास्केटबॉल के खिलाड़ी है और वाराणसी में गोलघर कचहरी के पास रहते हैं।अभिषेक राय को भारतीय सीनियर पुरुष बास्केटबॉल टीम के राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए चुना गया है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस संबंध में पत्र भी जारी कियाहै। अभिषेक आगामी 1 मई से 31 मई तक बेंगलुरु के लक्ष्यन एकेडमी ऑफ स्पोर्ट्स में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। बेंगलुरु में यह कैंप आगामी एफ आई बी ए



वर्ल्ड कप 2027 क्वालीफायर (विंडो-3) की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है।

अभिषेक राय के चयन से उनके परिवार में और परिचितों में खुशियां व्याप्त हैं। अभिषेक के पिता शशिकांत राय चुन्ना वाराणसी के एक वरिष्ठ अधिवक्ता है। अभिषेक राय को ओएनजीसी की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। अभिषेक के इस चयन पर आशुतोष सिंह, प्रमोद सिंह, कृष्णकांत राय ,बृजेश सिंह शैलेश राय, मनोज, सतीश, सुनील सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## भाजपा हरहुआ मण्डल के कार्यकर्ता साफ-सफाई संग घर -घर किया सम्पर्क

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक स्थित बेरवां हनुमान मंदिर पर हरहुआ भाजपा मंडल के अध्यक्ष आसुतोष मिश्रा 'अजय' के नेतृत्व में कार्यकताओं ने झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया। इसके बाद पीएम के वाराणसी आगमन को लेकर कार्यकर्ताओ सहित तैयारी बैठक कर घर -घर सम्पर्क किया।

अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि महिला शक्ति बन्दन अंतर्गत महिलाओं को अधिकार और उनके सशक्तिकरण को लेकर व्यापक पैमाने पर हर वर्ग ,जाति,धर्म से जुड़ी महिलाओं को पीएम के कार्यक्रम में प्रतिभाग को लेकर जनसम्पर्क का



कार्य चल रहा है।इसमें पूरे सम्मान ,अनुशासन और क्षेत्रीय समस्याओं से जुड़ी संवाद पर चर्चा की गई। हरहुआ मण्डल क्षेत्र से सैकड़ों महिलाएं बस से प्रस्थान कर प्रतिभाग करेंगी।

जनसम्पर्क में प्रमुख रूप से भाजपा हरहुआ मंडल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा'अजय मिश्रा',उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह ,पंकज तिवारी ,प्रिया सिंह ,उपाध्यक्ष अपरबल सिंह ,महामन्त्री अनिल पांडेय, अंशुमान सिंह, विजय सिंह व मनोज पटेल सहित कई भाजपा मंडल कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डाक्टर मांधाता राय को साहित्य गौरव सम्मान

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद में वेलफेयर क्लब द्वारा लंका मैदान स्थित मैरिज हॉल में आयोजित 29वां वेलफेयर उत्सव एवं साहित्य गौरव सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दौलत कुमार, महाप्रबंधक, सरकारी अफीम एवं क्षारोद कारखाना तथा विशिष्ट अतिथि डॉ.स्वतंत्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि दौलत कुमार ने अपने संबोधन में विशेष रूप से साहित्य गौरव सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा कि जनपद में पहली बार किसी साहित्यकार को इस प्रकार सम्मानित किया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और साहित्यकार समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। डॉ. मांधाता राय जैसे विद्वान को सम्मानित कर वेलफेयर क्लब ने न केवल उनका गौरव बढ़ाया है, बल्कि पूरे जिले के साहित्यिक परिवेश को नई ऊर्जा प्रदान की है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच देते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

इसके उपरांत कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। समारोह में जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. मांधाता राय को ह्लसाहित्य गौरव सम्मानह्व से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि जिले में पहली बार किसी साहित्यकार को इस प्रकार के विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त समाज सेवा के क्षेत्र में बाबू लाल मानव को समाज सेवा सम्मान, पर्यावरण संरक्षण के लिए




लव तिवारी को पर्यावरण संरक्षण सम्मान तथा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीप्रकाश सिंह को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा वैष्णवी सिंह को सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रही संतृप्ति शर्मा को बेस्ट एंकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता के सफल संचालन में योगदान देने वाले पीजी कॉलेज टेरी के सभी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। राजेश कुमार मौर्य तथा रुक्मिणी सिंह को प्रूफ रीडर अवॉर्ड प्रदान किया गया। गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता में चयनित छात्रों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

क्लब द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत मेहंदी, सामान्य ज्ञान, गणित एवं तार्किक, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद, गायन तथा शास्त्रीय एवं लोक नृत्य प्रतियोगिताओं में चयनित 382 प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. स्वतंत्र सिंह ने संस्था की जनपद स्तर पर मजबूत नेटवर्किंग की सराहना करते हुए कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों की भागीदारी इस आयोजन की सफलता को दशार्ती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में अन्य अतिथियों द्वारा भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, जिनमें विनीत सिंह प्रिंसिपल, ओम साईं पब्लिक स्कूल कासिमाबाद, उमेश मिश्रा एडूरेन ग्लोबल स्कूल, देवचंदपुर, सोनी यादव दी ग्रेट बुद्धा पब्लिक स्कूल, तुलसीपुर, पंकज सिंह कुशवाहा संत कबीर पब्लिक स्कूल, तुलसीपुर तथा अमित प्रकाश पीजी कॉलेज, टेरी शामिल रहे।

उत्सव के दौरान इनामों की बौछार कार्यक्रम के अंतर्गत फ्री लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया, जिसमें वाटर बोतल, टिफिन बॉक्स, टेबल लैंप, सीलिंग फैन, मिक्सी, कीपैड फोन एवं एंड्रॉयड फोन जैसे आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। लकी ड्रा निकालने वाले अतिथियों में विजय लक्ष्मी (मार्टर मेमोरियल स्कूल), समाजसेवी अमिताभ राय, नेवेंद्र कुमार (सूरज इंटरनेशनल स्कूल), सैफ अंसारी, अमरनाथ तिवारी ह्यअमरह्न, डॉ. आर.एन. वर्मा एवं हीरा राम गुप्ता प्रमुख रहे।

अतिथियों का स्वागत पवन कुमार पांडे, डॉ. जितेन्द्र कुमार, प्रतीक यादव, सत्य देव दूबे एवं अजय यादव ने किया, जबकि क्लब संरक्षक धीरेन्द्र त्रिपाठी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अंत में वेलफेयर क्लब के अध्यक्ष डॉ. शरद कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जंगल में पीने का पानी सुखा सिवान की ओर जा रहे जंगली जानवर

**समाज जागरण**

मीरजापुर हलिया भीषण गर्मी में हलिया के जंगल में जंगली जानवरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती में पहुंचकर हिंसक हो जा रहे हैं इतना ही नहीं लोगों के घरों में घूस जा रहे हैं जंगल में नाला, तालाब,नदी सुख जाने पर भी जंगली जानवरों को पानी की भारी किल्लत हो गई है जिससे जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्ती में पंहुच रहे हैं। जंगली जानवरों को जंगल में पानी की व्यवस्था के लिए वन विभाग द्वारा बनाए गए वाटर होल व चेकडैम में टैंकर के माध्यम से पानी भरने के लिए धनराशि का बंदरबांट किया जा रहा है लेकिन वन विभाग की लापरवाही के कारण वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी नहीं भरा जा रहा है जिससे जंगली जानवर पानी की तलाश में इधर उधर भटक रहे हैं। कैमूर वन्यजीव प्रभाग के हलिया रेंज के जंगलों में निवास करने वाले जंगली जानवरों को पानी के लिए समुचित व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती में पहुंचकर लोगों के उपर हमला कर रहे हैं।इतना ही नहीं जंगल से गुजर बाणसागर नहर में जंगली जानवर पानी पीने के चक्कर में गिरकर अपनी जान तक गंवा दे रहे हैं।बीते वर्ष हिंसक जानवर तेंदुआ पानी की तलाश में भटकर बेलाही के बरहरवा मुहल्ले में पहुंचकर श्रवण कोल के उपर हमला करते हुए लालबहादुर कोल के घर में घूस गया था तेंदुआ को पकड़ने में वन विभाग की टीम नाकाम होने पर कानपुर चिड़ियाघर से एक्सपर्ट डाक्टर की टीम ने तेंदुआ को ट्रक्यूलाइजर गन से बिहोश कर पिंजरे में बंद करने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया था। जंगली जानवरों को पानी पीने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हैं जबकि वन विभाग का दावा है कि जंगल में जानवरों को पानी पीने के लिए वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी भरा जा रहा है लेकिन मौके पर वाटर होल व चेकडैम सुखे पड़े हुए हैं।वन दरोगा सूरज पाण्डेय द्वारा बताया गया की वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी भरने के नाम पर धनराशि का आहरण कर बंदरबांट किया जा रहा है।तो मामले की जांच किया जायेगा अगर स्थलीय निरीक्षण किया जाए तो हकीकत सामने आ जायेगा।

## 27 अप्रैल को देशव्यापी बंद का आह्वान: एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने रखी 6 प्रमुख मांगें

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन ने कृषि आदान व्यापारियों की समस्याओं को लेकर 27 अप्रैल को देशव्यापी बंद का ऐलान किया है।इसका असर हलिया, कोटाघाट, गड़बड़ा पुल, ड्रमण्डगंज, देवरी बाजार, भटवारी समेत अन्य गांवो में स्थित खाद बीज की दुकानों को दुकानदार द्वारा बंद कर किया है कृषि आदान व्यापारियों की एकजुट आवाज बताया गया है।बंद के पीछे की प्रमुख मांगे डीलरों का कहना है कि कंपनियां खाद के साथ अनिवार्य रूप से बीज या कीटनाशक टैग कर बेच रही हैं। इससे किसान को जरूरत न होने पर भी अतिरिक्त सामान खरीदना पड़ता है और डीलर की बिक्री पर असर पड़ता है।रिटेल गोदाम तक यानी फ्री ऑन रैल /रोड डिलीवरी। डीलर चाहते हैं कि खाद और बीज सीधे उनके रिटेल गोदाम तक बिना अतिरिक्त भाड़े के पहुंचे। अभी ट्रांसपोर्ट का खर्च डीलर को ही उठाना पड़ता है।अभी डीलर को खाद-बीज पर केवल 3-5 प्रतिशत मार्जिन मिलता है, जिसे बढ़ाकर न्यूनतम 8 प्रतिशत करने की मांग है ताकि भंडारण, स्टाफ और अन्य खर्च निकल सकें।खाद या बीज का सैंपल फेल होने पर अक्सर डीलर पर ही कार्रवाई हो जाती है, जबकि असली जिम्मेदार कंपनी होती है। डीलर चाहते हैं कि कंपनी के खिलाफ सीधी कार्रवाई हो और डीलर को गवाह माना जाए।किसी भी गुणवत्ता जांच या विवाद में डीलर को आरोपी की जगह बीज का साथी' पोर्टल पर डीलरों को अतिरिक्त डेटा एंट्री और रिपोर्टिंग का बोझ है। डीलरों की मांग है कि यह पोर्टल सिर्फ बीज कंपनियों के लिए हो, डीलरों के लिए नहीं -व्यापारियों का सम्मान - तभी होगा किसान का कल्याण और एकता हमारी अधिकार हमारा, व्यापारी मजबूत, तो किसान समृद्ध 27 अप्रैल को कृषि आदान की दुकानें, खाद-बीज डीलर और वितरक बंद रह सकते हैं। इससे खाद, बीज और कीटनाशक की सप्लाई पर असर पड़ने की संभावना है, खासकर रबी फसल की कटाई और खरीफ की बुवाई के समय।

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए ऐतिहासिक क्षण, विकास साझेदारी को मिलेगी नई गति: प्रधानमंत्री

**समाज जागरण**

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2026**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों की विकास साझेदारी को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच गहरे विश्वास, साझा मूल्यों और महत्वाकांक्षाओं को दशार्ता है। उन्होंने इसे भविष्य की मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने बताया कि इस एफटीए से किसानों, युवाओं, महिलाओं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कारीगरों, स्टार्टअप्स, छात्रों और नवाचार से जुड़े लोगों को व्यापक लाभ मिलेगा। यह समझौता नए अवसर पैदा करेगा और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाएगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि न्यूजीलैंड द्वारा 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता कृषि, विनिर्माण, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई दिशा देगी। इससे दोनों देशों के लिए एक समृद्ध और गतिशील भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने इस समझौते को भारत-न्यूजीलैंड संबंधों में एक नया अध्याय बताते हुए कहा कि यह साझेदारी आने वाले समय में आर्थिक प्रगति और वैश्विक सहयोग को और सुदृढ़ करेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह एफटीए व्यापार, निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## मुख्य अभियंता ने अदवा बांध का किया निरीक्षण

### अदवा बांध का कार्य बंद देखकर वर्क इंचार्ज को लगाई फटकार

**समाज जागरण**

मीरजापुर /सिरसी बांध प्रखंड के मुख्य अभियंता सिद्धार्थ सिंह ने रविवार को अदवा बांध पर पहुंचकर अदवा बांध पर कराये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया मौके पर कार्य को बंद देखकर वर्क इंचार्ज ईश्वर दयाल वर्मा को फटकार लगाई है अदवा बांध पर बनाई गई सड़क के कार्य का निरीक्षण किया अदवा बांध के सड़क से आम रास्ता को बंद करने का निर्देश दिया है इसके बाद मुख्य अभियंता द्वारा अदवा बांध के आठ गेट का बारी बारी से निरीक्षण किया गया अदवा बांध के पानी लेवल की जानकारी अधिकारियो से लिया अदवा बांध पर करीब 13 करोड़ रुपए की लागत से कराये जा रहे कार्य की जानकारी लेते हुए कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया है अदवा




बांध पर बनाये गए रैन सूट के कार्य को देखकर मुख्य अभियंता द्वारा कड़ी नाराजगी जताई मौके पर रैन सूट क्षतिग्रस्त देखकर वर्क इंचार्ज को रैन सूट के कार्य को फिर से कराने का निर्देश दिया है अदवा बांध के गेट के बगल में लगभग पचास लाख रुपए की लागत से बनाये गए जनरेटर कक्ष व 70 लाख रुपए की लागत से बनाये गए कर्मचारी कक्ष का निरीक्षण किया मुख्य अभियंता द्वारा कार्यदाई संस्था के वर्क इंचार्ज को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है इस दौरान सहायक अभियंता असलम, अवर अभियंता सिद्धार्थ यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## पिकअप की टक्कर से अधेड़ गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के उंटी गांव में सोमवार की दोपहर तेजगति से आ रहे पिकअप चालक ने सड़क पर जा रहे अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया मौके से पिकअप चालक वाहन को लेकर भाग निकला है अधेड़ के परिजनों द्वारा उपचार के लिए मिजार्पुर लेकर गए है अधेड़ की हालत गंभीर बनी हुई है ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के उंटी गांव निवासी 55 वर्षीय कुबेर घर से पैदल डेरी पर दूध लेकर जा रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पर पहुँचे की गड़बड़ा धाम की तरफ से आ रहे पिकअप वाहन चालक ने अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया पिकअप वाहन चालक दुर्घटना के बाद पिकअप को लेकर मौके से भाग निकला मौके पर पहुँचे अधेड़ के परिजनों द्वारा अधेड़ को उपचार के लिए मिजार्पुर लेकर चले गए है अधेड़ की हालत गंभीर बनी हुई है अधेड़ के पुत्र ग्राम प्रधान मार्कण्डेय मौर्य ने बताया की पिकअप वाहन की टक्कर से पिता गंभीर रूप से घायल हो गए है पिता की हालत गंभीर बनी हुई है उपचार के लिए मिजार्पुर लेकर आया हु

## गुजरात की एक संस्था कचरे से बायोगैस बनाकर प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों के लिए भोजन पकाती है

**समाज जागरण**

गांधीनगर स्थित एक शैक्षणिक संस्थान दो बायोगैस संयंत्रों से प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों के लिए भोजन तैयार करता है, जिससे एलपीजी पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। यह दशार्ता है कि कुशल अपशिष्ट प्रबंधन ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्थिरता को सक्षम बनाता है।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत नवाचार के एक प्रभावशाली उदाहरण के रुप में, गुजरात के गांधीनगर स्थित शैक्षणिक संस्थान ने यह दशार्या है कि वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन ऊर्जा आत्मनिर्भरता और स्थिरता को बढ़ावा दे सकता है।

अडालज के पास स्थित वासुमति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्रीमती मानेकबा विनय विहार शैक्षणिक परिसर ने खाना पकाने के लिए बायोगैस आधारित प्रणाली अपनाकर पारंपरिक एलपीजी पर अपनी निर्भरता समाप्त कर दी है। परिसर में अब प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, जिनमें लगभग 250 छात्रावास के छात्र और 15 कर्मचारियों के परिवार शामिल हैं इन्हें दिन में दो बार भोजन परोसा जाता है।

संस्था दो बायोगैस संयंत्रों का संचालन करती है जिनकी संयुक्त क्षमता 90 घन मीटर प्रतिदिन है। इन संयंत्रों में संस्था के गौशाला में रखी गई 222 गायों के गोबर, रसोई के कचरे और आसपास के खेतों से प्राप्त कृषि अवशेषों का उपयोग कर-के बायोगैस बनाई जाती है जो संस्था की संपूर्ण ईंधन आवश्यकता को पूरा करती है, जिससे एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

शैक्षणिक संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि "गुजरात सरकार की संस्थागत बायोगैस संयंत्र योजना के तहत हम खाना पकाने की गैस के मामले में आत्मनिर्भर हो गए हैं। गायें पर्याप्त गोबर देती हैं, और गैस उत्पादन के बाद बनने वाले स्लरी का उपयोग खेतों में खाद के रूप में किया जाता है, जिससे पूरी तरह से जैविक खेती संभव हो पाती है। इस संयंत्र के बिना, हमें हर महीने लगभग 30 एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता होती,"

जैविक अपशिष्ट से बनी बायोगैस, खाना पकाने के लिए उपलब्ध सबसे व्यवहार्य, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल ईंधनों में से एक है। नाइट्रोजन से भरपूर उप-उत्पाद स्लरी, एक प्रभावी जैविक उर्वरक के रूप में प्रयोग की जाती है, जिससे रासायनिक पदार्थों पर निर्भरता कम होती है, लागत घटती है और मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। इस प्रकार एक ही प्रयास से दोहरा लाभ प्राप्त होता है।

गुजरात ऊर्जा विकास एजेंसी (जीईडीए) 25 से 85 घन मीटर क्षमता वाले बायोगैस संयंत्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। गैर-लाभकारी संस्थाएं 75 प्रतिशत तक सब्सिडी के लिए पात्र हैं, जिससे संगठनों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए यह परिवर्तन आर्थिक रूप से सुलभ हो जाता है।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

## चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

## प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



## किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



## दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

## गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनें घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और

फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयों को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




## सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

## सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

## चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती है. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हीं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

## खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

## ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

## अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.

# अनुसूचित जनजाति आयोग सख्त, किशनगंज जिलाधिकारी को नोटिस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) ने आरटीआई एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अनसार खां की याचिका पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। आयोग ने इस संबंध में किशनगंज के जिलाधिकारी को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, याचिका में एक अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ कथित अन्याय का मुद्दा उठाया गया है। इसमें वेतन का भुगतान न किए जाने, प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना तथा आर्थिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। याचिकाकर्ता का आरोप है कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई नहीं होने से पीड़िता लंबे समय से परेशान है। आयोग ने अपने नोटिस में स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में सभी संबंधित तथ्य, अभिलेख तथा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। समयसीमा के भीतर जवाब नहीं मिलने की स्थिति में आयोग सिविल न्यायालय के समकक्ष प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई कर सकता है, जिसमें संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत उपस्थिति भी सुनिश्चित की जा सकती है।




उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 338(क) के तहत आयोग को अनुसूचित जनजातियों से संबंधित शिकायतों की जांच करने तथा आवश्यक निर्देश जारी करने का अधिकार प्राप्त है। आयोग की इस कार्रवाई को मामले की गंभीरता के मद्देनजर महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भूमि मापी बनी 'उगाही का जरिया': दस हजार रिश्वत नहीं देने पर अमीन का इनकार, निजी व्यक्ति के जरिए वसूली के आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

27 अप्रैल 2026। किशनगंज प्रखंड के मोतीबाग वार्ड संख्या 7 से भूमि मापी के नाम पर कथित रिश्वतखोरी और गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि सरकारी प्रक्रिया अब कुछ कर्मियों के लिए उगाही का जरिया बनती जा रही है। पीड़ित के अनुसार, मौजा सुंदराणन, खाता संख्या 21, खेसरा संख्या 1/3 की भूमि के खेसरावार रकवा सुधार (परिमार्जन) के लिए करीब दो माह पूर्व आवेदन किया गया था। राजस्व कर्मचारी के निर्देश पर सरकारी अमीन के माध्यम से मापी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया तथा निर्धारित दो हजार रुपए शुल्क जमा किया गया। मापी की तिथि 11 अप्रैल तय की गई थी।




आरोप है कि निर्धारित तिथि पर अंचल अमीन अवधेश कुमार एक निजी व्यक्ति के साथ स्थल पर पहुंचे। मापी शुरू करने के बजाय उन्होंने कथित तौर पर दस हजार रुपए की अवैध राशि की मांग की। पीड़ित का कहना है कि अमीन उक्त निजी व्यक्ति को वसूली के लिए साथ रखते हैं और पूरे मामले में उसकी भूमिका संदिग्ध रही है।

पीड़ित का आरोप है कि अतिरिक्त राशि देने से इनकार करने पर अमीन ने मापी करने से साफ इनकार कर दिया और कथित तौर पर धमकी दी, तुम्हारी जमीन की मापी नहीं होगी, जो करना है कर लो। इसके बाद भूमि मापी पोर्टल पर यह रिपोर्ट दर्ज कर दी गई कि चौहद्दी नहीं मिल रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई अकेला मामला नहीं है। किशनगंज में पूर्व में भी कई राजस्व कर्मियों पर रिश्वत लेने के आरोप में निगरानी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है, इसके बावजूद भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पाया है। आरोप है कि कुछ कर्मियों द्वारा संगठित तरीके से उगाही की जा रही है, जिसमें पैसे देने वालों के कार्य प्राथमिकता से निपटाए जाते हैं, जबकि अन्य मामलों को जानबूझकर लंबित रखा जाता है।

पीड़ित ने यह भी सवाल उठाया है कि लगभग 70 वर्ष पुराने चौहद्दी का वर्तमान स्थिति से भिन्न होना स्वाभाविक है। ऐसे में बिना ठोस जांच के चौहद्दी नहीं मिल रही जैसी रिपोर्ट देना न केवल लापरवाही, बल्कि पूरे प्रकरण को संदिग्ध बनाता है। इस संबंध में अंचल अधिकारी गंगाराम टुडू ने कहा कि समय के साथ चौहद्दी में परिवर्तन संभव है तथा अमीन को मापी करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, निर्देश के बावजूद अब तक मापी नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

यह मामला स्थानीय प्रशासन की पारदर्शिता और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# बिहार में सरकारी कार्यक्रमों और स्कूलों में अब राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान और बिहार गीत अनिवार्य

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) बिहार सरकार ने राष्ट्रीयता की भावना और राज्य के गौरव को बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब सभी सरकारी कार्यक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान और बिहार राज्य गीत का गायन अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में सरकार के सचिव मो. सोहैल ने 26 अप्रैल 2026 को आदेश जारी किया है।सचिव द्वारा जारी पत्र के अनुसार अब हर सरकारी कार्यक्रम और स्कूल की शुरूआत राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' से होगी। उसके बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन बिहार राज्य गीत से होगा।आदेश में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के 11 मार्च 2016 और 12 फरवरी 2026 के परिपत्र का हवाला दिया गया है। इन्हीं के आधार पर राज्य सरकार ने यह क्रम तय किया है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीयता की भावना, अस्मिता और गौरव बढ़ाने के लिए यह कदम जरूरी है। साथ ही बिहार के गौरवशाली इतिहास की पहचान के लिए राज्य गीत का गायन भी जरूरी है।




सरकार ने सख्त निर्देश दिया है कि इसका दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# पटना के बाढ़ में पारिवारिक विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ थाना अंतर्गत सिकंदरा गांव में सोमवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ मामूली पारिवारिक विवाद में एक बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक मनीष कुमार अपने घर में सो रहा था, तभी उसके बड़े भाई रविंद्र राय ने अचानक उस पर चाकू से वार कर दिया। हमले में मनीष के पेट में गंभीर चोट आई है। परिजनों ने आनन-फानन में उसे बाढ़ स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच पिछले कुछ दिनों से अनबन चल रही थी, जिसने सोमवार सुबह हिंसक रूप ले लिया।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची। सब इंस्पेक्टर अमरनाथ सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। आरोपी रविंद्र राय फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# पटना के बाढ़ में महिला को डायन बताकर बेरहमी से पीटा, हालत गंभीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दयाचक मोहल्ला में अंधविश्वास से जुड़ी एक रूहानी वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक महिला को ह्यडायनह्न बताकर करीब 8-10 लोगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। हमलावरों ने महिला को मृत समझकर छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता अंजलि देवी ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठी थीं, तभी उनकी मौसी और मामी सहित 5 महिलाएं और 3 नकाबपोश युवक वहां पहुँचे। उन्होंने अंजलि पर 'डायन' होने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमलावरों ने बर्बरतापूर्वक मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गईं। परिजनों ने घायल महिला को तत्काल बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। अंजलि देवी के अनुसार, उनके रिश्तेदारों ने पहले भी दो बार उनके साथ मारपीट की थी और उन पर बच्चों को नुकसान पहुँचाने का झूठा आरोप लगाते रहे हैं। पीड़िता के पति दीपक कुमार ने बताया कि इस घटना से पूरा परिवार भयभीत है। घटना का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें मारपीट की तस्वीरें कैद हैं। बाढ़ थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना समाज में पैठ जमाए अंधविश्वास की कुप्रथाओं की भयावहता को दशार्ती है, जो आज के युग में भी गंभीर चिंता का विषय है।



# गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को पटना जिले के अनुमंडल कार्यालय पालीगंज में सैकड़ों गौ भक्त एकत्र हुए और अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों से भारतीय संस्कृति और राष्ट्रहित में गौवंश को राष्ट्रीय सम्मान देने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य संपूर्ण भारतीय देशी गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाना है। उन्होंने मांग की कि गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र धरोहर या राष्ट्रीय आराध्य जैसे सम्मानित पद दिए जाएं, ताकि समाज में इसके प्रति जागरूकता और संरक्षण की भावना और मजबूत हो सके। ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि गौ सेवा के लिए केंद्र स्तर पर सख्त कानून बनाया जाए और एक अलग गौ सेवा मंत्रालय का गठन किया जाए। इसके साथ ही गोचर भूमि की सुरक्षा, गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने और गौवंश संरक्षण के लिए ठोस नीति लागू करने पर जोर दिया गया। गौ भक्तों ने बताया कि गौ सेवा और गौ रक्षा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा से भी जुड़ा हुआ है। इस अभियान के तहत सुबह से ही अनुमंडल कार्यालय में बड़ी संख्या में लोग जुटने शुरू हो गए थे। इसके बाद सभी ने संगठित होकर अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। इस कार्यक्रम में निम्न गौ भक्त कुन्दन कुमार, अमरेश सिंह, गुड्डू सिंह, बिजेंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार, ओम प्रकाश सिंह, कुणाल, रजनीश, सनातन, मृत्युंजय आदि गौ भक्त उपस्थित हुए।



# नबीनगर नगर पंचायत बोर्ड बैठक का किया बहिष्कार, कार्यपालक और मुख्य पार्षद पर गंभीर आरोप

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत नबीनगर में भ्रष्टाचार और मनमानी के विरोध में उप मुख्य पार्षद सहित 6 पार्षदों ने सोमवार, 27 अप्रैल 2026 को बुलाई गई सामान्य बोर्ड बैठक का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर दिया। उप मुख्य पार्षद समेत वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी और मुख्य पार्षद पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।पार्षदों द्वारा प्रेस को जानकारी देते हुए बैठक बहिष्कार के ये कारण बताते हुए आरोप लगाया है कि कभी भी मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नियमानुसार बैठक नहीं बुलाई जाती। सामान्य बोर्ड की सूचना में एजेंडा नहीं लिखा जाता। मुख्य पार्षद के घर पर सूचना चिपकाकर खानापूर्ति कर ली जाती है।बोर्ड बैठक की न तो सोशल मीडिया, न प्रिंट मीडिया को जानकारी दी जाती है और न ही वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाती है। प्रोसीडिंग रजिस्टर में अंतिम क्लोज नहीं किया जाता। 2023-2025 तक की प्रोसीडिंग भी पूरी नहीं है।पार्षदों का आरोप है कि 2026 तक जितने भी कार्य हुए, उनमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। पार्षदों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया कि सड़क के ऊपर सड़क बनी हुई नाली के ऊपर नाली बना दी गई है जिसका साक्ष्य मौजूद है।वार्डों में प्राक्कलन के अनुसार नाली में कल्वर्ट नहीं बनाया गया। बांस के सहारे नाली की ढलाई की गई है। वहीं आवास योजना में आरोप लगाया गया कि गरीब लाभुकों को तीसरी और चौथी किस्त की राशि नहीं दी जा रही है। जबकि अपने लोगों को नया आवास देकर पहली किस्त का पैसा दिया जा रहा है। गरीब लाभुक गर्मी में झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि नगर में सफाई के नाम पर फर्जी भुगतान किए जा रहे हैं। आरोप लगाते हुए कहा गया कि महज 30 से 35 सफाई कर्मी कार्यरत है जबकि भुगतान 109 कर्मी के नाम पर किया जा रहा है।धरातल पर सफाई नहीं हो रही है।बहिष्कार करने वालों में उप मुख्य पार्षद जितेंद्र कुमार रजक, अमित कुमार, वार्ड-09 पार्षद , वार्ड-02 पार्षद मो इम्तेयाज, वार्ड 6 पार्षद मनीष कुमार ,वार्ड-07 पार्षद ज्ञानी देवी, वार्ड 9 पार्षद डोमनी देवी शामिल हैं। पार्षदों ने कहा कि जब तक कार्यपालक पदाधिकारी और मुख्य पार्षद मनमानी बंद कर नियमानुसार काम नहीं करते, तब तक बोर्ड की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पार्षदों ने बताया कि मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी औरंगाबाद और आवास एवं नगर विभाग सहित संबंधित मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। दूसरी तरफ नगर कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती से संपर्क करने पर संपर्क नहीं हो सका।



# चंडीगढ़ में तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर संपन्न, सामाजिक न्याय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बनी सहमति

चंडीगढ़, 27 अप्रैल 2026 सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर आज चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 24 से 26 अप्रैल तक चले इस शिविर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अंत्योदय का संकल्प, अमृत काल का प्रतिबिंब झ्र विकसित भारत@2047 विषय के अनुरूप सामाजिक न्याय योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन को मजबूत करने के लिए ठोस सुझावों पर सहमति व्यक्त की। समापन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह शिविर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच समन्वय और संवाद का एक प्रभावी मंच साबित हुआ। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामाजिक न्याय का उद्देश्य केवल नीतियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गरिमा, सुलभता और निरंतरता के साथ पहुँचना चाहिए।

उन्होंने बताया कि शिविर में छात्रवृत्ति वितरण, नशामुक्ति, वरिष्ठ नागरिक कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सुलभता और समावेशन जैसे विषयों पर व्यावहारिक समाधान खोजे गए। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रक्रिया सरलीकरण, बेहतर निगरानी और तकनीक आधारित सुशासन पर विशेष बल दिया गया, ताकि योजनाओं का लाभ बिना देरी के पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। तीसरे दिन जागरूकता से सुलभता विषय पर विशेष चर्चा हुई, जिसमें सार्वजनिक अवसंरचना, परिवहन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी और सेवाओं को दिव्यांगजनों सहित सभी के लिए सुलभ बनाने पर जोर दिया गया। राज्यों ने इंजीनियरों और वास्तुकारों के प्रशिक्षण, तकनीक के बेहतर उपयोग और स्थानीय निकायों की भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# पटना के गौरीचक के पास फतेहपुर में अज्ञात व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

## इलाके को किया गया सील, एफ एस एल टीम जांच में जुटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव के पास एक अज्ञात व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और दहशत का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने अज्ञात व्यक्ति को नजदीक से गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर खून के निशान और गोलीबारी के साक्ष्य बिखरे पड़े मिले। स्थानीय लोगों के अनुसार अचानक हुई इस वारदात से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार के नेतृत्व में दीदारगंज थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है, जिससे स्पष्ट होता है कि हमलावरों ने काफी नजदीक से फायरिंग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। एफएसएल टीम वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाने में लगी है और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर एंगल से जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके को सील कर दिया है और आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है और आसपास के इलाकों में भी सघन छानबीन अभियान चलाया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर घटना के पीछे आपसी रंजिश या अन्य आपराधिक कारणों की आशंका जताई जा रही है, हालांकि अभी तक किसी भी ठोस कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश में जुटी है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इलाके में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इस घटना के बाद पूरे फतेहपुर और आसपास के इलाकों में तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है, वहीं पुलिस हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है।



# भारत सरकार में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती, यूपीएससी ने मांगे आवेदन

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 27 अप्रैल 2026 संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारत सरकार के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 03/2026 के तहत भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, पदों का विवरण और आवेदन प्रक्रिया आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी 25 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026 तक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने उम्मीदवारों से अपील की है कि वे आवेदन करने से पहले विज्ञापन में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसी के अनुसार आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें।

# पटना में क्रिकेट खेलने के दौरान विवाद में किशोर की मौत

- अस्पताल में परिजनों का बवाल
- आईसीयू से शव निकाल सड़क पर रखा,तोड़फोड़ और मारपीट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के टहल टोला इलाके में 26.04.26 (सोमवार) की संध्या क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में गंभीर रूप से घायल 14 वर्षीय किशोर विशाल चौहान की इलाज के दौरान अगले दिन 27.04.26 (मंगलवार) को मौत हो गई। घटना के बाद जहां एक तरफ इलाके में शोक और तनाव का माहौल कायम हो गया, वहीं दूसरी ओर अस्पताल में परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और जमकर हंगामा, तोड़फोड़ व मारपीट की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के टहल टोला में मोहल्ले के बच्चे और किशोर आपस में मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। खेल के दौरान ही किसी बात को लेकर बच्चों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुरूआत में यह मामूली नोकझोंक थी, लेकिन धीरे-धीरे विवाद बढ़ता चला गया। इसी दौरान टहल टोला निवासी रजनीश झा (उम्र करीब 16 वर्ष), पिता नरेश झा, अपने 4-5 साथियों के साथ वहां पहुंचा और विवाद में कूद पड़ा। आरोप है कि रजनीश झा ने गाली-गलौज करते हुए खेल रहे बच्चों से उलझना शुरू कर दिया और देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। इसी क्रम में उसने क्रिकेट बैट उठाकर विशाल चौहान के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। एक के बाद एक कई वार होने से विशाल गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा और बेहोश हो गया। घटना के बाद मैदान में अफरा-तफरी मच गई और बच्चे इधर-उधर भागने लगे। विशाल के साथ मौजूद दोस्तों ने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ हालत में पड़े विशाल को आनन-फानन में उठाकर इलाज के लिए पटना के राजा बाजार स्थित पारस अस्पताल ले गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक बताई और उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। परिजन पूरी रात अस्पताल में डटे रहे, लेकिन इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक विशाल चौहान, पिता ऋषि चौहान, मूल रूप से नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत परि ऑन विष्णुपुरा गांव का रहने वाला था और वर्तमान में अपने परिवार के साथ टहल टोला में रह रहा था। परिजनों के अनुसार वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, जिसकी मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। इधर मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में मौजूद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा मौत की सही जानकारी समय पर नहीं दी गई और इलाज के नाम पर लगातार पैसे की मांग की जाती रही। इसी बात को लेकर आक्रोशित परिजन भड़क उठे। गुस्साए लोग आईसीयू वार्ड में घुस गए और अपने बेटे के शव को बेड सहित बाहर सड़क पर ले आए।




इसके बाद अस्पताल परिसर और बाहर सड़क पर जमकर हंगामा शुरू हो गया। परिजनों और उनके समर्थकों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की, स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना भी सामने आई। अस्पताल के अंदर कुर्सियां, कांच और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया गया। बाहर सड़क पर शव रखकर लोगों ने विरोध जताया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ और वहां भारी भीड़ जुट गई। अस्पताल में खड़े कई वाहनों को तोड़फोड़ किया गया।

हंगामे के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहां भर्ती अन्य मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई और कई लोग खुद को सुरक्षित जगहों पर ले जाने लगे। स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही शास्त्रीनगर थाना और फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हालात को काबू में किया और परिजनों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में मृतक के मामा ओम प्रकाश एवं परिजन राम बालक चौहान द्वारा फुलवारी शरीफ थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बालक रजनीश झा को निरुद्ध कर लिया है। पुलिस ने फुलवारी शरीफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली है. पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि आरोपी को निरुद्ध कर लिया गया है और दोनों पहलुओं– युवक की मौत और अस्पताल में हुए हंगामे–की अलग-अलग जांच की जा रही है. दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है, वहीं बच्चों के बीच बढ़ती आक्रामकता और छोटे विवाद के हिंसक रूप लेने को लेकर लोगों में चिंता और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है।